CMYK

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 22°C
सेंसेक्स 81,451.01
निफ्टी 24,750.70
सोना 98,010
चांदी 99,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, रविवार 1 जून 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 60 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 4 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## राजीव कृष्णा बने उप्र के नए डीजीपी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्णा को उत्तर प्रदेश का नया कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है। मौजूदा डीजीपी प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिला है।

राजीव कृष्णा वर्तमान में डीजी विजिलेंस के पद पर तैनात हैं। डीजीपी के चयन को लेकर अब तक संघ लोक सेवा आयोग को कोई प्रस्ताव भेजे जाने की पुष्टि नहीं है।

■ **प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिला**

डीजीपी के चयन के लिए राज्य सरकार ने पिछले वर्ष पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश के पुलिस -शेष पृष्ठ दो पर

## सीडीएस अनिल चौहान ने खोली पाक की पोल



**सिंगापुर।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के नुकसान को लेकर पाकिस्तान के दावों पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने सिंगापुर में शांगरी-ला डायलॉग के दौरान एक साक्षात्कार में उसकी पोल खोल दी है।

यहां ब्लूमबर्ग टीवी को दिए गए साक्षात्कार में जब उनसे पूछा गया कि क्या तनाव के दौरान पाकिस्तान ने भारत के राफेल समेत छह फाइटर जेट मार गिराए थे? तो उन्होंने इसे सिरे से खारिज कर दिया। इस सवाल का जवाब देते हुए सीडीएस अनिल

■ **शहबाज शरीफ के छह भारतीय जेट गिराने के दावे को बताया सरासर झूठ**

चौहान ने कहा कि जो अहम सवाल है वह यह नहीं है -शेष पृष्ठ दो पर

## विधायक अब्बास अंसारी को हेट स्पीच मामले में दो साल की सजा



**मऊ।** उप्र में मऊ जिले के सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक अब्बास अंसारी को हेट स्पीच मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी करार देते हुए दो साल की कैद और 11 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। शनिवार को एमपी-एमएलए कोर्ट न्यायाधीश डा. कृष्ण प्रताप सिंह ने सुबह ही स्व. मुख्तार अंसारी के विधायक पुत्र अब्बास अंसारी व उनके एक सहयोगी मंसूर अंसारी को हेट स्पीच मामले में दोषी करार दिया था। दोषी करार देने के साथ ही दोनों लोगों को पुलिस द्वारा अभिरक्षा में ले लिया गया। विभिन्न धाराओं में दोषी पाते हुए अब्बास अंसारी को दो साल की कैद व अलग-अलग धाराओं से जोड़े गए कुल रकम 11 हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई गई वहीं विधायक अब्बास अंसारी के इलेक्शन एजेंट व सहयोगी मंसूर अंसारी को 120बी के तहत छह माह की सजा और एक हजार रुपये का अर्थ दंड लगाया गया।




## जम्मू- कश्मीर व गुजरात समेत छह राज्यों में मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन शील्ड के तहत शनिवार को देश के 6 राज्यों जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में मॉक ड्रिल हुई। शाम 5 बजे से रात 9 बजे के दौरान एयर स्ट्राइक, अटैक और ब्लैक आउट की ड्रिल को पूरा किया गया। सबसे पहले सभी 6 राज्यों के कई जिलों में एयर स्ट्राइक, बॉम्ब ब्लॉस्ट, फायरिंग, इमारत में आग लगने पर स्थिति से कैसे निपटा जाए, इसकी ड्रिल को पूरा किया गया। पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ, फायर बिग्रेड और वॉलंटियर्स की टीमें इसमें शामिल हुईं। ड्रिल के दौरान इमारत में आग लगने पर लोगों को बाहर निकालने, घायलों को तुरंत रेस्क्यू कर मेडिकल हेल्प देने, एम्बुलेंस के जरिये उन्हें अस्पताल भेजने, इमारतों में लगी आग पर काबू पाने की ड्रिल को अंजाम दिया गया। इस दौरान बिना देर किए क्विक रिस्पॉन्स देने पर फोकस किया गया। रात 8 बजे से 9 बजे के बीच इन राज्यों में ब्लैकआउट रहा। सायरन बजने के साथ ही कई जिलों में 15 मिनट, कहीं 20 से 25 मिनट, तो कहीं 30 मिनट तक ब्लैक आउट रहा।

## अरुणाचल: भूस्खलन में सात लोगों की मौत

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी कामेंग जिले में शुक्रवार देर रात भारी बारिश के दौरान बाना और सेप्पा के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-13 पर हुए भूस्खलन में सात लोगों की मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और यातायात बाधित हो गया। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-13 के बाना-सेप्पा खंड पर हुए भूस्खलन में सात लोगों को ले जा रहा एक वाहन बह गया और गहरी खाई में गिर गया। वाहन सेप्पा की ओर जा रहा था, तभी बारिश के कारण हुए

# देश के अंतिम नागरिक तक पहुंचे न्याय:CJI

### कहा: संकट के समय देश रहा एकजुट, इसका श्रेय संविधान को

प्रयागराज, वार्ता

**भारत के** मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई (जस्टिस बीआर गवई) ने शनिवार को कहा कि न्यायपालिका हो या कार्यपालिका, देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना हमारा मौलिक कर्तव्य है।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नवनिर्मित चैंबर्स व मल्टीलेवल पार्किंग बिल्डिंग के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि संविधान के 75 वर्षों के कालखंड में न्यायपालिका और कार्यपालिका ने ऐसे बहुत से कानून बनाए हैं, जिन्होंने भारत में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया है। जमींदारों से जमीन लेकर लोगों को दी गई है। खेती करने वालों को जमीन का मालिक बनाया गया। ऐसे बहुत से कानून हैं, जिसके तहत देश के वर्किंग क्लास और लेबर क्लास को सशक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने वकीलों के लिए इतनी बड़ी सुविधा के लिए फंड्स उपलब्ध कराने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जिन्होंने भारत में एक सामाजिक न्याय की भावना से कार्य किया उनकी जयंती के अवसर पर आज इस भवन का उद्घाटन हो रहा है, यह हमारे लिए गौरव की बात है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जब 25 नवंबर 1949 को बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान का अंतिम ड्राफ्ट कॉन्स्टिट्यूशनल असेंबली के सामने रखा था, तब उन्होंने जो भाषण दिया वह हमारे देश को दिशा देने वाला था। उन्होंने उस समय एक चेतावनी दी थी कि जब तक हम सामाजिक और आर्थिक असमानता को दूर नहीं करेंगे तब तक इस देश में सही मायनों में जनतंत्र का निर्माण नहीं हो पाएगा। आज हम देखते हैं कि जो हमारे 75 साल की यात्रा रही उसमें हमारी कार्यपालिका और न्यायपालिका ने भारत में -शेष पृष्ठ दो पर



■ **न्यायपालिका और कार्यपालिका ने भारत में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया**

## सभी हाईकोर्ट के लिए आदर्श बना इलाहाबाद उच्च न्यायालय: गवई

**प्रयागराज।** सीजेआई भूषण रामकृष्ण गवई ने कहा कि देश के सभी हाईकोर्ट के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय आदर्श बना हुआ है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट परिसर में 680 करोड़ रुपये की लागत से तैयार मल्टीलेवल पार्किंग और अधिवक्ताओं के लिए तैयार वातानुकूलित चैंबर्स का शनिवार को उद्घाटन किया। उन्होंने अधिवक्ताओं के लिए 680 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले वातानुकूलित चैंबर्स और मल्टीलेवल पार्किंग के लिए सराहना की।

■ **न्यायालय परिसर में 680 करोड़ रुपये की लागत से तैयार मल्टीलेवल पार्किंग किया उद्घाटन**

## अब आतंकियों के जरिये प्रॉक्सी वॉर नहीं चलेगी

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पाकिस्तान का नाम लिए बगैर उसे साफ शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि अब आतंकवादियों के जरिये प्रॉक्सी वॉर (छद्म युद्ध) नहीं चलेगा और ऐसा होने पर उन्हें हम घर में घुसकर मारेंगे।

श्री मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की तीन सौवीं जयंती के अवसर पर यहां आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को संबोधित किया। अपने लगभग 40 मिनट के भाषण में उन्होंने अपना संबोधन महिलाओं के शौर्य पर केंद्रित रखा। साथ ही हाल में संपन्न ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब आतंकवादियों के जरिये छद्म युद्ध नहीं चलेगा। ऐसा होने पर हम उन्हें घर में घुसकर मारेंगे। आतंकवादियों की जो भी मदद करेगा, उन्हें भारी कीमत चुकाना पड़ेगी। अब प्रत्येक भारतीय कह रहा है और उनकी भावनाओं के अनुरूप अब यदि वे गोली चलाएंगे, तो इसका जवाब गोले से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में पहलगाम में आतंकवादियों ने सिर्फ भारतीयों का ही खून नहीं बहाया। हमारी संस्कृति पर भी प्रहार किया है। हमारे समाज को बांटने की कोशिश की है। आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है। ये चुनौती आतंकवादी और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है। इस हमले के बाद भारत की कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर आतंकवादियों के खिलाफ देश का अब तक का सबसे बड़ा और सफल ऑपरेशन है। श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान की सेना ने सोचा भी नहीं था, वहां आतंकी ठिकानों को हमारी सेना ने मिट्टी में मिला दिया। सैकड़ों किलोमीटर दूर तक। श्री मोदी ने कहा कि साथियों ऑपरेशन सिंदूर हमारी नारी शक्ति के सामर्थ्य का भी प्रतीक बना है। बीएसएफ का ऑपरेशन में बड़ा रोल रहा है।



■ **आतंकियों की जो भी मदद करेगा, उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी: मोदी**



## संक्षिप्त समाचार

### हरदोई में कार खाई में पलटी, पांच मरे छह की हालत गंभीर

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के मझिला क्षेत्र में शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में पिता पुत्र समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हादसा मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम भुप्पा पुरवा मोड़ के पास तड़के करीब तीन बजे हुआ जब आलमनगर मार्ग पर भुप्पा पुरवा मोड़ पर तेज रफ्तार आर्टिका कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। उन्होंने बताया कि पाली थाना क्षेत्र के पटियानीम गांव निवासी नीरज की बारात कुसुमा गांव गई थी। विवाह समारोह के पश्चात बाराती घर वापस लौट रहे थे कि यह हादसा हो गया। हादसे में कार में जितेंद्र, आकाश, सिद्धार्थ, रामू, जौहरी और छह अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार के अंदर फंसे सभी घायलों को निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने जितेंद्र, उसके पुत्र सिद्धार्थ, रामू, आकाश और जौहरी को मृत घोषित कर दिया, जबकि छह अन्य की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### खड़गे ने वन्यजीव विशेषज्ञ वाल्मीकि थापर के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रसिद्ध वन्यजीव विशेषज्ञ, लेखक एवं प्रकृति प्रेमी वाल्मीक थापर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। खड़गे ने कहा कि थापर के निधन के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। बाघ संरक्षण के अग्रणी अधिकारी रहे थापर भारत के सबसे सम्मानित वन्यजीव विशेषज्ञों में से एक थे। उन्हें वर्ष 2005 के बाघ टास्क फोर्स का सदस्य नियुक्त किया गया था। उनके परिवार, दोस्तों, वन्यजीव उत्साही और संरक्षण समुदाय के प्रति मेरी गहरी संवेदना। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने भी थापर के निधन पर शोक जताया और कहा कि वन्यजीव संरक्षण क्षेत्र में खासकर, बाघ संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले वाल्मीक थापर का निधन देश के लिए बड़ी क्षति है। आज का रणथंभौर उनकी गहरी प्रतिबद्धता और अथक उत्साह का प्रमाण है।

### विजेंद्र गुप्ता ने तंबाकू मुक्त दिल्ली का आह्वान किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को युवाओं से आह्वान किया कि वह तंबाकू-मुक्त संस्कृति के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं। विजेन्द्र गुप्ता ने 'वॉक फॉर लाइफ - क्विट टोबैको' पहल का नेतृत्व किया। यह कार्यक्रम दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन और राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में रोहिणी में पदयात्रा आयोजित किया गया। इस जागरूकता अभियान में चिकित्सा विशेषज्ञों, सामाजिक संगठनों, स्थानीय नागरिकों, छात्रों और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर गुप्ता ने तंबाकू सेवन से उत्पन्न खतरों के विरुद्ध एकजुट सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि तंबाकू की लत एक ऐसी महामारी है जिसे रोका जा सकता है, लेकिन यह आज भी अनगिनत जिंदगियों को निगल रही है और परिवारों पर बोझ बन रही है।

# कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी का भी बड़ा महत्व

**प्रयागराज, वार्ता**



■ अधिवक्ता चैंबर्स और पार्किंग भवन के उद्घाटन समारोह में बोले मुख्यमंत्री योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई द्वारा शनिवार को हाईकोर्ट परिसर में 680 करोड़ से बने अधिवक्ता चैंबर्स और पार्किंग भवन के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री ने 2017 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय में आयोजित कार्यक्रम को याद करते हुए बताया कि तब 'उन्होंने' कहा था कि सुशासन की पहली शर्त रूल ऑफ लॉ है। योगी ने कहा कि कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी का भी महत्व है। उन्होंने अधिवक्ताओं का दर्द बयां किया और कहा कि टूटे चैंबर व पेड़ के नीचे बैठने के साथ ही अधिवक्ता हर विपरीत परिस्थिति में कार्य करते हुए न्याय की जद्दोजेहद करते दिखते हैं।

उन्होंने थोड़ा मजाकिया लहजे में कहा कि अधिवक्ताओं के वातानुकुलित चैंबर उनके गुस्से को शांत करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक भारत के धर्म, ज्ञान व न्याय की भूमि के रूप में देश-दुनिया का ध्यान प्रयागराज आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि आज का दिन गौरवमयी है। आज लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती है। यह वर्ष भारत के संविधान को लागू होने का अमृत महोत्सव वर्ष भी है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज उत्तर प्रदेश में भारत के विरासत की भूमि है। मल्टीलेवल पार्किंग को लेकर उन्होंने कहा कि यह भी सफल होगी, जब उसके कुछ स्पेस का कॉमर्शियल उपयोग हो। योगी ने कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग बनती है, लेकिन कोई जाता नहीं है। बार-बार अर्बन बॉडीज से कहता हूं कि यह तभी सफल होगी, जब उसके कुछ स्पेस का कॉमर्शियल उपयोग होगा। उन्होंने बताया कि विकास प्राधिकरण ने छह वर्ष पहले गोरखपुर में मल्टीलेवल पार्किंग बनाई, वो चली नहीं। मैंने कहा कि इसके अंतिम दो फ्लोर में कॉमर्शियल स्पेस देकर इसे संचालित कीजिए। जैसे ही यह हुआ, आज पूरा कॉम्प्लेक्स फुल हो जाता है। जो लोग सड़कों पर वाहन खड़ा करते थे, वे कॉम्प्लेक्स में वाहन खड़ा करते हैं और वहां जाकर सुविधाओं का आनंद लेते हैं।

मुख्यमंत्री ने बेहतरीन व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यहां मल्टीलेवल पार्किंग के साथ अधिवक्ता चैंबर्स, कैफेटेरिया, आधुनिक किचन, कॉन्फ्रेंस की भी सुविधा मिली है। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए यह नया मॉडल हो सकता है। उन्होंने कहा जब हम लोग आए थे, तो यूपी के 10 जिलों में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट नहीं थे। नक्शा कभी मुख्य न्यायाधीश तो कभी हम लोगों को पसंद नहीं आता था। फिर हमने कार्यदायी संस्थाओं से कहा ऐसा बनाओ, जो मॉडल हो। इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाने के साथ उसमें पार्किंग व अधिवक्ता चैंबर्स बनाइए। जो प्रपोजल हमने दिया था, उसमें से सात जिलों को यहां से अप्रूवल मिल चुका है, उसके लिए 1700 करोड़ जारी कर चुके हैं। तीन अन्य जिलों के मामलों का भी न्यायालय से निस्तारण हो चुका है। उन्हें भी हम उन जिलों में दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स जब बनेगा तो वादकारी को न्यायिक कार्य से जुड़ी सभी सुविधाएं एक छत के नीचे ही मिलेंगी। अधिवक्ताओं के लिए चैंबर्स व कार पॉर्किंग भी होगी। न्यायिक अधिकारियों के लिए आवास की सुविधा भी होगी। अच्छे कॉम्प्लेक्स के निर्माण में जो प्रयास प्रारंभ हुआ है, वह मॉडल बनेगा। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर जनपदीय न्यायालयों में अधिकाधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने और अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

# अखिलेश सामाजिक मुद्दों पर गंभीर नहीं: जयवीर

**मैनपुरी, वार्ता**



उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को मैनपुरी में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की घर-घर सिंदूर भेजने की कोई योजना नही है।

मीडिया में यह गलत तथ्य प्रचारित हो रहा है। सरकार द्वारा जो शादियां कराई जा रही हैं, उनमें जो सुहाग का सामान दिया जा रहा है, उसमें पहले से ही सिंदूर की डिबिया दी जाती थी, उसमें ही सुहाग का बॉक्स सिंदूर नाम से दिया जाएगा। कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने प्रेस वार्ता में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि सोशल मीडिया में जिस महिला भाजपा नेत्री के अश्लील वीडियो वायरल होने की बात कही जा रही है, वह महिला भाजपा में नहीं है, उसे 2022 में ही भाजपा से निष्कासित किया जा चुका है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का इस प्रकरण पर बयान देना स्पष्ट करता है कि अखिलेश यादव सामाजिक मुद्दों पर भी गम्भीर नहीं हैं उनका इस मुद्दे पर बयान देना उनके हल्केपन को स्पष्ट करता है। सिंह ने कहा प्रदेश सरकार की स्पष्ट नीति है कि भू-माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई हो। गरीबों और कमजोरों की जमीन पर जो कब्जा करेगा उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।

# जम्मू-कश्मीर में कहीं बारिश, कहीं हिमपात

**श्रीनगर/जम्मू, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर में पिछले 24 घंटों के दौरान मैदानी इलाकों में बारिश हुई, जबकि ऊंचे क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी हुई और मुगल रोड को वाहनों के लिए बंद कर दिया गया।

अधिकारियों ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के पीर की गली के साथ-साथ उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में गुरेज घाटी में तुलैल और राजदान टॉप के ऊंचे इलाकों में ताजा हिमपात हुआ। श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर जोजिला दर्रे में भी में ताजा बर्फबारी हुई। उन्होंने कहा कि जम्मू क्षेत्र में भद्रवाह और किश्तवाड़ में ऊंचे इलाकों में भी ताजा बर्फबारी दर्ज की गई। इस दौरान तापमान में गिरावट आई जो सामान्य से 3 से 4 डिग्री अधिक था। उन्होंने कहा कि जम्मू-श्रीनगर के मैदानी इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने आगामी सप्ताह में आठ जून तक हल्की से मध्यम स्तर की बारिश के साथ मौसम शुष्क रहने का अनुमान लगाया है।

विभाग के एक अधिकारी ने आज कहा कि पिछले 24 घंटों में अधिकांश स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई।



उन्होंने कहा कि पुंछ, बारामूला, सांबा, जम्मू और कठुआ में तेज हवाओं के साथ बारिश दर्ज की गई। आज हल्की से मध्यम स्तर बारिश, ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी, अधिकांश स्थानों पर गरज के साथ मध्यम से भारी बारिश और कुछ स्थानों पर तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अधिकारी ने सप्ताह भर का पूर्वानुमान साझा करते हुए कहा कि एक-दो जून को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। चार-छह जून को मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा और कुछ स्थानों पर दोपहर के समय हल्की बारिश और बौछारें पड़ेंगी। सात-आठ जून को अपराह्न के समय कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ संवेदनशील स्थानों पर भूस्खलन और मिट्टी धंसने की आशंका है और तेज बारिश से कुछ स्थानों पर अचानक बाढ़ आ सकती है।

## तेज आर्थिक प्रगति के बगैर विकसित भारत की बातें हवा हवाई: प्रियंका

# जीडीपी की विकास दर घटना चिंताजनक

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ आर्थिक विकास की रफ्तार कोरोना काल के आर्थिक विकास की दर से भी कम

■ वायुसेना को चीन से ज्यादा मजबूत बनाने की सख्त जरूरत, एयर चीफ मार्शल के बयान का हवाला दिया

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर घटने पर चिंता व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि जब तक देश में आर्थिक विकास की दर तेज नहीं होगी, तब तक विकसित भारत की बातें करने का कोई मतलब नहीं है।

सुश्री वाड्रा ने कहा कि सरकार ने आज आर्थिक विकास का जो आंकड़ा पेश किया है, उसके अनुसार देश की आर्थिक विकास दर 2024-25 में साढ़े छह प्रतिशत है। आर्थिक विकास की यह रफ्तार कोरोना काल के आर्थिक विकास की दर से भी कम है। जब तक आर्थिक विकास की रफ्तार तेज नहीं होगी तब तक देश की आर्थिक प्रगति की बात करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था चार साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही। कोरोना काल के बाद यह सबसे सुस्त रफ्तार है।भाजपा सरकार आर्थिक मोर्चे पर लगातार असफल हो रही है। देश भर में उद्योग-धंधे सिमट रहे हैं। औद्योगिक उत्पादन आठ महीने के निचले स्तर पर है। पूरे देश में भयंकर बेरोजगारी है। नई नौकरियां पैदा नहीं हो रहीं। लोगों की आय घट रही है, आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ रही है, इसलिए मांग और खपत भी घट रही है। तेज आर्थिक प्रगति के बगैर विकसित भारत की बातें हवा-हवाई हैं।

कांग्रेस प्रवक्त सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025 में देश की आर्थिक विकास की दर 6.5 प्रतिशत रही जो चार साल में सबसे कम है। विकसित भारत के लिए अगले 22 साल तक हर साल 8.2 प्रतिशत की विकास दर चाहिए। सरकार के लोग 7.4 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ का हवाला देकर बरगलाएंगे, लेकिन सच यह नहीं है। पार्टी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर कहा 'अच्छे दिन' की बात करने वाले मोदी सरकार देश की अर्थव्यवस्था को डुबाने पर तुली है। आंकड़े इस बात की साफ गवाही दे रहे हैं। जीडीपी की विकास दर कम होने का मतलब है कि देश में उद्योग-धंधे मंद पड़े हैं, रोजगार के अवसर खत्म हो रहे हैं और नौकरियां कम हैं। वहीं कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि हाल में पाकिस्तान के खिलाफ हुई सैन्य कार्रवाई में वायुसेना ने अत्यंत सराहनीय और जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए आतंकवादी ठिकानों को सटीक निशाना बनाकर ध्वस्त किया, लेकिन चीन की तुलना में भारतीय वायुसेना को ज्यादा सशक्त बनाने की जरूरत है और इसके लिए अत्याधुनिक तकनीकी तथा उपकरण के इस्तेमाल पर सरकार को ध्यान देना पड़ेगा। तेलंगाना सरकार में मंत्री तथा वायुसेना में फाइटर पायलट रहे डा. उत्तम कुमार रेड्डी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में भारतयी वायुसेना ने भूमिका निभाई है और इस दौरान उसने जिस शौर्य का प्रदर्शन किया है, वह सरहानीय है और हमारी वायुसेना ने जिस तरह से असाधारण अभियान चलाकर आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया है, उस पर कांग्रेस को गर्व है। उन्होंने वायुसेना प्रमुख ए पी सिंह के हालिया बयानों को उद्धृत करते हुए कहा कि उन्होंने वायुसेना सुधार के हिसाब से कई अत्यंत गंभीर और चिंताजनक मुद्दों को उठाया है। एयर चीफ मार्शल ने देश की वायु रक्षा से जुड़े जिन महत्वपूर्ण मुद्दों की तरफ इशारा किया है, सरकार को उस पर ध्यान देने की जरूरत है। उनका कहना था कि लड़ाकू विमानों और हथियारों की आपूर्ति में भारी देरी वायुसेना के लिए एक गंभीर समस्या है। भारत रक्षा प्रौद्योगिकी और रक्षा उत्पादन क्षेत्र में चीन से पीछे है हालांकि अच्छी बात यह है कि हमारे प्रशिक्षण मानक चीन के मुकाबले बहुत बेहतर हैं।

### सैन्य कार्रवाई के दौरान विमान गिरने की बात नकारना सरकार बंद करे: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी नेता राहुल गांधी के पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के दौरान हमारे लड़ाकू विमान गिरने की बात को भले ही सरकार नकारती रही है, लेकिन अब तो खुद रक्षा प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान तथा अन्य वायु सेना अधिकारी साफ इशारा कर चुके हैं कि पाकिस्तान के साथ कार्रवाई के दौरान हमारे विमान गिरे हैं, तो सरकार को इस बारे में स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए। कांग्रेस की तेलंगाना सरकार में मंत्री, पूर्व सांसद तथा वायु सेना फाइटर पायलट रहे उत्तम कुमार रेड्डी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि लड़ाकू विमानों के गिरने की बात भले ही सरकार बराबर नकार रही है, लेकिन रक्षा प्रमुख तथा वायु सेना के अधिकारी इशारा कर चुके हैं कि विमान गिरे हैं, तो सरकार को इसे नकारना अब बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीडीएस ने खुद इसका जिक्र किया। इससे पहले एयर मार्शल भारती ने डीजीएमओ के साथ अपनी ब्रीफिंग में इसका अप्रत्यक्ष रूप से जिक्र किया था। उन्होंने खास तौर पर कहा कि लड़ाई में नुकसान होना आम बात है।

# स्वस्थ, स्वच्छ दिल्ली बनाने के लिए प्रतिबद्ध: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली, वार्ता**



100 दिन सेवा के काम करने वाली सरकार के कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री का दावा

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को स्वच्छ, स्वस्थ और गरिमामयी बनाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

गुप्ता ने शनिवार को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में '100 दिन सेवा के, काम करने वाली सरकार' के एक कार्यक्रम में कहा कि मुझे बहुत दुख होता है, जब मैं उन लोगों के बारे में सोचती हूं, जो मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठकर सुरक्षा बलों पर सवाल उठाते थे और देश के दुश्मनों से हाथ मिलाते थे। ऑपरेशन सिंदूर ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देती हूं। देश की सभी महिलाएं दुश्मन के इलाके में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के लिए सशस्त्र बलों को सलाम करती हैं। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से देश का स्वाभिमान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें झुग्गियों को सिर्फ वोट बैंक समझती थी इसलिए उनके इलाके में कोई विकास का काम नहीं किया गया, लेकिन हमारी सरकार ने पहले बजट में ही झुग्गी वाले इलाके के विकास के लिए सात सौ करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है। अब हर झुग्गी वाले इलाके में कोई न कोई काम शुरू हो गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को जब तक पक्का मकान नहीं मिल जाता तब तक वहीं रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा सम्मान के साथ उनकी हर आशाओं को पूरा करना उनका दायित्व है। उन्होंने महिलाओं को ढाई हज़ार देने का जो वादा किया गया था उसे योजनाबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। सभी योग्य पात्रों को इसका लाभ दिया जाएगा। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि पिछले दस साल में दिल्ली की जनता को जो जख्म मिले हैं उनको पांच साल में भरने की हमारी कोशिश होगी। उन्होंने कहा है कि पिछले 10 साल में दिल्ली की सत्ता में जो सरकार रही वह कूड़े के पहाड़ को एक इंच भी कम नहीं कर पाई। हमारी सरकार आने के बाद कूड़े के निष्पादन का काम तेज किया गया है। दिल्ली को ई-वेस्ट मुक्त बनाना केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी जिम्मेदारी है। सरकार ई-वेस्ट प्रबंधन को लेकर ठोस नीति और दीर्घकालिक समाधान के साथ आगे बढ़ रही है यही है हमारी सेवा और संकल्प का रास्ता है। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि पहले हर काम में भ्रष्टाचार होता था, लेकिन अब सरकार हर काम में पारदर्शिता लेकर आई है और भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिल्ली वालों को उनका हक नहीं मिला था, लेकिन हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में दिल्ली वालों को आयुष्मान योजना लागू करने का फैसला किया। पिछले 100 दिनों में आयुष्मान योजना में 3.5 लाख लोगों ने पंजीकरण करा लिया है जिसे 10 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए विस्तृत योजना बनाई है और उस पर काम किया जा रहा है। दिल्ली के सभी 250 वार्डों में प्रत्येक वार्ड चार-चार पानी छिड़काव के मशीनों को लगाया जाएगा। इसके अलावा ऊंची इमारतों पर भी एंटी-स्मॉग गन लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में यमुना केवल 48 किलोमीटर बहती है, लेकिन उसे साफ करने को पहले की सरकारों ने गंभीरता नहीं दिखाई।

# उठाव सुस्त रहने से जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा।

सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और ये पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 9000-9100 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3600-3700 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 15824 रुपये, मूंगफली तेल 17582 रुपये, सूरजमुखी तेल 16849 रुपये, सोया रिफाइंड 14871 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16190 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राजीव कृष्णा...** बल प्रमुख) चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2024 को मंजूरी जरूर दी थी, पर उसके तहत अब तक समिति का गठन भी नहीं किया गया है। ऐसे में प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार न मिलने की दशा में डीजी विजिलेंस राजीव कृष्ण को डीजीपी का सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा था। वह 1991 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष राजीव कृष्ण यूपी कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं, उन्होंने साल 1991 में पुलिस की नौकरी ज्वॉइन की थी। फिलहाल वे यूपी पुलिल में डीजी के पद पर विजिलेंस के रूप में काम करते हैं। आईएएस राजीव लखनऊ के रहने वाले हैं। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की हुई है। बता दें कि राजीव कृष्ण 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं जो कि मूल रूप से उत्तर प्रदेश के नोएडा के रहने वाले हैं। राजीव 26 जून 1969 को जन्मे थे। राजीव कृष्ण वर्तमान में सभी आईपीएस अधिकारियों में सीएम योगी के सबसे भरोसेमंद अफसर माने जाते हैं।

**सीडीएस अनिल....** कि हमारे लड़ाकू विमान गिरे, बल्कि यह है कि हमने उड़ान भरी ही क्यों? (पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर हमला करने की ओर इशारा) अच्छी बात यह है कि हमने अपनी रणनीतिक गलती को समझा, उस गड़बड़ी को सुधारा और ठीक कर लिया। इसके बाद हमने दो दिन बाद उस रणनीति को फिर लागू किया और अपने सभी जेट्स को उड़ाया और लंबी दूरी तक निशाना बनाया। (पाकिस्तान के एयरबेसों को निशाना बनाने की घटना की ओर इशारा करते हुए)। जब उनसे पाकिस्तानी पीएम शहबाज के दावे को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने इसे खारिज कर दिया। सीडीएस ने कहा कि बिल्कुल गलत, मैंने पहले ही कहा है कि यह अहम नहीं है कि हमारे लड़ाकू विमान गिरे या नहीं, अहम सवाल यह है कि इसके बाद हमने क्या किया। इससे पहले, भारतीय वायुसेना के डायरेक्टर जनरल ऑफ एयर ऑपरेशन्स एयर मार्शल एके भारती ने भी 11 मई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि लड़ाई में नुकसान होना सामान्य बात है, लेकिन हमारे सभी पायलट सुरक्षित घर लौटे। उन्होंने यह भी साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायुसेना ने पूरी ताकत से काम किया और दुश्मन को करारा जवाब दिया।

**देश के अंतिम...** समानता के साथ सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि जैसा कि मुख्यमंत्री ने भी कहा कि हमारे संविधान ने 75 वर्ष के कालखंड में देश को प्रगति की ओर मजबूती से आगे बढ़ाया है। जब संविधान बन रहा था, तब कहा गया कि संविधान बहुत ज्यादा फेडरल है। तब बाबा साहब ने जवाब दिया था कि यह ऐसा संविधान है, जो सामान्य और आपात दोनों ही स्थितियों में भारत को एक और मजबूत रखेगा। आज हम देखते हैं कि हमारे पड़ोस के देशों में क्या स्थितियां हैं और वहीं भारत आज 75 वर्षों के बाद न सिर्फ प्रगति की ओर बढ़ रहा है, बल्कि जब-जब देश पर संकट आया उस समय यह एक मजबूत और यूनाइट रहा है। इसका श्रेय किसी को देना चाहिए तो वह भारतीय संविधान को देना होगा। अपने संबोधन में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मुझे आनंद है कि भारत की उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनने के बाद पहले आधिकारिक कार्यक्रम में ही मुझे प्रयागराज की पुण्य भूमि पर आने का अवसर मिला है। प्रयागराज से हमारा बहुत नजदीक का रिश्ता रहा है। अभी मंच पर मेघवाल जी ने कहा कि योगी जी इस देश के सबसे पावरफुल और कर्मठ मुख्यमंत्री हैं। मैं कहना चाहूंगा कि इलाहाबाद की भूमि ही पावरफुल लोगों की है। विधिक क्षेत्र में इस भूमि का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाता है। स्वतंत्रता के पूर्व देश के जो चंद सबसे अच्छे वकील गिने जाते थे उसमें मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू, तेज बहादुर सप्रू ऐसे अनेक कानूनी विद्वानों का नाम लिया जाता है।

# यूपी को मिला पहला फुटवियर पार्क

**कानपुर, वार्ता**



औद्योगिक विकास के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश को पहला फुटवियर पार्क कानपुर के रमईपुर में मिला है, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा विकसित किया जा रहा है। यह पार्क लगभग 131.69 एकड़ क्षेत्र में फैला होगा और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त औद्योगिक वातावरण प्रदान करेगा।

यूपीसीडा की ओर से परियोजना के प्रथम चरण में कुल 75 औद्योगिक भूखंड विकसित किए जा रहे हैं। इनमें से 26 भूखंडों को अब 4600 रूपये प्रति वर्ग मीटर की दर से निवेश मित्र पोर्टल पर निवेशकों के लिए उपलब्ध करा दिया गया है। निवेशकों के लिए आवेंदन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाया गया है। आवेदन के समय भूमि मूल्य का 5 प्रतिशत अग्रिम देना अनिवार्य होगा। आवंटन पत्र जारी होने के 60 दिनों के भीतर 20 प्रतिशत राशि का भुगतान करना होगा, जबकि शेष 75 प्रतिशत राशि तीन वर्षों में समान वार्षिक किश्तों में 10 प्रतिशत ब्याज दर के साथ अदा की जा सकती है। समय पर पूर्ण भुगतान करने पर भूमि मूल्य में 2 प्रतिशत की छूट और एंकर यूनिट के रूप में निवेश करने पर 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। परियोजना की कुल अनुमानित लागत 80 करोड़ है। इसमें 83 एकड़ क्षेत्र में 75 औद्योगिक भूखंड, 5-46 एकड़ में दो वेयरहाउस भूखंड, पांच किलोमीटर लंबा द्वैध सड़क नेटवर्क, पांच टन प्रतिदिन की क्षमता वाला ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, 10 एमएलडी जल आपूर्ति के लिए भूमिगत स्रोत, 10 किलोमीटर लंबा आरसीसी स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज नेटवर्क और 220 केवी सबस्टेशन से 40 मेगावाट विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था शामिल है। यूपीसीडा इस परियोजना को 'प्लग एंड प्ले' मॉडल पर विकसित कर रहा है, जिसके तहत सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं पहले से तैयार कर निवेशकों को दी जाएंगी। इससे उद्योगों की स्थापना में समय और लागत की बचत होगी। यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी ने कहा कि यह पार्क उत्तर भारत में फुटवियर उद्योग के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित होगा और हजारों लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य प्रदेश में निवेशकों को विश्वस्तरीय अधोसंरचना और उद्योग के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सीएनजी सिलेंडर की मरम्मत के दौरान धमाका, कई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नंद नगरी थाना क्षेत्र के सुंदर नगरी इलाके में शनिवार शाम को एक गोदाम में सीएनजी सिलेंडर की मरम्मत के दौरान जोरदार धमाका हुआ. धमाका इतना जबरदस्त था कि गोदाम में लगे लोहे का दरवाजा टूट गया।

वहीं, इसकी चपेट में पास में खेल रहे तीन मासूम बच्चे और गोदाम में कार्यरत एक मजदूर आ गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल की टीम ने सभी घायलों को दिलशाद गार्डन के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया है. जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है । उत्तर पूर्वी दिल्ली के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि घायल बच्चों की उम्र क्रमशः ४, ७ और ९ साल बताई जा रही है, जो सगे भाई-बहन हैं और पास में ही रहते हैं. इस हादसे में गोदाम में कार्यरत एक मजदूर, अरशद (उम्र २५ वर्ष, निवासी सुंदर नगरी) भी गंभीर रूप से घायल हो गया. डीसीपी ने बताया कि हादसा करीब ४:३३ बजे के आसपास एक गोदाम में हुआ, जहां पुराने सीएनजी सिलेंडर की मरम्मत और भंडारण का काम होता था।

सूचना मिलते ही नंद नगरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तुरंत जीटीबी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है. बताया जा रहा है कि घायल अरशद सिलेंडर की मरम्मत कर रहा था, तभी विस्फोट हो गया। घटना के बाद क्राइम टीम और फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि गोदाम में सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए पुराने सीएनजी सिलेंडरों की मरम्मत की जा रही थी। पुलिस ने गोदाम मालिक के खिलाफ लापरवाही और जान को खतरे में डालने जैसी धाराओं में मामला दर्ज किया है और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है. वहीं, आसपास के लोगों में हादसे के बाद दहशत का माहौल है। स्थानीय निवा. सियों का कहना है कि यह गोदाम लंबे समय से इस तरह के खतरनाक कामों में लिप्त था। कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## शाही इमाम अहमद बुखारी की की तबीयत ठीक, अस्पताल से जल्द पाएंगे छुट्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जामा मस्जिद, दिल्ली ने शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी की मौत की खबर को अफवाह बताया है। जामा मस्जिद के सचिव अंसारुल हक ने जो बयान जारी किया है उसे बुखारी के बेटे शाबान ने इंस्टा पर शेयर किया है। इस बयान के मुताबिक इमाम बुखारी की मौत की खबर कोरी अफवाह है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया है कि उनकी तबीयत ठीक है और वे अस्पताल से जल्द छुट्टी पाएंगे। अंसारुल हक ने बयान में कहा कि अपोलो अस्पताल में भर्ती इमाम बुखारी की सेहत ठीक है और वे जल्द डिस्चार्ज होंगे।

## युवक पर चाकूओं से वार करने वाला बदमाश पकड़ा

**नई दिल्ली** पहाडगंज इलाके में हत्या की कोशिश की एक वारदात में अपराध शाखा ने ऋषभ नामक बदमाश को गिरफ्तार किया है। एसीपी पंकज अरोड़ा की देखरेख में इंस्पेक्टर वीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद तीस हजारी मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। बीते चार मई को पंकज, जय किशन, ऋषभ (वर्तमान आरोपी)और आकाश ने शिकायतकर्ता, प्रमोद पर चाकुओं से हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पीडिघ्ता के बयान और एमएलसी में दर्ज चोटों के आधार पर पहाड़गंज थाने में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज हुआ था। जिसमें पहले ही पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि ऋषभ तब से फरार था।

# ड्रग्स बेचने का विरोध करने पर नाबालिग को चाकू मारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी इलाके में ड्रग्स बेचने का विरोध करने पर एक नाबालिग पर चाकू से जानलेवा हमला किया। वारदात के बाद आरोपी मौके पर से फरार हो गए। पुलिस मामला दर्ज करके आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया है। जिसमें आरोपी दिखाई दे रहे हैं। वारदात के बाद स्थानीय लोगों में काफी रोष है,उनका कहना है कि ड्रग्स के कारण नाबालिग हाथों में चाकू पिस्टल ले रहे हैं और ड्रग्स की सप्लाई में लगे हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक घायल युवक की पहचान एल ब्लॉक में परिवार के साथ रहने वाले १५ साल के कृष्णा उर्फ कृष के रूप में हुई है। मंगोलपुरी पुलिस को शाम करीब सात बजे एल ब्लॉक में युवक को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। सडक पर काफी खून पड़ा था। पता चला कि एजाज को उसके जानकार संजय गांधी अस्पताल ले गए हैं। पुलिस ने जहां फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ठ्ठा किये। वहीं अस्पताल पहुंचकर कृष्णा के बारे में डॉक्टरों से जानकारी ली। जिन्होंने प्राथमिक उपचार के बाद एजाज की हालत गंभीर बताई। कृष्णा को पीठ के नीचे चाकू मारा गया था। कृष्णा की हालत गंभीर होता देखकर उसको सफदरजंग अस्पताल में शिफ्ट कर दिया। शुरूआती जांच में नवीन नामक युवक कृष्ण के घर के सामने ही ड्रग्स बेचने का काम करता है। जिसका कृष्णा विरोध करता था। यह भी पता चला है कि करीब दो दिन पहले कोर्ट में नवीन और एक अन्य ग्रुप की कहासूनी हुई थी। नवीन की सुबह उसी ग्रुप के लडकों ने पिटाई की थी। जिसका बदला वह लेने के लिये उस ग्रुप के लड़कों को तलाश कर रहा था। वारदात के वक्त कृष्णा उसको अकेला मिल गया। सुबह का गुस्सा उसने उसको पकडकर चाकू गोदकर निकाल लिया। वारदात के वक्त नवीन अपने आधा दर्जन साथियों के साथ इलाके में घुम रहा था।

## एक नजर

### निर्माण कार्य का उद्घाटन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** ब्रह्मपुरी वार्ड में क्षेत्रीय निगम पार्षद छाया गौरव शर्मा ने 9 पुलियों का निर्माण कार्य करने का उद्घाटन किया उन्होंने कहा कि बारिश जल्द शुरू हो सकती है इस मानसून भी समय से पहले आने शुरू हो गये है। उन्होंने कहा कि मानसूनी बारिश शुरू होने से पहले पुलियाओं का निर्माण कार्य न होने की वजह से जल भराव की समस्या हो सकती थी जो जनता के लिए परेशानी का कारण बनती लेकिन उन्होंने समय रहते एक साथ ९ पुलियों के निर्माण कार्य का उद्घाटन नारियल तोड़कर किया यह पुलिया बनाकर जल्द तैयार हो जाएंगे जिससे कि जल भराव या पानी की रुकावट की समस्या नहीं हो पाएगी।

### पत्रकारों के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक उत्थान की आवश्यकता: प्रो. के.जी.सुरेश



**नई दिल्ली।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय तथा मीडिया विंग द्वारा मीडिया कर्मियों हेतु मूल्य आधारित समाज के निर्माण में मीडिया की भूमिका के अंतर्गत श्मीडिया में जनता का विश्वास: आध्यात्मिकता के माध्यम से विश्वसनीयता का निर्माण विषय पर सेमिनार का आयोजन ब्रह्माकुमारीज के मंडावली राजयोग सेवाकेन्द्र पर आयोजित किया गया। जिसमें जन संचार संस्थान के पूर्व प्रवक्ता तथा मीडिया मेप के मुख्य संपादक प्रोफेसर प्रदीप माथुर ने कहा कि सभी संस्थाओं का मीडिया प्रभाग होता है जो संस्था के प्रचार के लिए होता है परंतु ब्रह्माकुमारी संस्था मीडिया कर्मियों के उत्थान के लिए कार्य करती है जिससे मीडियाकर्मी समाज के उत्थान के लिए कार्य कर सके। निदेशक, इंडिया हैबिटेट, आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार प्रो. (डॉ.) के जी सुरेश ने इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए कहा कि जनता को ब्रह्माकुमारी संस्था के बारे में जानने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा पत्रकारों के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उत्थान की आवश्यकता है। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी चक्रधारी दीदी ने आशीर्वचन में कहा कि स्वयं देह नहीं आत्मा समझने से हमारे संकल्प, बोल और व्यवहार में परिवर्तन आ जाएगा।

### बीइंग ह्यूमन ने दिल्ली में खोला स्टोर

**नई दिल्ली।** बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग ने दिल्ली में अपने नए रिटेल स्टोर की शुरुआत के साथ फैशन और सामाजिक सरोकार का नया संगम पेश किया है। यह स्टोर केवल खरीदारी का स्थान नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुभव है जो प्रकृति से प्रेरित है । बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग के होल-टाइम डायरेक्टर अयान अग्निहोत्री ने कहा, षदिल्ली में हमारे नए स्टोर की लॉन्चिंग हमारे विकास की यात्रा में एक रोमांचक अध्याय है। दिल्ली हमेशा से एक जीवंत और फैशन-फॉरवर्ड बाजार रहा है, और हम अपने स्टाइल और सामाजिक उद्देश्य के अनोखे मेल को राजधानी में लाकर बेहद उत्साहित हैं। सोहेल खान ने कहा, ष्बीइंग ह्यूमन की शुरुआत से ही यह केवल फैशन नहीं था ख्र यह करुणा, जुड़ाव और समुदाय की भावना का प्रतीक था। दिल्ली में खुला यह नया स्टोर इन्हीं मूल्यों का प्रतिबिंब है, जहां लोग दिल से खरीदारी कर दूसरों की जिंदगी में बदलाव ला सकते हैं।

### मुफ्त पार्किंग पहल के जरिए बीमा जागरुकता बढ़ाई

**नई दिल्ली।** भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण के २०४७ तक सभी के लिए बीमा के लक्ष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से मजबूत बनाते हुए, लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस ने राजधानी दिल्ली में साम. ुदायिक आधार पर संचालित जागरूकता से जुड़ी एक अनूठी गतिविधि शुरू की है। अपने प्रमुख अभियान, 'भरोसे का वादा, बीमा के साथ'के बैनर तले यह पहल दिल्ली में प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर मुफ्त पार्किंग की सुविधा देती है, जबकि नागरिकों को उनके दैनिक जीवन में बीमा के महत्व के बारे में संवेदनशील बनाती है। यह पहल २६ मई, २०२५ से शुरू हुई है, जो लाजपत नगर से शुरू होकर और बाद के चरणों में ओखला मेट्रो स्टेशन और नेहरू प्लेस को कवर करेगी।

### हमने मजबूत प्रदर्शन किया: सिंघानिया

**नई दिल्ली।** जनवरी-मार्च तिमाही (क्यू ४) में कंपनी का नेट प्रॉफिट ३६ प्रतिशत बढ़कर ३७.७ करोड़ रहा। अजय डीडी सिंघानिया, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ ने कहा क्यू ४ एफवाई २५ में हमने मजबूत प्रदर्शन किया, जिसमें कंपनी द्वारा अपनाई गई रणनीतिक पहलों और उद्योग की अनुकूल परिस्थितियों ने मदद की। तिमाही के दौरान, हमने कई नए ग्राहक जोड़े और बेहतर प्रोडक्ट मिक्स के कारण ईबीआइटीडीए मार्जिन और मुनाफे में पिछले तिमाही की तुलना में सुधार देखा। कंपनी का ईबीआइटीडीए ७२१ मिलियन तक पहुँच गया, जो क्यू४ में ३० प्रतिशत की वृद्धि है। इससे ईबीआइटीडीए मार्जिन ११.२१ प्रतिशत तक पहुँच गया, जो ६५ बेसिस प्वाइंट्स का सुधार है। कंपनी के बयान के अनुसार, रूम एयर कंडीशनर राजस्व का प्रमुख स्रोत बने रहे, जो कुल ऑपरेटिंग रेवेन्यू का ६४ प्रतिशत थे। प्रोडक्ट बिजनेस का योगदान भी महत्वपूर्ण रहा, जो कुल ऑपरेटिंग रेवेन्यू का ७८ प्रतिशत रहा।

### ओबीसी तय करेगा किसकी बनेगी सरकार: महादेव जानकर



**नई दिल्ली।** राष्ट्र माता अहिल्याबाई होलकर की ३००वीं जयंती राष्ट्रीय समाज पक्ष के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष महादेव जानकार के नेतृत्व में ताल कटोरा स्टेडियम में मनाया गया। इस मौके महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, जनहित किसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर दास चौरसिया सहित अनेक गणमान्य मंच पर मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महादेव जानकार ने राष्ट्र माता अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि हम सभी को राष्ट्र माता अहिल्याबाई होलकर के पद चिन्हों पर चल कर राजनीतिक और सामाजिक भागीदारी को सुनिश्चित करना है। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने विशाल जनसभा का आयोजन करने पर बधाई दी जनहित किसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर दास चौरसिया ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर सामाजिक समरसता की एक मूर्ति थीं उन्होंने कभी भी किसी जाति धर्म और पंथ के नाम पर कोई भेदभाव नहीं किया।



दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता से झारखंड विधानसभा की लोक उपक्रम समिति के सदस्य शिष्टाचार भेंट करते हुए।

# विधानसभा अध्यक्ष से झारखंड विस लोक उपक्रम समिति के सदस्यों ने की भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता से झारखंड विधानसभा की लोक उपक्रम समिति के सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट की। यह समिति राजेश कच्छप एवं संजीब सरदार के नेतृत्व में अध्ययन दौरे पर है, जो २५ मई २०२५ से ८ जून २०२५ तक पश्चिम बंगाल, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, नई दिल्ली एवं हिमाचल प्रदेश का भ्रमण कर रही है। भेंट के दौरान दिल्ली विधानसभा की लोक उपक्रम समिति के अध्यक्ष गजेन्द्र ड्राल भी उपस्थित रहे।इस मौके पर अध्यक्ष गुप्ता ने समिति के सदस्यों का स्वागत किया और राज्यों की विधानसभाओं के बीच विचारों के आदान-प्रदान और अंतर-विधान सीखने की इस पहल की सराहना की।गुप्ता ने बैठक के दौरान दिल्ली विधानसभा की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। कई नवाचारों की जानकारी दी, जिनमें विधानसभा पुस्तकालय का डिजिटली करण, विधानसभा परिसर का सौर ऊर्जा से संचालन, विधानसभा को विरासत स्थल के रूप में विकसित करने वाले अनेक योजनाएं शामिल हैं।

## फैक्टरी में रात को बनता था नकली सामान, सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ब्रांडेड कंपनियों के नकली सीपीवीसी पाइप बनाने वाली एक फैक्टरी को अपराध शाखा ने सील करे फैक्टरी के मैनेजर प्रभदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। फैक्टरी से लाखों रुपये की मशीन व कच्चा व नकली सामान भी जब्त किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी नरेन्द्र बेनीवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप तुशीर के नेतृत्व में एक पुख्ता जानकारी के बाद कंझावला गांव में छापेमारी की। छापेमारी के वक्त फैक्टरी में सादे पीवीसी पाइपों पर अवैध रूप से सुप्रीम पाइप्स, प्रिंस पाइप्स, आशीर्वाद और एस्ट्रल पाइप्स जैसी प्रतिष्ठित पाइप निर्माण कंपनियों की ब्रांडिंग की जा रही थी। मौके पर मौजूद फैक्ट्री के मैनेजर प्रभ दीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी प्रभ दीप सिंह विष्णु गार्डन में एकल परिवार में रहता है।

# आयुष्मान योजना को हमारी सरकार की पहली कैबिनेट में मंजूरी दी गईः रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकार ने अपने अहम और जिद्द के कारण दिल्ली को आयुष्मान भारत योजना से वंचित रखा। हमारी सरकार द्वारा पहली कैबिनेट में मंजूरी दी गई। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को राजधानी में लागू कर दिया गया है, जिसके तहत प्रत्येक लाभार्थी को १० लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके साथ ही 'वय वंदना योजना'के तहत ७० वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को १० लाख रुपए तक के मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। अब तक लगभग ३.५ लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं और १.५ लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिक इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। साथ ही लगभग ८० अस्पतालों को इस योजना में इम्पैनल किया जा चुका है और १,१३९ आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि दिल्ली में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को प्रभावी रूप से लागू किया जा चुका है, जिसके अंतर्गत सभी अस्पतालों में जन औषधि केंद्र खोले जा रहे है। इसके अतिरिक्त, लोकनायक अस्पताल में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करते हुए स्ड्न, छ।ज टेस्टिंग और मेडिकल जेनेटिक्स वार्ड जैसी उच्च स्तरीय यूनिट्स की शुरुआत की गई है, जिससे मरीजों को बेहतर और उन्नत उपचार मिल सकेगा।मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछली सरकार द्वारा जो मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिला है, वह अत्यंत चिंताजनक है। पिछली सरकार ने १० वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर सिर्फ दिखावा किया और आज हालात यह है की प्रति १००० जनसँख्या पर एक भी बेड उपलब्ध नहीं है । उन्होंने आगे कहा कि डब्लूएचओ के मानक के अनुसार प्रति १,००० व्यक्तियों पर कम से कम दो अस्पताल बेड होने चाहिए, लेकिन दिल्ली सरकार ने इसे अगले आने वाले वर्षों में प्रति १,००० नागरिकों पर कम से कम ३ बेड की उपलब्धता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है।

# बाइक सवार से दस लाख की लूट मामले में लूटेरे पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** साउथ रोहिणी इलाके में बाइक सवार कंपनी कर्मचारी से जबरन दस लाख रुपये की लूट की वारदात में साउथ रोहिणी और विजय विहार की संयुक्त पुलिस टीम ने आधा दर्जन बदमाशों को गिरफ्तार करके लूट की रकम से ८.६८ लाख रुपये बरामद किये हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साउथ रोहिणी पुलिस को बीते २१ मई को एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि सेक्टर-३ रोहिणी में उससे बाइक सवार बदमाशों ने दस लाख रुपये लूट लिये हैं। शिकायतकर्ता कुलदीप कुमार ने बताया कि वह कुमार रवि एंड कंपनी नामक एक सीए फर्म में कार्यरत है। वह अवंतिका मार्केट, रोहिणी में श्री बांके बिहारी ट्रेडिंग कंपनी से १० लाख रुपये एकत्र करने के बाद अपने कार्यालय जा रहा था। कार्यालय जाते समय, जब वह महाराजा अग्रसेन मार्ग, पावर हाउस के सामने, सेक्टर ३, रोहिणी पर पहुंचा। मोटरसाइकिल पर दो युवक पीछे से आए और जबरन बाइक रुकवाकर धमकी देकर बैग लूटकर फरार हो गए थे।

बैग में दस लाख रुपये रखे हुए थे। एसीपी अतुल सूद की देखरेख में एसएचओ अजय कुमार और एसएचओ ज्ञानेश्वर सिंह व इंस्पेक्टर सुशील शर्मा के निर्देशन में पुलिस टीम को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने अवंतिका मार्केट, रोहिणी में श्री बांके बिहारी ट्रेडिंग कंपनी से लेकर घटनास्थल तक के रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज में एक मोटरसाइकिल पर तीन युवक भी शिकायतकर्ता का पीछा करते दिखाई दिये। शिकायतकर्ता से बैग छीनने वाले कथित व्यक्तियों की पहचान जतिन तिवारी उर्फ लंगड़ा और राहुल के रूप में हुई।

# ऑल पत्रकार एसोसिएशन यमुनापार ने मनाया हिन्दी पत्रकारिता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** एवान ए गालिब में हिंदी पत्रकारिता दिवस के मौके पर ऑल पत्रकार एसोसिएशन यमुनापार दिल्ली ने पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया स सम्मान समारोह मे देश की कई बड़ी हस्तियाँ शामिल हुई। प्रोग्राम मे दिल्ली और कई कई राज्यों से पत्रकारों ने शिरकत लड़ अपनी समस्याओ को रखा और सरकार से कई मांगे रखी स प्रोग्राम मे मुख्यातिथि के तौर पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित जितेंद्र कुमार शंटी व वरिष्ठ अतिथि के रूप मे हरियाणा सरकार के सचिवालय मे कार्यरत आई ए एस अधिकारी रानी नागर, जर्नलिस्ट टुडे अखबार के संपादक जावेद रहमानी, वेबवार्ता न्यूज एजेंसी के संपादक सईद अहमद, सुप्रीम कोर्ट मे कार्यरत व सीमा हैदर के वकील डॉ ए पी सिंह दिल्ली नगर निगम की स्थाई समिति के सदस्य आमिल मलिक, मुबीटेक पे के सी ई ओ जितेंद्र शर्मा, पूर्व डिप्टी डायरेक्टर सफदरगंज हॉस्पिटल डॉ सय्यद अहमद खान शामिल हुए स अतिथि के तौर पर भाजपा नेता अनीस अंसारी, एम बी एंड डोफीन सिक्योरिटी के डायरेक्टर महावीर शर्मा, हाईकोर्ट से मिस हिना परवीन, कड़कड्डूमा कोर्ट से रेनू शर्मा, भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार, भारतीय सम्पूर्ण क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, एच एन सिंह एडवोकेट आदि शामिल हुए स इस प्रोग्राम का आयोजन लोकतंत्र का पाया (मीडिया समूह) के संपादक शमशाद अली मसूदी, जन सेवा क्रांति फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहतरमा हुस्ना हाशमी,डोफीन मीडिया के प्रोडयूसर जावेद आलम, एम के एस २४ न्यूज के सम्पादक नौशाद अंसारी ने मिलकर किया स प्रोग्राम को सफल मे विचार आप तक के सम्पादक आरिफ खान, पत्रकार रूबी न्यूटन, पत्रकार रानी खान मीडिया काउंसिल से मौलाना अब्दुल रशीद, शाहिद खान तहसीनी, पत्रकार अरुण कुमार का अहम योगदान रहा है।

## सबक सीखाने को की थी लूटपाट, पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सराय रोहिल्ला इलाके में घर में घुसकर गोली मारने की धमकी देकर तीस हजार रुपये लूटने की वारदात में अपराध शाखा ने अभिषेक उर्फ पंजा को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल 15 अगस्त को, चार बदमाशों ने सराय रोहिल्ला स्थित एक घर में घुसकर गोली मारने की धमकी देकर शिकायतकर्ता पर हमला किया और ३० हजार रुपये लूट लिये थे। वारदात में शिकायतकर्ता को काफी गंभीर चोट लगी थी। आरोपी दीपांशु उर्फ साहिल और अविनाश को हथियार और ३३,२४० रुपये के साथ मौके पर ही पकड़ लिया था।

हालांकि, अभिषेक उर्फ पंजा और कविश किसी तरह से मौके पर से फरार हो गए थे। बाद में अभिषेक उर्फ पंजा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया, जो फरार रहा।

## तंबाकू का इस्तेमाल सेहत के लिए जहर जैसा खतरनाक: डॉ.कालरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** हमारी जिन आदतों को सेहत के लिए सबसे खतरनाक और जानलेवा माना जाता है, धूम्रपान उनमें से एक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, तंबाकू का किसी भी रूप में इस्तेमाल सेहत के लिए जहर जैसा खतरनाक है। चाहे आप गुटखा के रूप में इसे चबाते हैं या सिगरेट के रूप में धूम्रपान, सभी से आपके शरीर को नुकसान हो रहा है। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर कीर्ति नगर स्थित कालरा अस्पताल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अस्पताल के डायरेक्टर एवं दिल के मशहूर डॉक्टर आरएन कालरा ने कहा कि सिर्फ एक सिगरेट क्या बिगाड़ सकती है? ये सवाल अक्सर लोगों के मन में आता है, लेकिन इसका जवाब है- आपकी पूरी जिंदगी। तंबाकू का सेवन और धूम्रपान न केवल आपको कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के करीब ले जाते हैं, बल्कि यह आपके शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाते हैं। तंबाकू के कारण सेहत को होने वाले नुकसान, बीमारियों के बढ़ते खतरे के बारे में लोगों को जागरूक करने और तंबाकू छोड़ने को लेकर लोगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हर साल ३१ मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इसका उदेश्य यह है कि लोग इस बुरी आदत को हमेशा के लिए छोड़ने की कोशिश करें।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** दर्द और खुशी के आंसुओं से भरे एक भावनात्मक माहौल में, धर्मशिला नारायणा अस्पताल के हेड एंड नेक कैंसर सपोर्ट ग्रुप ने ३१ मई को 'तम्बाकू के खिलाफ एकजुट' कार्यक्रम के जरिए दिखा दिया कि इलाज सिर्फ दवाओं से नहीं होता असली इलाज समझ, साथ और उम्मीद से होता है। इस विश्व 'तम्बाकू निषेध दिवस पर आयोजित इस आयोजन में १५० से अधिक मरीजों, कैंसर से जीतने वालों, उनके परिवारों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। अस्पताल का ऑन्को ओपीडी रिसेप्शन एरिया एक उम्मीद और अपनेपन से भरे स्थान में तब्दील हो गया। इस कार्यक्रम के सबसे असरदार पल तब आए जब कैंसर से लड़ चुके, हरिंदर, मनोज जैन और पुष्पिंदर ने अपने जीवन के संघर्षों को साझा किया। जब हरिंदर ने बताया कि उन्हें कभी लगा था उनकी आवाज अब किसी काम की नहीं रही, और जब मनोज ने बताया कि कैसे उनके परिवार का साथ उनके लिए एक जीवन रेखा बन गया, पूरा कमरा भावुक हो उठा।

## लापता मां-बेटी को नोएडा से सकुशल तलाशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत महिला और उसकी तीन साल की बेटी को उसके परिवार वालों से मिलवाया है। दिल्ली पुलिस ने इनको तलाशने के लिये बीस हजार रुपये का भी इनाम घोषित कर रखा था।

पिछले साल २० दिसम्बर २०२४ को,मुखर्जी नगर इलाके से दोनों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। एसीपी भगवती प्रसाद की देखरेख में इंस्पेक्टर कश्मीरी लाल के निर्देशन में पुलिस टीम ने परिवार,रिश्तेदारों से पूछताछ करके कई कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच की। जिसके बाद महिला को उसकी बेटी के साथ सेक्टर-७३, नोएडा, यूपी से सकुशल बरामद कर लिया।

## संत दर्शन सिंह जी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** महान सूफी-संत शायर दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज (१४ सिंतबर, १९२१-३० मई, १९८९) के ३६वें बरसी भंडारे का कार्यक्रम कृपाल बाग, दिल्ली में आयोजित किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भाई-बहन उनकी याद में एकत्रित हुए और उन्होंने उनके साथ बीते अपने रूहानी अनुभव बताते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने विडियो द्वारा प्रसारित सत्संग में कहा कि, संत दर्शन सिंह जी महाराज ने अध्यात्म की पुरातन तालीम को एक नए अंदाज में इतनी सरल भाषा में प्रस्तुत किया कि विश्वभर के लाखों लोग पिता-परमेश्वर की ओर वापिस जाने के मार्ग पर चलने तैयार हो गए। जब भी हम संत दर्शन सिंह जी महाराज को याद करते हैं तो उनका स्वयं का जीवन और उनकी शिक्षाएं आज भी दुनियाभर में फैले लाखों शिश्यों का मार्गदर्शन करती हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# नौचंदी मेला: पटेल मंडप में पहली बार विशाल श्री खाटू श्याम संकीर्तन का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ऐतिहासिक मेला मां नौचंडी पटेल मंडप में श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट जागृति विहार द्वारा पहली बार विशाल श्री खाटू श्याम संकीर्तन हुआ। बाबा श्याम का कोल. काता के फूलों से श्रृंगार हुआ तथा मां दुर्गा एवं राम दरबार सजा। मुख्य अतिथि महापौर हरिकांत अहलूवा. लिया, कैंट विधायक अमित अग्रवाल द्वारा ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभ आरंभ हुआ। बाबा की ज्योत का आह्वान अनिल गोयल संस्थापक द्वारा खाटू जी की तर्ज पर लो आ गया खाटू वाला भजन तथा इत्र वर्ष से



आह्वान किया गया तथा खाटू नरेश को 56 भोग के साथ नौचंदी का मशहूर हलवा पराठा एवं नानखटाई का भोग लगाया। सभी भक्तों ने ज्योति में बाबा के दर्शन किए फिर बिजनौर से आई सुप्रसिद्ध भजन गायक आकांक्षा मित्तल के भजनों पर भक्त झूम उठे, रॉबिन भारद्वाज अनूप शहर द्वारा भोले की बारात गाकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया, विकी अलबेला ने माता की 'लहर लहर लहराए चुनरिया' भजन गाया, भक्त भावुक हो उठे। अनुज मोहित गढ़मुक्तेश्वर द्वारा बाबा का धमाल पर भक्त झूम उठे, ज्योति सैनी बजने लगे सभी ढोल नगाड़े भजन पर बाबा का स्वागत किया, ऐश्वर्या वर्मा, अक्षित वशिष्ठ के 'भजन आया सांवरिया सरकार न लिले पर चढ़के' भजन पर पूरा मंडप खाटू नरेश की जय जयकार से गूंज उठा, सोनू सैनी सात सुर के म्यूजिकल ग्रुप की धुन पर भक्त झूमते रहे। बुजुर्गों की पुरानी यादें ताजा हो गई कि कितने वर्ष बाद हम नौचंदी देखने आए हैं। इस बार बाबा श्याम के भजनों के साथ नौचंदी का आनंद भी आया। साथ ही समय शाम खिचड़ी का आनंद लिया। इस कीर्तन में मवाना, किला, सरधना, हापुड़, खरखौदा, शाहजहांपुर के अलावा दूर-दूर से भक्त आए। कार्यक्रम में सेवादार उमेश वर्मा, दीपक कुमार, राहुल अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, नरेंद्र, आलोक सिसोदिया आदि मौजूद रहे। इस दौरान अपर नगर आयुक्त लवी त्रिपाठी, मेला समिति सदस्यगण नरेन्द्र राष्ट्रवादी, अंकुर गोयल, राकेश गौड़, नासिर सैफी उपस्थित रहे।

# लापता बाप की तलाश में दर-दर भटक रहा बेटा, बरामदगी की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में एक बेटे ने आपने बाप को ढूंढने के लिये पुलिस और जनता से गुहार लगाई है और बेटा अपने बाप की तलाश में दर-दर भटक रही है। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के समर गार्डन मदीना कॉलोनी अबूबकर मस्जिद के पास रहने वाले युवक सुहैल ने बताया कि पिताजी जरीफुदीन पुत्र असगर अली तीन अगस्त 2024 को गायब है। बेटे सुहैल ने बताया कि उनके पिताजी जरीफुदीन यह कहकर घर से निकला कि जानी जा रहा है और जल्द ही आ जायेगा। जिसके के बाद जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंचे तो उनकी तलाश करना शुरू कर दिया



आसपास और रिश्तेदारियों में खोजना निकल पड़े लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद वह थाना पहुंचकर पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर देकर तलाश करने की गुहार लगाई लेकिन पिताजी का आजतक नहीं लग पाया। बेटा अपने पिताजी को खुद सभी जगह घूमकर तलाश कर रहा है। वहीं बेटा सोहेल और पूरा परिवार का भी हाल बेहाल है और उनकी चिंता परिवार वालों को सता रही सकुशल वापसी की राह देख रही है। बेटे सुहैल ने बताया कि पिताजी की कोई भी जानकारी समर गार्डन मदीना कॉलोनी नियर अबूबकर मस्जिद थाना लिसाड़ी गेट मेरठ अथवा मोबाइल नंबर 75009 89133 पर देगा तो जानकारी देने वाले को बेटा अपनी इच्छा अनुसार एक छोटी सी रुपए की धनराशि देगा।

## मेरठ प्रेस क्लब में मनाया हिंदी पत्रकारिता दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को हिंदी पत्रकार दिवस के उपलक्ष में मेरठ के मंगल पांडे नगर स्थित प्रेस क्लब में पत्रकार बंधुओं ने मेरठ पत्रकार प्रेस क्लब के अध्यक्ष राहुल ठाकुर और मुख्य संरक्षक राजेंद्र चौहान की अध्यक्षता में हिंदी पत्रकारिता दिवस के मौके पर एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पत्रकारिता को लेकर कई पत्रकार बंधुओं ने अपने-अपने विचार प्रकट किए है। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार गोपाल त्यागी, अनिल बादली सुनील बादली, संतराम पांडे, मुकेश गुप्ता, पंडित शैलेंद्र कुमार शर्मा, चांद सैफी, गौरव गोयल, तरुण आहूजा, सुमित ठाकुर, इजहार अहमद, प्रशांत वर्मा, श्रीपाल तेवतिया, मुकेश ठाकुर, रवि ठाकुर अक्षय चौधरी, नितिन जाटव, हंसमे आलम, आकाश कुमार, विश्व बादली आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा सांस्कृतिक कार्यक्रम व जागरूकता रैलियों का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** शनिवार को अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मेरठ क्षेत्र हरसमाजके लोगोंने बड़े धूमधाम से मनाई मेरठ देहरादून हाईवे स्थित दायमपुर गांव के निकट अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को को फूलमाला पहनाई काफी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने अहिल्याबाई होल्कर की जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनाई। दायमपुर में स्थित देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित कर समिति सचिव रविंद्र पाल ने बताया कि दायमपुर स्थित अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर सामाजिक संगठनों द्वारा उनके जीवन और योगदान को याद करते हुए विविध कार्यक्रमों का



आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अलग अलग कई स्थानों पर श्रद्धांजलि सभा, संगोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में वक्ताओं ने अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श शासन, धार्मिक सहिष्णुता और समाज सेवा की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक आदर्श महिला शासक बताया। उनके द्वारा किए गए मंदिर निर्माण, धर्मशालाएं, कुएं, तालाब और जनकल्याणकारी कार्यों की भी चर्चा की गई। कुछ संस्थाओं ने गरीबों को भोजन, वस्त्र और शिक्षा सामग्री वितरित कर उनके सेवा भावना को स्मरण किया। यह जयंती समारोह न केवल अहिल्याबाई के प्रति सम्मान का प्रतीक रहा, बल्कि वर्तमान समाज के लिए उनके मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा भी बना। इस दौरान अध्यक्ष रामकुमार पाल, पुनित पाल, प्रदीप पाल, रविंद्र पाल, सुभाष जाटव दायमपुर आदि मौजूद रहे।

## पेंशन से सम्बन्धित समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए 14 जून को आयोजित की जाएगी पेंशन अदालत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमांचल डिस्कांम पेंशनर्स की पेंशन/पारिवारिक पेंशन से सम्बन्धित समस्याओं का हर संभव समाधान प्रदान करने के लिये, प्रतिबद्ध है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि., मेरठ के सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों की पेंशन/पारिवारिक पेंशन से सम्बन्धित समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए, पेंशन अदालत का आयोजन माह जून में द्वितीय शनिवार दिनांक 14 जून को डिस्कॉम मुख्यालय ऊर्जा भवन मेरठ पर, प्रातः 11 बजे किया जायेगा, जिससे कि विद्यमान नियमों के अन्तर्गत पेंशन/पारिवारिक पेंशन से सम्बन्धित समस्याओं का 'पेंशन अदालत' के माध्यम से निस्तारण कराया जा सके। इस सम्बन्ध में कारपोरेशन (मुख्यालय), शक्ति भवन, लखनऊ द्वारा त्रैमासिक पेंशन अदालत का आयोजन (मार्च, जून, सितम्बर एवं दिसम्बर) माह के द्वितीय शनिवार को किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। पेंशन अदालत में दर्ज कराये जाने वाली शिकायतों का मौके पर ही, नियमानुसार हर संभव समाधान सुनिश्चित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी, सम्बन्धित पत्रों/अभिलेखों सहित पेंशन अदालत में ससमय प्रतिभाग कर, लाभान्वित हो सकतें हैं।

## रामेश्वर महादेव मंदिर कंकरखेड़ा से निकाली गई विशाल शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रामेश्वर महादेव मंदिर श्री दीवान चंद एनक्लेव कंकरखेड़ा में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा का उद्घाटन कंकरखेड़ा व्यापार संघ वरिष्ट भाजपा नेता नीरज मित्तल ने नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया। शोभायात्रा में बैंड बाजे के साथ शंकर पार्वती जी का मुख्य डोला फूलों से शोभायमान व आकर्षित कर रहा था, 108 महिलाएं कलश लेकर चल रही थी, माँ काली जी की झांकी नृत्य करते चल रही थी, मुख्य बाजार में व्यपारियो द्वारा फूलों की वर्षा से स्वागत किया गया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से जॉनी मित्तल, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, राजेश खन्ना पूर्व पार्षद, रिंकू गोयल, चिराग गुप्ता, सोनू गुप्ता, सुधीर तोमर, रामनिवास चौधरी, नरेंद्र चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, राजबीर सिंह, सुनील भारद्वाज, मनमोहन हरदोई, जतिन ठाकुर, शुभम त्रिपाठी आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## आपत्तिजनक पोस्ट से मुस्लिमों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** ईद-उल-अजहा पर कुर्बानी को लेकर इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित की गई है। पोस्ट प्रसारित करने वाला युवक कस्बा शाहजहांपुर का बताया जा रहा है। शनिवार शाम 6:30 बजे इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट प्रसारित हुई है। जिसमें लिखा है कि 'छह जून को ईद है, कुर्बानी के लिए जो गऊमाता को ले जाता पकड़ा गया, ध्यान रखना अल्ला बचाने नहीं आएगा, ना ट्रक टायरों पे जाएगा, ना ड्राइवर पैरों पे जाएगा।' गऊ रक्षा दल पोस्ट करने वाला युवक कस्बा शाहजहांपुर के मोहल्ला अहेरिया निवासी सतबीर राजपूत अहेरिया बताया जा रहा है। पोस्ट को लेकर शाहजहांपुर के मुस्लिमों में रोष है। इंस्पेक्टर बृजेश पांडेय का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# संगीत सोम ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में चेयरमैन प्रत्याशी मोहन सैनी द्वारा 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सरधना के पूर्व विधायक मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सरधना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ठाकुर संगीत सिंह सोम ने सम्मान समारोह में क्षेत्र के 10वीं और 12वीं कक्षा के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान मोहन सैनी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है। समारोह में विधायक सोम ने छात्रों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की प्रगति का मूल आधार है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे मेहनत और ईमानदारी से पढ़ाई करें और अपने माता-पिता, गुरुजनों और समाज का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक, शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। विधायक सोम ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि वे हमेशा शिक्षा और



युवाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करते रहेंगे। इस अवसर पर उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सरधना क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार हो रहा है और सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ छात्रों को मिल रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करें और उन्हें अच्छे संस्कार दें, ताकि वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। कार्यक्रम के अंत में छात्रों और अभिभावकों ने विधायक सोम का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों को नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम से पहले संगीत सोम लावड़ में भाजपा के पूर्व नामित सभासद लाल सिंह सैनी के आवास पर गए और उनसे औपचारिक भेट की। इस दौरान मोहन सैनी,यादराम जाटव, मोहित शर्मा, प्रवीण बजरंगी, मनोज गोयल, टिंकू, हजारी लाल आदि लोग मौजूद रहे।

## हंसापुर में जय विलास फार्म हाउस में होगी सपा की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव हंसापुर में एक जून यानी आज सपा की समीक्षा बैठक होगी। जिसमें हस्तिनापुर विधानसभा एवं मीरापुर विधानसभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। समीक्षा बैठक की जानकारी देते हुए सपा के वरिष्ठ नेता कुंवर देवेंद्र सिंह ने बताया कि एक जून को यानी आज जय विलास फार्म हाउस के प्रांगण में आगामी होने वाले चुनाव को मध्य नजर रखते हुए समीक्षा बैठक होगी। जिसमें लखनऊ एवं मेरठ जिला तथा क्षेत्र के गणमान्य विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिसमें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर पीडीए पर चर्चा होगी।

# परिवार की खुशहाली के लिए धूमपान से करें तौबा

## एसपी ने पुलिस कर्मियों को दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शनिवार को विश्व तंबा. कू निषेध दिवस पर पुलिस कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तंबा. कू और धूमपान के सेवन से मुक्त रहने की शपथ दिलाई गई।

एसपी अमित कुमार आनंद के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों ने न केवल स्वयं तंबाकू और धूम्रपान से दूर रहने का संकल्प लिया, बल्कि अपने परिवार, परिजनों और समुदाय को भी तंबाकू के उपयोग से बचाने के लिए प्रेरित करने का वायदा किया। एसपी ने तंबाकू के सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तंबाकू के उपयोग से न केवल व्यक्ति का स्वास्थ्य प्रभावित होता है, बल्कि यह आसपास के लोगों के लिए भी खतरनाक है। तंबा. कू का सेवन कैंसर और हृदय संबंधी बीमारियों का प्रमुख कारण है।

# समर कैंप में बच्चों ने सीखीं रचनात्मक गतिविधियां

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के रॉयल स्कॉलर्स एकेडमी में दस दिवसीय समर कैंप का शानदार समापन हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भाग लिया और सबकी सराहना प्राप्त की। समर कैंप में बच्चों ने

**■ रॉयल स्कालर्स एकेडमी में हुआ कैंप का समापन**

डांस, क्रिकेट, खो-खो एवं आर्ट एंड क्राफ्ट जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गईं, जिसमें नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। समर



कैंप में लीना प्रभाकर, कविता, मंचल चौहान, रितू सिंह और के. स्पोर्ट्स के अध्यक्ष संदीप यादव का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य समीर प्रभाकर ने बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए स्टॉफ का मनोबल भी बढ़ाया।

## बहन को बरामद करने की लगाई गुहार

**रहरा।** नाबलिग को युवक बहला फुसलाकर ले गया। भाई ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर बहन को बरामद करने की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक ने थाने में तहरीर देकर बहन के बरामद करने की मांग की है। उसका कहना है कि उसकी नाबालिग बहन को अज्ञात व्यक्ति फुसलाकर ले गया। जिस समय उन्हें उसके गायब होने की जानकारी लगी तो रिश्तेदारियों व अन्य परिचितों के यहां तलाश किया। लेकिन नाबालिग का कोई सुराग नहीं लगा है। उधर 17 वर्षीय किशोरी के गायब होने से गांव में तरह-तरह की चर्चाएं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर किशोरी के गायब होने से परिजन बुरी तरह परेशान है।

## एक नजर

### अहिल्याबाई से मिलती है सेवा व समपर्ण की सीख



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जन्म जयंती के अवसर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने अपनी निधि से कुमराला पुलिस चौकी के पास निर्मित माता अहिल्याबाई होल्कर के द्वार का लोकार्पण किया। उन्हांने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर न्यायप्रिय शासन की प्रतीक थीं। उन्होंने मंदिरों, ज्योर्तिलिंगो का जीर्णोद्धार कराया तो वहीं साथ ही महिला सशक्तीकरण के लिये भी काफी कार्य किया। इस मौके पर भाजपा नेता अभिनव कौशिक, पाल सभा के जिलाध्यक्ष मदनपाल सिंह, संयोजक अंकुश पाल, रवि पाल, विपिन पाल, देवेन्द्र पाल, महेन्द्र सिंह प्रजापति, सुनील गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### दो लाख के लिए विवाहिता को निकाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** नगर के मोहल्ला शफातपोता में आफताब हैदर का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी अलीशा की शादी 13 जुलाई 2021 को बिजनौर जनपद के खोड़पुरा गांव निवासी अब्बास के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले अलीशा को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। दहेज में दो लाख रुपये लेने के बाद भी रवैया नहीं सुधारा। कई बार दोनों परिवारों के बीच समझौता हो चुका है। 15 मई को अलीशा अपनी ससुराल गई तो ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में पति अब्बास, ससुर मजहर अब्बास, सास तचीर, ममेरी सास हुमा, चचेरा ससुर भूरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### किसान के बेटे को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** घर के बाहर खड़े किसान के बेटों को पीटकर घायल कर दिया। मामले में चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना गांव डिडौली की है। यहां पर किसान दिलशाद का परिवार रहता है। बीती 27 मई की शाम उनके बेटे अरसलान और अलशनद घर के बाहर खड़े थे। आरोप है कि गांव के रहने वाले निसार, अरबाज, फैजान और गुलशन ने उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। भीड़ लगने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की पुष्टि की।

# फर्जी हैल्थ बीमे के नाम पर 11.21 लाख वसूले

## निजी बीमा कंपनी ने निजी अस्पताल संचालक के विरूद्ध दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एक निजी अस्पताल ने कार्पोरेट कम्पनियों के कर्मचारियों के ग्रुप हैल्थ पॉलिसी के फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करके बीमा कंपनी से 11.21 लाख रूपये की राशि हड़प ली। कंपनी को संदेह हुआ तो भेजे गए 13 क्लेमों की जांच पड़ताल कराई गई, जिसमें फर्जीवाड़ा सामने आया। कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि की ओर से राजीव अस्पताल के संच. ालक डॉ.राजीव सैनी के विरूद्ध मुक. दमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। जूनो जनरल इंश्योरेंस कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि अर्ध्य कुमार गौतम द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप है कि उनकी कंपनी कार्पोरेट कंपनियों के कर्मचारियों के स्वास्थ्य

**■ पहले किए गए दावों के 26.90 लाख रूपये का भुगतान भी शक के दायरे में आया**

संबधी बीमा को कवर करती है, जिसके माध्यम से कर्मियों को कैशलेस उपचार मिलता है, संबधित अस्पतालों को पॉलिसी के नियम व शर्तों के अनुसार धनराशि भेज दी जाती है। आरोप है कि गजरौला स्थित राजीव अस्पताल के संचालक डॉ. राजीव सैनी ने 13 क्लेम दावे किए, जिनकी जांच में पाया गया कि यह दावे धोखाधड़ी करके प्रस्तुत किए गए हैं और इनमें लगाए गए दस्तावेज कूटरचित हैं। इनका भुगतान 11.21 लाख रूपये भी राजीव अस्पताल ने अपने खाते में लिया, जबकि ये दावे धोखाधड़ी के पाए गए हैं। कंपनी प्रतिनिधि का यह भी आरोप है कि जब कंपनी के द्वारा बनाए गए जांच दल ने अस्पताल संचालक आदि से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने जांच में कोई सहयोग नहीं किया। शनिवार को पुलिस ने जूनो कंपनी के प्रतिनिधि की तहरीर पर राजीव अस्पताल के संचालक डॉ.राजीव सैनी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्रतिनिधि ने बताया कि इस अस्पताल को पहले भी हमारी कंपनी द्वारा 26.90 लाख रूपये की धनराशि क्लेम के आधार पर दी गई है, जिसकी जांच भी अब कराई जाएगी। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मुक. दमा दर्ज करने के बाद मामले की जांच की जा रही है।

## बाइक सवार महिला पर किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** पति के साथ दावत में शामिल होने जा रही महिला के माथे पर ईट मारकर युवक ने घायल कर दिया। जिससे गंभीर हालत में रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार संभल जनपद के गांव नारंगपुर का रहने वाली हरीश शर्मा पत्नी कामिनी को साथ लेकर बाइक से दावत में शामिल होने जा रहा था। जिस समय उसकी बाइक कस्बे के समीप पहुंची तो यहां के रहने वाले गौरव ने बाइक पर ईंट फेंकनी शुरू कर दी। एक ईंट कामिनी के माथे पर लगी। जिससे वह लहूलुहान हो गई। विरोध कराने पर आरोप युवक ने दम्पति के साथ गाली गलौच की। तहरीर पुलिस को दे दी गई है। महिला को गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर किया गयाहै।

# नशा त्यागकर जिएं स्वस्थ जीवन

## सीएचसी में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नशा मुक्ति अभियान में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि नशा करने वालों को वृद्धावस्था से पहले ही कई गंभीर बीमारिया घेर लेती है।

शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्र प्रभारी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह ने कहा कि तंबाकू का सेवन करने से तरह-तरह की बीमारियां जन्म ले लेती हैं। उन्होंने बताया कम उम्र में नशा करने वालों को वृद्धावस्था से पहले ही कई गंभीर बीमारियां घेर लेती है। इनमें हृदय लोग ब्लड प्रेशर कैंसर शुगर और लीवर की बीमारियां हैं। उन्होंने कहा कि जब बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति उनके पास पहुंचते हैं तब तक बीमारियां गंभीर रूप धारण कर लेती हैं। नशे की लत से व्यक्ति न केवल शारी. रिक बल्कि सामाजिक आर्थिक और नैतिक पतन भी होता है। उन्होंने बताया कि 31 में को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर डॉक्टर प्रियंका सिंह मनोज जोशी डॉक्टर अंजु डॉक्टर हमैरा आदि मौजूद थे।

# 24 घंटे में 56 कोरोना के नए मामले

■ घबराने की नहीं सतर्क रहने की जरूरत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच गंभीर रूप से बीमार इसकी चपेट में आकर दम तोड़ना शुरू कर दिया है। बीते दो दिनों में दिल्ली में दो मरीजों ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया। वहीं इस साल कोरोना से दम तोड़ने वाले मरीजों की संख्या तीन हो गई है। डॉक्टरों का कहना है कि कोरोना का नया वेरिएंट हल्का है, लेकिन गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए यह काफी खतरनाक है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से मिले डाटा के अनुसार दिल्ली में शनिवार को ७१ वर्षीय पुरुष की मौत कोरोना से हुई। मरीज पहले से निमोनिया से पीड़ित था। मरीज की मौत के पीछे सेप्टिक शॉक के साथ तीव्र किडनी क्षति भी बताया जा रहा है। इससे पहले शुक्रवार को कोरोना के नए वैरिएंट से एक ६० साल की महिला ने दम तोड़ा। बताया जा रहा है कि महिला की मौत से पहले उसे उल्टी के साथ ही पेट में काफी दर्द की शिकायत हुई थी। बढ़ती समस्या को देखते हुए उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। यहां जांच के दौरान उसकी कोविड की रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

बताया जा रहा है कि महिला को पहले से आंतों की भी समस्या थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के डाटा के अनुसार दिल्ली में कोरोना के ३७५ एक्टिव केस हैं। पिछले २४ घंटों में दिल्ली में ८१ नए मामले सामने आए। दिल्ली में एक जनवरी २०२५ से अभी तक २६६ मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है। बीते २४ घंटों में अस्पताल से ५२ मरीजों को छुट्टी दी गई। दिल्ली में एक जनवरी २०२५ से अभी तक तीन मरीज कोरोना के कारण दम तोड़ चुके हैं। बीते २४ घंटों में एक मरीज ने कोरोना के कारण दम तोड़ा। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि नए वेरिएंट का असर हल्का है। लेकिन गंभीर रोगी और कमजोर इम्यूनिटी के रोगी पर असर कर रहा है।

दिल्ली में जिस तरह से कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं, वह डराने वाला है। हालांकि, एक्सपर्ट का कहना है कि डरने की जरूरत नहीं है। कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि कोरोना के मामले सरकार के संज्ञान में है। अस्पतालों में पूरी तरह से व्यवस्थाएं हैं। एडवाइजरी भी जारी की है। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। किसी प्रकार की कोई घबराने की स्थिति नहीं है। चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

## अचानक बदला मौसम चली धूल भरी आंधी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत एनसीआर में शनिवार दोपहर को अचानक से मौसम बदल गया। शाम होते-होते धूल भरी आंधी चली। सुबह से गर्मी से परेशान शहरवासियों को इस बदलाव से काफी राहत मिली है। मौसम विभाग ने आगामी कुछ घंटों में बारिश के साथ-साथ आंधी-तूफान की संभावना जताई है।

देश के कई हिस्सों में जोरदार बारिश देखने को मिल रही है। कई पहाड़ी राज्यों में भी बारिश हो रही है। दिल्ली- एनसीआर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब में भी तेज हवाओं और हल्की बारिश की वजह से हीटवेव से राहत मिली है। मौसम विभाग ने पहले ही अलर्ट करते हुए कहा था कि आज दिल्ली-एनसीआर में बादल छाए रहने की संभावना है। तेज हवाओं के साथ बारिश होने की आशंका भी जताई गई है। मौसम विभाग ने आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

# रोहिणी में हुई दस लाख की रॉबरी का मामला सुलझा, छह गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस के रोहिणी साउथ और विजय विहार थाने की संयुक्त टीम ने दस लाख की रॉबरी का मामला सुलझाकर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से ८.६८ लाख रुपए नकद बरामद किए है।

दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि २१ मई को एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति से रोहिणी सेक्टर - ०३, में दस लाख रुपए की लूट हुई है।

यह भी पता चला कि पीड़ित एक सीए फर्म में कार्यरत है। वह अवंतिका मार्केट,में ट्रेडिंग कंपनी से दस लाख रुपए की नकद राशि एकत्र करने के बाद अपने कार्यालय जा रहा था। कार्यालय जाते समय, जब शिकायतकर्ता सेक्टर ३, रोहिणी पर पहुंचा तो बाइक पर सवार दो युवक पीछे से आए और शिकायतकर्ता की बाइक को रोक कर वारदात को अंजाम दिया।इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर एसीपी रोहिणी अतुल सूद की देखरेख में एसएचओ/विजय विहार, अजय कुमार और एसएचओ रोहिणी साउथ ज्ञानेश्वर सिंह,के नेतृत्व में टीम ने ट्रेडिंग कंपनी से लेकर घटनास्थल तक के रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की।

प्राप्त इनपुट के आधार पर, यह देखा गया कि एक अन्य बाइक पर तीन युवक भी शिकायतकर्ता का पीछा कर रहे थे। शिकायतकर्ता से बैग छीनने वाले कथित व्यक्तियों की पहचान जतिन तिवारी उर्फ घ्घ्लंगड़ा और राहुल के रूप में हुई जबकि अपराध में प्रयुक्त बाइक रविंदर के नाम पर पंजीकृत है। इसके बाद टीम ने आरोपी जतिन तिवारी उर्फ घ्घ्लांडगा,को गिरफ्तार कर लिया।उसने कबूल किया कि उसने बैग अपने साथी प्रिंस उर्फ घ्घ्लालू को सौंप दिया था, जो असलान पठान और कपिल के साथ दूसरी बाइक पर पीछे बैठा था। जतिन तिवारी ने आगे कबूल किया कि नकदी के बारे में जानकारी उसके सहयोगी योगेंद्र सिंह उर्फ घ्घ्राजा ने दी थी, जो पहले सीए फर्म में काम करता था और नकदी ले जाने का काम करता था।

इसके बाद टीम ने आरोपी योगेंद्र सिंह उर्फ राजा ,अर्सलान पठान,प्रिंस उर्फ लल्लू, कपिल पटेल और पीयूष सिंह अधिकारी, को उनके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया । सभी ६ आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही उनके पास से लूटी गई दस लाख रुपये की रकम में से ८.६८ लाख रुपये बरामद किए गए। आगे की जांच जारी है।

# दिल्ली को सुन्दर, स्वच्छ बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कार्यकाल के १०० दिन पूरे होने पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित वरिष्ठ अभिनेता अनुपम खेर से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि सरकार के शुरुआती १०० दिन छोटे अवश्य हैं, परंतु उनमें उठाए गए जनहित के ठोस और निर्णायक कदम दिल्ली की दिशा और दशा में बड़ा बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं। इस अवसर पर दिल्ली सभी कैबिनेट मंत्री , सांसद, विधायक एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली वह राज्य है जहाँ विविधता में एकता की मिसाल देखने को मिलती है। इसी भावना को सम्मान देते हुए हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि देश के प्रत्येक राज्य का राज्य दिवस दिल्ली में पूरे उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जाएगा, ताकि दिल्लीवासियों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने और उसे करीब से जानने का अवसर मिल सके।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले दस वर्षों में पिछली सरकार द्वारा यमुना की सफाई केवल एक दिखावे तक सीमित रही, जबकि नालों का गंदा पानी लगातार यमुना में गिरता रहा। लेकिन हमारी सरकार ने कार्यभार सँभालते ही यमुना की सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और इस दिशा में ठोस कदम उठाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली जल बोर्ड के बजट में ९,००० करोड़ रुपए का प्रावधान कर सीवरेज प्रणाली और जल आपूर्ति की आधारभूत संरचना को मजबूत किया जा रहा है। नरेला, रोहिणी, नजफगढ़ और कोरा. नेशन पिलर जैसे क्षेत्रों में सात सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का अपग्रेड किया गया है, जबकि अमृत २.० योजना के अंतर्गत आठ एसटीपी के पुनर्वास के लिए ८०४ करोड़ की स्वीकृति दी गई है। यमुना की सफाई की दिशा में आगे बढ़ते हुए सरकार ने ४० नए डीएसटीपी बना रही है द्य जिसके तहत पिछले १०० दिनों में नालों से कई लाख मीट्रिक टन कचरा निक. ाला गया है, और सभी संबंधित अधिकारियों को मानसून से पहले नालों की सफाई पूरी करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।



दिल्ली सरकार के कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व वरिष्ठ अभिनेता अनुपम खेर व अन्य नेतागण।

# प्राइवेट स्कूलों के बच्चों का बढ़ रहा वजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** खान-पान में आए बदलाव के कारण स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का वजन सामान्य से अधिक मिल रहा है। सरकारी स्कूलों के मुकाबले निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में यह समस्या ज्यादा है। यह खुलासा एम्स के एक अध्ययन से हुआ है। एम्स ने इस अध्ययन में पांच स्कूलों में पढ़ने वाले छह से १९ वर्ष के ३८८८ बच्चों को शामिल किया। इसमें तीन सरकारी और दो निजी स्कूल के बच्चे शामिल हैं। अध्ययन में शामिल हुए कुल बच्चों में १९८५ बच्चे सरकारी व १९०३ बच्चे निजी स्कूलों के हैं। अध्ययन के दौरान छह से नौ साल तक के बच्चे की शारी. रिक जांच की गई। १०-१९ वर्ष के बच्चों के ब्लड प्रेशर व ब्लड सैंपल लेकर कोलेस्ट्रोल, शुगर सहित दूसरी जांच हुई। जांच में पाया गया कि बच्चों में मोटापा, कोलेस्ट्रोल, हाइपरटेंशन, डिस्लिपिडेमिया सहित दूसरी समस्या बढ़ गई है। आगे चलकर यह दिल सहित दूसरे गंभीर रोग दे सकता है। शोध के अनुसार करीब १५.६६ फीसदी बच्चों में अधिक वजन की समस्या दिखी। इसमें सरकारी स्कूल के बच्चों में यह समस्या ७.६३ फीसदी में और निजी स्कूल के बच्चों में यह समस्या २४.०२ फीसदी दिखी। इसके अलावा १३.४१ प्रतिशत बच्चे मोटापे से ग्रस्त पाए गए। सरकारी स्कूलों की तुलना में प्राइवेट स्कूल के बच्चे मोटापे से अधिक पीड़ित हैं।

# चोरी के दौरान लड़की के शोर मचाने पर की थी हत्या, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस की एएटीएस ने डाबरी के इलाके में हुई नाबालिग लड़की की सनसनीखेज हत्या के मामले को सुलझा कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से चोरी का मोबाइल और एक टैब बरामद किया है। आरोपी चोरी कर रहा था लेकिन लड़की ने शोर मचा दिया जिसपर पकड़े जाने के डर उसने लड़की का गला घोट दिया।आरोपी पहले भी कई स्नैचिंग मामलों में शामिल रहा है।

दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि डाबरी थाने के तहत २९ मई के दिन १३ वर्ष की नाबालिग लड़की की मृत मिली थी । इस दौरान मौके से मोबाइल फोन और टैब सहित कुछ इलेक्ट्रॉनिक सामान गायब थे।इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज एसीपी ऑपरेशन राम अवतार की देखरेख में इंस्पेक्टर मनीष के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम को तकनीकी निगरानी से चोरी हुए मोबाइल का पता चला और मोबाइल के उपयोगकर्ता ने बताया कि उसे यह फोन अनस (२३) नामक व्यक्ति से मिला है। इसके बाद टीम ने आरोपी अनस को पकड़ लिया। पुलिस पुछताछ में उसने बताया कि

वह मृतका के बगल वाले दूसरे घर में रहता है। वह मृतका के परिवार को पड़ोसी होने के कारण जानता था। उसने घर से चोरी करने की योजना बनाई और घर में घुस गया। इस दौरान उसे देखकर, लड़की घबरा गई और उसने शोर मचा दिया। पकड़े जाने के डर और आशंका से आरोपी ने उसका गला घोंट दिया और मोबाइल और टैब लेकर फरार हो गया।

# पैर कटा तो बदमाशी करने लगा राष्ट्रीय स्तर का पहलवान गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सड़क हादसे में पैर कटने के बाद पारिवार का पालन पोषण करने के लिये बदमाशों के साथ वारदात करने वाले राष्ट्रीय स्तर के पहलवान हिस्ट्रीशीटर को अपराध शाखा ने आठ साल बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सोनू उर्फ पहलवान उर्फ सोनू लंगड़ा के रूप में हुई है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराध शाखा ने कुछ महीने पहले ही छह अप्रैल २०१६ में केबल ऑपरेटर देवेन्द्र राठी की हत्या में शामिल राहुल उर्फ सनी और विकास उर्फ विक्की को सेक्टर-३६, रोहिणी गिरफ्तार करके दो पिस्टल और दस कारतूस जब्त किये थे। पूछताछ करने पर पता चला कि हथियार सोनू उर्फ पहलवान उर्फ सोनू लंगड़ा नामक व्यक्ति ने दिये थे, जो बागपत, उत्तर प्रदेश के किरथल गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कई ठिकानों पर छापेमारी की,लेकिन वह बचता रहा। २९ जून, २०१७ को रोहिणी कोर्ट ने उसको भगौड़ा घोषित कर दिया।

एसआई प्रमोद कुमार की पुख्ता जानकारी के बाद सोनू उर्फ पहलवान उर्फ सोनू लंगड़ा को तकनीकी निगरानी और मैनुअल इंटेलिजेंस की सहायता से गाँव- किरथल,रमाला, जिला- बागपत, यू.पी से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर आरा. पी से पता चला कि वह कभी राष्ट्रीय स्तर का पहलवान था। २०१३ में एक भयानक सडक दुर्घटना के बाद उनका होनहार एथलेटिक करियर दुखद रूप से समाप्त हो गया, जिसके परिणामस्वरूप उनका दाहिना पैर काटना पड़ा। आर्थिक तंगी और व्यक्तिगत नुकसान का सामना करते हुए, उन्होंने अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए खुद को आपराधिक तत्वों से जोडने की बात स्वीकार की। उसके बाद से, वह अपने साथियों के साथ डकैती और हत्या सहित कई जघन्य अपराधों में शामिल रहा है। वह अवैध हथियारों के व्यापार में सक्रिय रूप से शामिल था, विभिन्न आपराधिक नेटवर्क को आग्नेयास्त्रों और शराब की आपूर्ति करता था। वह एक कुख्यात हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ उत्तर प्रदेश में कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके आपराधिक रिकॉर्ड में हत्या, डकैती, हत्या का प्रयास, हत्या के साथ अपहरण और बलात्कार, एससी/एसटी एक्ट, आर्म्स एक्ट और यूपी एक्साइज एक्ट से लेकर ०६ जघन्य मामले शामिल रहा है।

# कोशिश करने से हर तीसरा व्यक्ति छोड़ रहा तंबाकू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तंबाकू की लत से परेशान होकर इसे छोड़ने की कोशिश करने वाला हर तीसरा व्यक्ति सफल रहता है। यह खुलासा वल्लभभाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट (वीपीसीआई) में चल रही राष्ट्रीय तंबाकू छोड़ने की लाइन सेवा पर आई कॉल्स के विश्लेषण से हुआ है।

विशेषज्ञों का कहना है कि युवाओं में तेजी से तंबाकू सेवन की आदत बढ़ रही है। इसकी लत में फंसने वालों में १८ से २४ साल के युवाओं की संख्या अधिक है। वहीं १२ से १८ साल के किशोर भी इसकी चपेट में हैं। यह देखने में आया है कि लंबे समय तक इसकी चपेट में रहने वाले इससे परेशान होने के बाद इसे छोड़ने का प्रयास करते हैं। यदि प्रयास करते हैं तो सफल भी हो जाते हैं। वीपीसीआई के राष्ट्रीय तंबाकू छोड़ने की लाइन सेवा पर पिछले १० साल में (मई २०२६ से अप्रैल २०२५ तक) ९० लाख से अधिक कॉल्स आईं। इनमें से ५.८ लाख उपयोगकर्ताओं ने परामर्श के लिए पंजीकरण कराया।

इन सभी को एक साल तक सलाह देने के साथ इनका फॉलोअप किया गया। करीब एक साल की लंबी को. शिश के बाद १.६४ लाख लोगों ने सफलतापूर्वक तंबाकू का सेवन छोड़ दिया है। अब इनमें तंबाकू सेवन की आदत नहीं है। मौजूदा समय में पंजीकृत मरीजों में तंबाकू छोड़ने की आदत की दर २८.४० फीसदी रही।




दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन और राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विधानसभा अध्यक्ष 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' पर स्वस्थ, तंबाकू-मुक्त दिल्ली का आह्वान किया।

# विधानसभा अध्यक्ष ने 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' पर स्वस्थ, तंबाकू-मुक्त दिल्ली का किया आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने 'वॉक फॉर लाइफ ख्र क्विट टोबैको' पहल का नेतृत्व किया। यह कार्यक्रम दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन और राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में मेट्रो वॉक, रोहिणी के गेट नंबर ८ से आयोजित किया गया। इस जागरूकता अभियान में चिकित्सा विशेषज्ञों, सामाजिक संगठनों, स्थानीय नागरिकों, छात्रों और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।सभा को संबोधित करते हुए गुप्ता ने तंबाकू सेवन से उत्पन्न खतरों के विरुद्ध एकजुट सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि , "तंबाकू की लत एक ऐसी महामारी है जिसे रोका जा सकता है, लेकिन यह आज भी अनगिनत जिंदगियों को निगल रही है और परिवारों पर बोझ बन रही है। जागरूकता, शिक्षा और साम. ुदायिक भागीदारी के माध्यम से हमें मिलकर इसे जड़ से समाप्त करना होगा।

गुप्ता ने कार्यक्रम के आयोजकों की सराहना करते हुए उन्हें 'नैतिकता, सहानुभूति और उत्कृष्टता' के मूल्यों को प्रतिपादित करने वाला बताया, जो निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत आवश्यक है। अध्यक्ष ने युवाओं से आह्वान किया कि वे तंबाकू-मुक्त संस्कृति के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा, कि सिर्फ कानून बनाना पर्याप्त नहीं है ख्र असली बदलाव तब होता है जब लोग अपनी मर्जी से तंबाकू से दूरी बना लेते हैं, अपने स्वास्थ्य और अपनों की खातिर।

कार्यक्रम का समापन गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने तंबाकू से मुक्त जीवन जीने की प्रतिज्ञा ली। यह पदयात्रा दिल्लीवासियों को तंबाकू के खिलाफ एकजुटता का संदेश देने और स्वास्थ्यपूर्ण समुदायों के निर्माण हेतु प्रेरित करने वाली रही

# टाइगर मैन वाल्मीक थापर का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देश के प्रसिद्ध पर्यावरणविद और श्टाइगर मैनश के नाम से मशहूर वाल्मीक थापर का शनिवार सुबह ७३ वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से कैंसर से पीड़ित थे।

थापर का निधन दिल्ली के कौटिल्य मार्ग स्थित उनके आवास पर हुआ। उनका अंतिम संस्कार दोपहर ३:३० बजे लोधी इलेक्ट्रिक श्मशान घाट पर किया गया। वाल्मीक थापर ने अपना पूरा जीवन वन्यजीवों के संरक्षण, खासतौर पर बाघों के अध्ययन और सुरक्षा को समर्पित किया। उन्होंने वर्ष १९८८ में राजस्थान के रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान से जुड़े 'रणथंभौर फाउंडेशन' की सह-स्थापना की, जो समुदाय-आधारित संरक्षण कार्यों में सक्रिय है। थापर राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड सहित १५० से अधिक सरकारी समितियों और कार्यबलों के सदस्य रहे। नई दिल्ली में वर्ष १९५२ में जन्मे वाल्मीक थापर ने दून स्कूल से शिक्षा प्राप्त की और दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज से समाज शास्त्र में स्नातक किया। जहां उन्हें स्वर्ण पदक मिला। वे प्रसिद्ध पत्रकार रोमेश थापर के पुत्र और इतिहासकार रोमिला थापर के भतीजे थे। उन्होंने अभिनेता शशि कपूर की बेटी और रंगमंच कलाकार संजना कपूर से विवाह किया था। थापर को वर्ष २००५ में सरिस्का बाघ अभयारण्य से बाघों के लुप्त होने की जांच और संरक्षण रणनीति के लिए गठित 'बाघ कार्य बल' का सदस्य भी बनाया गया था।

# वृक्ष रोग विशेषज्ञों के साथ हर राज्य में बनेगा वृक्ष प्राधिकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कंक्रीट के जंगल में बदलते जा रहे शहरों से खत्म हो रहे पेड़-पौधों को बचाने के लिए केंद्र सरकार जल्द ही नई राष्ट्रीय नीति तैयार करेगी। इसके तहत देश के सभी जिलों में स्मार्ट पेड़ और वृक्ष रोग विशेषज्ञों को तैनात किया जाएगा।

हर राज्य में वृक्ष प्राधिकरण बनेंगे। इसकी सिफारिश केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति ने की है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देश पर तैयार रिपोर्ट में कहा गया है जिन राज्यों में कानून नहीं हैं, वहां बनाए जाएं। वहीं, जहां कानून हैं, वहां उन्हें बेहतर और समावेशी बनाने पर जोर दिया जाए। निगरानी और समुदाय की भागीदारी के लिए राज्यों को नई तकनीकों (जैसे जीआईएस, रिमोट सेंसिंग) का उपयोग करना चाहिए। इससे पहले २०२४ में एनजीटी ने मजबूत नियम बनाने का आदेश केंद्र सरकार को दिया था। केंद्र सरकार ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के विशेष सचिव और वन महानिदेशक की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। सभी राज्यों की मौजूदा स्थिति की जांच, पड़ताल और मौजूदा नियमों की समीक्षा के बाद समिति ने एक सिफारिश रिपोर्ट तैयार की है। इसमें राज्यों को पेड़ों को बचाने के लिए कई प्रमुख उपाय तत्काल शुरू करने के लिए कहा है। इनके अलावा सिफारिशों में कानून निर्माण से लेकर तकनीकी निगरानी और वृक्ष प्राधिकरण जैसे संस्थागत ढांचे पर जोर दिया है।

# पहले फोन चोरी किया फिर खाते से निकाले तीन लाख 98 हजार रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजेन्द्र नगर के रहने वाले एक व्यक्तिका फोन चोरी हो गया। उसी दिन एफआईआर भी दर्ज करवा दी। लेकिन सिम कंपनी से एक दिन बाद संपर्क किया। जब तक पीडिघ्त नया फोन व सिमकार्ड खरीदता। उससे पहले स्कैमर ने फोन में अपलोड बैंक खाते की पर्सनल डिटेल को बैक में बदलवा दिया था,जिसके बाद स्कैमर ने पांच दिनों में नौ ट्रांजेक्शन करके तीन लाख ९८ हजार सात सौ नौ रुपये निकाल लिये।

अपराध शाखा में पीडिघ्त के बयान पर स्कैमर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस टीम बैंक खाते से निकली रकम की ट्रांजेक्शन के बारे में पता करके स्कैमर को पकडने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते वीरवार को अपराध शाखा में पुराना राजेन्द्र नगर में परिवार के साथ रहने वाले गुरतेज सिंह ने एक शिकायत दर्ज करवाई थी। गुरतेज ने बताया कि बीते २२ मई को उनका फोन कहीं पर खो गया था,जो मेरी मां के पंजाब नेशनल बैंक खाते से जुड़ा हुआ है, जिसकी ब्रांच न्यू राजेन्द्र नगर में है। उसी दिन मामले में रिपोर्ट दर्ज करवा दी थी। जबकि अगले दिन यानि २३ मई को करोल बाग स्थित एयरटेल स्टोर जाकर सिमकार्ड ब्लॉक करवाकर नये सिमकार्ड के लिये संपर्क किया।

२६ मई को नया फोन खरीदकर उसमें नया सिमकार्ड डाला,लेकिन उस समय हैरान रह गया,जब शाम पांच बजकर ४४ मिनट पर फोन पर पचास हजार और ४९ हजार नौ सौ रुपये निकलने के दो मैसेज आए। वह तुरंत नजदीक के एटीएम में गया। जहां पर अपनी मां की बैंक पासबुक अपडेट की। जिसमें २२ मई से २६ मई के बीच नौ बार कुछ तीन लाख ९८ हजार सात सौ रुपये का लेनदेन हुआ। तुरंत माँ के बैंक खाते और मेरे उपरोक्त मोबाइल नंबर से जुड़े अन्य खाते को फ्रीज कर दिया। साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आप अपने बैंक अकाउंट पर यूपीआई को बंद करना चाहते हैं तो सबसे पहले इस बात का ध्यान रखना बहुत जरूरी है कि आप अपना यूपीआई पिन किसी के साथ भी शेयर न करें। यूपीआई पेमेंट को डीएक्टिवेट करने के लिए सबसे पहले आप अपने मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर को कॉल करके अपने सिम को ब्लॉक करवा दें। इससे मोबाइल बैंकिंग से जुड़ा कोई भी मैसेज या ओटीपी का कोई गलत इस्तेमाल नहीं कर पाएगा। इसके बाद अपने बैंक खाते से यूपीआई को ब्लॉक करने के लिए आप अपने यूपीआई ऐप जैसे पेटीएम, गूगल पे, फोन पे, अमेजन पे को कॉल करके तत्काल यूपीआई सर्विस को बंद करने की रिक्वेस्ट करें।

# प. दीनदयाल के एकात्म मानववाद के 60 साल पूरे होने पर सेमीनार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद पर अभिभाषणों के ६० वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दो दिवसीय सेमिनार एवं प्रदर्शनी का प्रारम्भ हुआ। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा को माल्यार्पण कर श्यामा प्रसाद मुखर्जी रिसर्च फाउंडेशन एवं पी.पी.आर.सी. द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का लोकार्पण किया और तत्पश्चात अभी प्रारंभिक सम्बोधन से सेमीनार चर्चा को प्रारम्भ किया।

अरूण कुमार जी एवं एकात्म मानववाद संस्था से महेश चन्द्र शर्मा आदि ने दीप प्रज्वलन किया तत्पश्चात श्यामा प्रसाद मुखर्जी रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिर्वाण गांगुली, पी.पी. आर.सी. के निदेशक सुमित भसीन एवं प्रभात प्रकाशन के प्रभात कुमार ने गणमान्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ, पटका एवं स्मृतिचिंह भेंट किया।

सभागार में देशभर से आये बुद्धिजीवी प्रतिभागियों के साथ भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष, सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश, राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह एवं तरूण चुघ, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा आदि उपस्थित थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी को चरितार्थ करते हुए एक प्रदर्शनी लगाई गई थी जिसका संयोजन राजीव बब्बर ने किया। पहली बार डिजिटल माध्यम से लगाई गई प्रदर्शनी को आज हजारों लोगों ने आकर देखा। प्रदर्शनी में मुख्य रुप से ग्रामीण उत्थान, भारत की विदेश नीति, दुनिया को भारत का संदेश से लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवनी पर लिखी गई किताबों को भी रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर आधारित अलग अलग सत्रों को उज्जसवी वक्ताओं ने संबोधित किया।

# विभागीय अधिकारी अपने दायित्वों का करें सत्य निष्ठा से निर्वहन:सांसद

## सांसद ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक में दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार को बागपत लोकसभा सांसद डा.राजकुमार सागवान की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय निगरानी समिति दिशा की बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ की। उन्होंने बैठक कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में निगरानी समिति के सम्मानित सदस्यों ने भाग लिया। सांसद ने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ से आम जनमानस को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिकतम लाभान्वित करने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा इतनी अच्छी प्रमुख मुख्य योजनाएं चलाई जा रही है चाहे वह स्वास्थ्य की हो कृषि हो एमएसएमई हो कौशल विकास हो पीएम विश्वकर्मा हो मृदा स्वास्थ्य कार्ड हो स्वच्छ भारत मिशन हो अटल भूजल हो आदि योजनाओं के संबंध में उन्होंने प्रकाश डाला। अधिकारी कार्यालय के साथ-साथ फील्ड में निकले और गांव गांव जाए अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को सरक.



ारी जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें और अपनी योजनाओं का अच्छे से क्रियान्वयन करें जिससे कि जरूरतमंद को उसे योजना का लाभ मिल सके उन्होंने दिव्यांग, वृद्ध, विधवा पेंशन आदि पर अधिक बल दिया। किसी भी व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेना है तो वह अपने पंचायत सचिवालय में पहुंचकर पंचायत सहायक की मदद से भी अपना आवेदन कर सकता है। सांसद ने समस्त अधिका. रियों को निर्देशित किया कि विकास कार्य में अच्छा कार्य करें। आम जनमानस को इन योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए प्रत्येक गांव में पुस्तकालय हो पुस्तकालय हमारी प्राथमिकता है। हर गांव में खेल का मैदान हो जिससे कि युवा खेलेंगे आगे बढ़ेंगे बागपत खेल का क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि टीम वर्ग के रूप में अधिकारी कार्य करेंगे तो बागपत की पहचान अच्छी होगी और विकास कार्यो से जनपद का नाम बढ़ेगा। इस अवसर पर जिलाधिक. ारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिला. धिकारी, आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों को दी जाए मूलभूत सुविधाएं: सांसद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की समीक्षा की उन्होंने कहा कि जिन आवासों में किराए पर लोग रह रहे हैं और आवास का आवंटन किसी और के नाम है पैसे आवासों को तत्काल खाली कराया जाए। पात्र व्यक्ति ही आवास में रहे। स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत ओडीएफ के अंतर्गत लोगों को जागरूक करने के लिए निर्देश दिए और जनपद में शौचालय की कोई समस्या नहीं है। प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अंतर्गत जनपद की स्थिति अच्छे शीर्ष स्थान पर है जिसके सापेक्ष सरकार द्वारा 70 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति का कोई भी आय संबंधित प्रमाण पत्र बिना लिए उनके आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत जनपद में 22000 लोग 70 वर्ष की उम्र के अंतर्गत आते हैं जिसके सापेक्ष 8,500 लोगों के कार्ड बन चुके हैं। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना गोल्डन कार्ड के अंतर्गत 256427 के सापेक्ष 358753 गोल्डन कार्डो की पूर्ति की जा चुकी है जो लक्ष्य 139.90प्रतिशत है। इसके ग्राम स्तर पर अधिक से अधिक कैंप लगाए जाए और योजना का प्रचार प्रसार किया जाए। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों को पेंशन दिए जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी को समय से पेंशन मिले पेंशन धारक को पेंशन के लिए परेशान होना ना पड़े। जनपद में वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थी 25172 स्वीकृत आवेदन 342 है यह पत्र 528 है। कल लाभार्थी के सपेरा आधार सीडिंग 24986 की हो चुकी है वर्तमान में 27845 लाभार्थियों को जनपद में वृद्धावस्था पेंशन का लाभ प्राप्त हो रहा है, जबकि दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ जनपद में 6214 को प्राप्त हो रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में 174 परियोजनाओं में से 170 परियोजना पूर्ण है। सांसद ने कहा जिन गांवों में पाइप पेयजल योजना की सुविधा दी गई है और सड़क का स्वरूप खराब कर दिया गया है। सड़क अपने पुराने स्वरूप में नहीं है। उसे तत्काल ठीक कराया जाए। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन की भी गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने कहा हर घर नल पहुंचने की जो सरकार की मुख्य योजनाओं में से एक है। इसमें लापरवाही ना बढ़ती जाए। गांव के लोगों को मूलभूत सुविधाएं दी जाए। गांव के अंतिम घर तक पाइपलाइन से पानी पहुंचना चाहिए। किशनपुर विराल में भी पाइपलाइन की समस्या का मुद्दा उठा।

# पुलिस ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार कब्जे से अवैध पौनिया 315 बोर बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान आरोपी रिजवान को गिरफ्तार कर एक अवैध पौनिया 315 बोर बरामद की।

शनिवार को करीब एक बजे मिली जानकारी के अनुसार बागपत कोतवाली पुलिस के मुताबिक चैकिंग के दौरान आरोपी रिजवान पुत्र इकबाल निवासी कुरेशियान मोहल्ला बागपत को गिरफ्तार किया गया। आरो. पित के पास एक अवैध पौनिया 315 बोर बरामद की। आरोपित रिजवान पुत्र इकबाल के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।



# तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर किया मोबाइल चोरी की घटनाओं का राजफाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना सिंघावली अहीर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर मोबाइल चोरी की घटनाओं का राजफाश किया। आरोपितों के पास से चोरी किए हुए दो मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की।

मीडिया सैल बागपत ने शनिवार को करीब तीन बजकर 40 मिनट पर प्रेसनोट के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया गया कि थाना सिंघावली अहीर के उप निरीक्षक दलजीत सिंह के मुताबिक गत 30 मई को तेड़ा गांव के वीरेंद्र ने थाना सिंघावली अहीर पर तहरीर देते हुए बताया था कि बाइक सवार तीन युवकों ने घर से मोबाइल चोरी कर लिया था। वहीं बरसिया गांव के शेरखान ने भी थाना सिंघावली अहीर पर तहरीर देते हुए बताया था कि बाइक सवार तीन युवकों ने उसका मोबाइल चोरी कर लिया है। पीड़ितों की तहरीर के आधार पर घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। कार्रवाई करते हुए थाना सिंघावली अहीर पुलिस ने तीन आरोपी सचिन और गौरव निवासीगण तेड़ा और इंतजार निवासी सिंघावली अहीर को गिरफ्तार किया गया। तीनों आरापियों के पास से चोरी किए हुए दो मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई। गिरफ्तार करने वालों में उप निरीक्षक धीर सिंह, हेड कांस्टेबल विपिन सिरोही व दानवीर सिंह मौजूद रहे।



# जितेन्द्र सिंह भाटी को बनाया गया सपा पार्टी का जिला उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए ग्राम नौरोजपुर गुर्जर निवासी जितेन्द्र सिंह भाटी को जनपद बागपत का सपा पार्टी जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस नियुक्ति से पार्टी को नई ऊर्जा और दिशा मिलने की उम्मीद है। जितेन्द्र सिंह भाटी की नियुक्ति के साथ पार्टी को एक नए और गतिशील नेतृत्व की प्राप्ति हुई है। जितेन्द्र सिंह भाटी के पास समाज सेवा का अनुभव है और वे हमेशा समाज के वंचित



वर्गों के अधिकारों के लिए लड़ते रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने जितेन्द्र सिंह भाटी की नियुक्ति पर कहा कि जितेन्द्र सिंह भाटी एक समर्पित और मेहनती कार्यकर्ता हैं। हमें विश्वास है कि वे बागपत जिले में पार्टी को मजबूत बनाने और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच पार्टी की विचारधारा को फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जितेन्द्र सिंह भाटी ने अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया है। मै पार्टी को मजबूत बनाने और समाज के वंचित वर्गों के अधिक. ारों के लिए लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं। इस नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में नई उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है।

# रानी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय की प्रतीक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में दिल्ली बस स्टैंड पर स्थित कार्यालय पर शिखर महिला लो. कमाता अहिल्याबाई होलकर की जन्मशती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उत्साह पूर्वक बडे धूमधाम के साथ मनायी। उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए शत-शत नमन किया। उनके विचारों को आत्मसात करते हुए उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया और मिष्ठान्न वितरण किया गया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार ने कहा कि लो. कमाता अहिल्याबाई होल्कर विनम्र उदारवादीता की प्रतीक कर्मयोगीनी भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों मे लिखा एक ऐसा नाम है जो हर भारतवासी के दिलो में विराजमान है वह महान शिव भक्त समाज सुधारक थी। उन्होंने अन्धविश्वास से उपर उठकर सामाजिक ताने-बाने मे सुधार किया। मार्ग बनवाये सोमनाथ काशी विश्वनाथ मंदिरो का जीर्णोद्धार कराया। हमे उनके विचारों पर चलना चाहिए। पूर्व जिलाध्यक्ष कान्ता जैन ने बताया कि महिलाओं के शशक्तिकरण आवाज बुलंद की और शिक्षित करने की और प्रेरित किया मानवता के उत्थान कल्याण के लिए अभियान चला कर जागरूक किया। ऐसी महान आत्माएं इस संसार मे कभी कभी जन्म लेती है। उन्हें सदैव याद किया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रभारी अल्पसंख्यक विभाग गाजियाबाद कान्ता जैन राजो रामकुमार मुखिया कोषाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा सचिव औमवीर दुहण महेंद्र महासचिव डा. सुभाष शर्मा सचिवबिजेन्दर शर्मा पप्पू बाबू वशिष्ठ मोहसिन संजीव मीडिया प्रभारी, औकार दत्त शर्मा जोनमाना आदि मौजूद रहे।



# नारी समाज नहीं बल्कि संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणा देता अहिल्याबाई का जीवन: रविन्द्र देव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शनिवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती और समाजवादी पार्टी के बागपत विधानसभा पर्यवेक्षक महेंद्र सिंह यादव और बड़ौत विधानसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक भरत सिंह यादव की समीक्षा अध्यक्ष की समीक्षा बैठक के कार्यक्रम संपन्न हुए।

सपा कार्यालय में सर्वप्रथम लो. कमाता अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि उन्होंने शासन करते हुए आत्म प्रतिष्ठा के झूठे मुंह को त्याग करके सदा न्याय करने का प्रयत्न किया। उन्होंने अपनी राज्य की सीमाओं से बहार भी प्रसिद्ध तीर्थ मंदिर के घाट, कुए, बावड़िये और भूखों के लिए अन्न क्षेत्र की स्थापना कराई। उनका जीवन नारी समाज ही नहीं बल्कि संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणा देता है। इसके बाद विधानसभा 2027 की चुनाव की तैयारी के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश नियुक्त बागपत विधानसभा के सपा पर्यवेक्षक प्रदेश सचिव महेंद्र सिंह यादव और बड़ौत विधानसभा क्षेत्र के सपा पर्यवेक्षक प्रदेश सचिव भरत सिंह यादव ने जिला संगठन पदाधिकारीयों और नेताओं से संवाद किया। साथ ही साथ विधानसभा चुनाव की दावेदारी करने वाले नेताओं से वार्ता की और विधानसभा चुनाव की दावेदारी करने वाले नेताओं से उनके बूथ प्रबंधन और पीडीए चौपाल पंचायत का ब्यौरा भी लिया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, नगेंद्र सिंह, डा.शालिनी, काला विधूड़ी बिल्लू प्रधान, डा.जितेंद्र यादव, कविता गिरी, डा.सतीश गौड, सलीम त्यागी, सन्नी सुलानिया, महिपाल यादव, राहुल यादव, सरेन्द्र, तहसीम, सगीर , संजीव पंवार, जितेंद्र भाटी आदि मौजूद हे।



# पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार कर तमंचा व अन्य सामान किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना सिंघावली अहीर पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो आरो. पियों को गिरफ्तार कर तमंचा, कारतूस, दो किलो 150 ग्राम चरस व फर्जी नंबर प्लेट लगी एक बाइक बरामद की।

मीडिया सैल बागपत ने शनिवार को साढे तीन बजे प्रेसनोट के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि थाना सिंघावली अहीर पुलिस ने चैकिंग के दौरान आरोपी उमर निवासी पुराना कस्बा बड़ौत, अंकित निवासी हजूराबाद गढ़ी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस, दो किलो 150 ग्राम चरस व फर्जी नंबर प्लेट लगी एक बाइक बरामद की। दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वालों में उप निरीक्षक दिग्विजय सिंह, पुलकित सिंह, आदित्य कुमार व दलजीत सिंह, हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार, कांस्टेबल कुलदीप शर्मा मौजूद रहे।




# मिनी ट्रक की टक्कर से बाईक सवार युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली मार्ग पर नाले के समीप एक बाईक सवार युवक को मिनी ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया जिससे दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

खैला निवासी प्रवीन पुत्र आजाद टीला मोड़ गाजियाबाद में एक गैस प्लाट में नौकरी करता है। वह वहा से वापस अपने गांव बाईक से लौट रहा था जब वह रटौल ढिकोली मार्ग पर गंदे नाले के समीप पहुंचा तो वहा से गुजर रहे एक मिनी ट्रक ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने उसे पहले रटौल चिकित्सक के यहा भर्ती कराया। जहां से उसे दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।





# एक जून को होगा जेवी इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति का चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के जनता वैदिक इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति का चुनाव एक जून को कराया जाएगा। इसके लिए चुनाव अधिकारी सरोज कुमारी ने शनिवार को शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी है। चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए 135 शिक्षकों की डयूटी लगाई गई है। मतदान के लिए 24 बूथ बनाए गए हैं और छह टेबल पर मतगणना होगी।

नगर के जनता वैदिक इंटर कॉलेज में प्रबंध समिति का चुनाव दस साल बाद हो रहा है। चुनाव में अध्यक्ष पद पर वीरेंद्रपाल सिंह व देवेंद्र सिंह आमने-सामने हैं। चुनाव में 18 हजार से अधिक मतदाता मतदान करेंगे। एक बूथ पर तीन कर्मचारी मौजूद रहेंगे। मतदान सुबह सात बजे दोपहर तीन बजे तक होगा। इसके बाद मतगणना शुरू की जाएगी। मतगणना के लिए छह टेबल लगाई गई है। एक टेबल पर चार कर्मचारी रहेंगे, ताकि मतगणना जल्द समाप्त कर चुनाव के परिणाम की घोषणा की जा सकें। चुनाव को शांतिपूर्ण कराने के लिए 135 शिक्षकों की डयूटी लगाई गई है। चुनाव अधिक. ारी सरोज कुमारी ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि मतदान में 24 बूथों पर 72 शिक्षक लगाए गए है और 33 शिक्षकों को रिजर्व में रखा गया है। मतगणना में छह टेबल पर 24 कर्मचारी लगाए गए है और छह शिक्षकों को रिजर्व में रखे गए है। मतदान के लिए बैरिकेडिंग की तैयारी पूरी कर ली गई है। वहीं एसपी सूरज कुमार राय ने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को दिशा-निर्देश दिए। केंद्र पर तीन स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। शनिवार को मतदान केंद्रों पर समीक्षा करती चुनाव अधिकारी सरोज कुमारी।



## एक नजर

### जनता को की जा रही यातायात सुविधा प्रदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रधानमंत्री स्टेट वेंडर आत्मनिर्भर पीएम सोनी निधि योजना के अंतर्गत जनपद में 10912 लाभार्थियों को लाभ मिला है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 32 किलोमीटर की सड़क स्वीकृत हुई थी जिसमें वर्तमान में 31 मार्च अनुरक्षण अवधि में चल रहे हैं जिनकी लंबाई 128.081 किलोमीटर है। गुणवत्ता पूर्वक अनुरक्षण करके जनता को यातायात की सुविधा प्रदान की जा रही है। मंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजी. विका मिशन के अंतर्गत कार्यो की समीक्षा की जिसमें 5301 समूह सक्रिय रूप से संचालित है जिसमें 57000 महिला कार्यरत हैं 26901 महिला लखपति दीदी हैं जिनके पंजीकरण हुए हैं 1816 समूह को 3 करोड रुपए दिए गए हैं। समूह का और विस्तारित कारण करने के लिए निर्देश दिए हैं और उन्हें अच्छी योजनाओं से जोड़ने के लिए भी आवाहन किया है। वर्ष 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य 50 के सापेक्ष 115 समूह का गठन किया गया है।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना का लाभ प्रत्येक किसान को मिले:सांसद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सांसद ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना कृषि विभाग से जुड़े हुए किसान सम्मन निधि आदि संबंधित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा किस को केंद्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अवश्य मिले। कृषि विभाग के अधिकारी किसानों के बीच में रहे और उन्हें अधिक से अधिक योजनाओं के बारे में प्रकाश डालें जिससे कि किसान लाभान्वित हो सके। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना का लाभ जनपद के प्रत्येक किसान को मिलना चाहिए। प्रत्येक किसान को सरकार की जनकल्याणकारी योजना से जोड़ना चाहिए। किसान को मिलने वाले उपकरण व प्रदर्शनी मेला में चिन्हित किसानों को ही ना बुलाया जाए प्रत्येक किसान को प्राथमिकता में रखा जाए। जनपद में 120000 पंजीकृत कृषक हैं जिसके सापेक्ष 102000 को 19 वी किस्त प्राप्त हुई है।

### तालाबों पर अवैध कब्जा करने वालों पर की जाए कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना माइक्रोइरिगेशन उद्यान विभाग को निर्देश दिए कि किसानों को एक मॉडल रूप में डेमोंसट्रेशन केंद्र बनाया जाए जिसेदेख कर किसानों के अंदर जागरूकता आए और उसका अनुपालन करें। उन्होंने कहा कि शासन से इसकी पहल की जाएगी। उन्होंने योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अटल भूजल योजनाओं के कार्यो की समीक्षा की जिसमें 40 तालाब जनपद में चिन्हित है उसमें उन्होंने कहा कि बागपत के तालाब मॉडल रूप में बनाए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गांव में तालाबों की बहुत गंभीर समस्या है। गांव के तालाबों की सफाई हो वह विरल बने और उन पर जो अतिक्रमण व अवैध कब्जा कर रहे हैं उन पर प्रभावित कार्यवाही की जाए। जल सहभागिता हो, तालाबों को कैसे विरल ओर निर्मल और स्वच्छ रखा जाएगा। इसके प्रति जागरूकता हो तालाब को एक मॉडल आकर्षक केंद्र बनाया जाए।

### विधायक ने अधिशासी अभियंता को दी व्यवहार में सुधार की हिदायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सांसद ने सिंचाई विभागों की नहरो के पुराने स्वरूप पर लाने का अनुरोध किया जिससे कि उसकी क्षमता बढ़ सके निगरानी समिति के सम्मानित सदस्यों ने कहा कि नहरे में पानी नहीं आ रहा है। साफ-सफाई हो नहीं रही है जिस पर माव विधायक अजय कुमार ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को अपने व्यवहार में व कार्य शैली सुधार करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा किसानों की समस्या को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सांसद ने कहा कि सिंचाई का जो पैसा जिस मद में आ रहा है उसे उस मद में खर्च किया जाए। 94 लाख रुपए सिंचाई विभाग की नेहरो के रखरखा मेंटेनेंस के लिए आया था। उन्हें कहां खर्च किया गया है उसकी जांच कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जो भी सिंचाई विभाग द्वारा कार्य किया जाएगा। उसकी कार्य योजना बनाकर जिलाधिकारी से अनुमति के बाद ही कार्य कराए जाएं। पूर्वी यमुना नहर सहारनपुर से गाजियाबाद तक जाती है जो 203 किलोमीटर है जिसका हिस्सा बागपत में 62 किलोमीटर का पड़ता है। इसके साफ सफाई के लिए 16 करोड रुपए आए थे। इसके संबंध में भी उन्होंने अच्छे से कार्य करने के निर्देश दिए। उनकी कार्यशैली से नाराजगी व्यक्त की।

### शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे कार्यों का किया जाए निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विधायक योगेश धामा ने मवीकला साकरोद का प्रपोजल तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य योजना बना कर दिया जाए जिसे शासन में रखकर उसकी स्वीकृत करके उसे पर कार्य कराया जाएगा। सिंचाई की जमीन पर कोई अवैध कब्जा कर रहा है तो उसे तत्काल हटाया जाए। ईस्टर्न पेरिफेरल के बराबर में खेकड़ा खेल स्टेडियम को पुनर्जीवित कराए जाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस पर जाने के लिए रास्ता बनाया जाए। खेलो इंडिया योजना अंतर्गत मीतली में स्टेडियम संचालित है। सांसद ने प्रचार-प्रसार के सभी विभागीय अधिकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दें ताकि सभी वर्ग इनसे अवगत हो सकें और केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे कार्यों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण किया जाए, संसाधनों का सही उपयोग परियोजनाओं में संसाधनों के उपयोग में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। सांसद ने कहा कि शासन को जानकारी किसी भी आवश्यकता या समस्या के समाधान के लिए समय पर शासन को पत्राचार किया जाए।

### मलकपुर मिल द्वारा भुगतान न करने पर सांसद ने की नाराजगी व्यक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सांसद ने गन्ना भुगतान की समीक्षा की जिसमें जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि बागपत का भुगतान 15 दिन में व रमाला का जुलाई के पहले सप्ताह तक समस्त किसानों का भुगतान कर दिया जाएगा। उन्होंने मलकपुर मिल द्वारा भुगतान न करने पर नाराजगी व्यक्त की और उसे पर कड़ी कार्रवाई कराई जाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को 709B के संबंध में निर्देश दिए कि जो सड़क जो नाले चौक हो गए हैं। उनकी कार्य योजना बनाकर उन पर तत्काल कार्य कराया जाए जो स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी है। उन्हें ठीक कराए जाने के निर्देश दिए बागपत जनपद को गौरीपुर मोड़ व राष्ट्र वंदना चौक पर ट्रैफिक सिग्नल की अनुमति मिल गई है।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

■ इको कार में सवारी बिठाकर लूट करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार, एक घायल





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने शनिवार तड़के एनआरआई कट परी चौक के पास चेकिंग के दौरान लुटेरों से मुठभेड़ में एक बदमाश को घायल कर तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। जिसके जवाब में हुई कार्रवाई में एक बदमाश को पैर में गोली लगी। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार आरोपी राह चलते लोगों से बंदूक की नोक पर मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देते थे।

एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार का कहना है कि शनिवार तड़के एनआरआई कट के पास चेकिंग के दौरान एक ईको गाड़ी को रुकने का इशारा किया गया। लेकिन उसमें सवार बदमाश तेजी से वाहन चलाकर भागने लगे। पुलिस ने शक के आधार पर पीछा किया तो घिरते देख तीनों बदमाश गाड़ी छोड़कर भागने लगे और पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया। उसकी पहचान आकाश निवासी गांव भदेदू थाना राजपुर जिला चित्रकूट के रूप में हुई है। वह वर्तमान में फेज-2 कोतवाली क्षेत्र के भंगेल में किराये पर रह रहा था।

घायल आकाश के दो अन्य साथियों कृष्ण निवासी बुलंदशहर व राम मौर्या निवासी कासगंज को पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। दोनों भी भंगेल क्षेत्र में किराये पर रह रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से लूट में प्रयुक्त ईको गाड़ी, दो लूटे गए मोबाइल फोन, 2500 रुपये नकद, आधार कार्ड, आईडी, दो अवैध तमंचे, दो खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस और एक चाकू बरामद किया है। तीनों अभियुक्त शातिर किस्म के लुटेरे हैं। जो रात में सवारी बनाकर लोगों से लूटपाट करते थे। इनके खिलाफ विभिन्न थानों में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

आकाश के खिलाफ छह मुकदमे पहले से दर्ज हैं। जबकि कृष्ण व राम मौर्या के खिलाफ भी कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। मुठभेड़ में घायल बदमाश की स्थिति स्थिर है। आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई से भर गई सरकार की झोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ओवरलोड वाहनों पर परिवहन विभाग की कड़ी कार्रवाई लगातार जारी है। इस वित्थ्तीय वर्ष में अब तक विभाग के द्वारा 266 वाहनों पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई से 1 करोड़ 48 लाख रुपए का शुल्क वसूला गया। अधिकारियों का कहना है कि यह शुल्क पिछले वर्ष से लगभग तीन गुना अधिक है। संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन गौतमबुद्ध नगर डाक्टर उदित नारायण पांडेय का कहना है कि कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

बड़े वाहन चालकों के द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जाता है। वाहन में क्षमता से अधिक सामान लादकर वाहन दौड़ाया जाता है। इस कारण अक्ष्सर दुर्घटना की संभावना रहती है। उदित नारायण पांडेय ने बताया कि अकेले मई माह में ओवर लोडिंग पर कडी कार्यवाही करते हुए 146 वाहनों के विरुद्ध चालान कर




बादलपुर और सेक्टर 62 में मुकदमा दर्ज कराया गया।

उनका कहना है कि वाहन में क्षमता से अधिक माल लादने से कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं। यह न केवल वाहन चालकों और सड़क पर चलने वालों के लिए खतरा पैदा करता हैं बल्कि आर्थिक और पर्यावरणीय नुकसान भी पहुंचाते हैं। उन्होंने अपील की है कि ओवरलोडिंग से बचें और सुरक्षित भविष्य बनाएं।

## सगे भाइयों ने युवक को पीटा

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर में एक युवक के साथ मारपीट की गई। पीड़ित का आरोप है कि दो सगे भाइयों ने अपने एक साथी के साथ मिलकर उसे बुरी तरह पीटा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जहांगीरपुर कस्बे के मोहल्ले में निखिल चौधरी परिवार के साथ रहता है। निखिल ने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार को रामलीला मैदान के समीप खड़ा हुआ था। इसी बीच दो सगे भाई आकाश और विकास ने अपने एक साथी पुष्पेंद्र के साथ बिना वजह उसके मारपीट की। इसके बाद आरा. पी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

# 13 केंद्रों पर आज 5498 अभ्यार्थी देंगे बीएड प्रवेश परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद के 13 केंद्रों पर रविवार को दो पालियो में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे और दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक बीएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा। परीक्षा में 5498 अभ्यर्थी भाग लेंगे।

परीक्षा में कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट नहीं ले जा सकेंगे। प्रवेश पत्र पर फोटो चिपका कर लाना होगा। सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी एआई आधारित सीसीटीवी कैमरों से होगी। परीक्षा में लगे सभी अधिकारियों से कहा गया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों को एक घंटे पहले ही केंद्र पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। गेट पर गहन तलाशी, बॉयोमेट्रिक



सत्यापन के बाद ही परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। प्रत्येक केंद्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी की ओर से नोडल अधिकारी को भी नियुक्त किया गया है। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट और सुरक्षा बलों की केंद्रों पर ड्यूटी रहेगी।

**इनको बनाया गया केंद्र:** जीजीआईसी होशियारपुर, भारतीय आदर्श इंटर कॉलेज तिलपता, भवानी शंकर इंटर कॉलेज, एसएसवी इंटर कॉलेज बैदपुरा, गर्वमेंट इंटर कॉलेज नोएडा, जनता इंटर कॉलेज रोजा यकूबपुर, नवजीवन इंटर कॉलेज गेझा भंगेल, कुमारी मायावती गर्वमेंट गर्ल्स पीजी कॉलेज बादलपुर, एसजी इंटर कॉलेज, दुजाना, श्री अग्रसेन आदर्श इंटर कॉलेज दादरी, श्री गांधी इंटर कॉलेज घोड़ी बछेड़ा, वैदिक कन्या इंटर कॉलेज दादरी और गर्वमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज नोएडा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

## सुपरवाइजर की मौत के मामले में केस दर्ज

**नोएडा।** सोसाइटी के अंदर कार की टक्कर से सुपरवाइजर की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। मृतक के भांजे ने सेक्टर-113 थाने की पुलिस को शिकायत दी। हरियाणा के इस्माइलपुर निवासी सुनील ने बताया कि उसके मामा ओडिशा निवासी 54 वर्षीय किशोर चंद्र नायक वर्तमान में बरौला गांव में किराये का कमरा लेकर रह रहे थे। वह सेक्टर-79 स्थित हेल्सटन सोसाइटी में मेंटेनेंस सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। बीते गुरुवार को किशोर चंद्र सोसाइटी में ड्यूटी पर तैनात थे। शाम बजे के करीब सोसाइटी में एक अज्ञात व्यक्ति प्रदूषण संबंधी कार्य कराने के लिए आया।

## एक नजर

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नशा जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर उम्मीद संस्था द्वारा गांव सादुल्लापुर में नशा जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। उम्मीद संस्था के संस्थापक डॉ. देवेंद्र कुमार नागर एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज नागर ने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। तंबाकू का सेवन गले और फेफड़ों के कैंसर समेत कई घातक बीमारियों का प्रमुख कारण बनता है। उन्होंने युवाओं को नशे की जगह शिक्षा, योग और सकारात्मक जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित किया। बादलपुर मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रधान और राजकुमार ने कहा कि तंबाकू का सेवन न केवल व्यक्ति को शारीरिक रूप से कमजोर बनाता है, बल्कि यह उसकी आर्थिक स्थिति और शैक्षिक प्रगति पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है।

वहीं, छोटे बच्चे कार्तिक के द्वारा बनाई गई चित्रकला के लिए उसे सम्मानित किया गया। साथ ही, सभी को तंबाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई और संगठन गांव-गांव जाकर लोगों को तंबाकू न खान के प्रति जागरूक करेगी। इस मौके पर सरजीत नागर, महेंद्र प्रधान, देशराज प्रधान, महाराज सिंह, मास्टर बालचंद नागर, मनोज नागर, सचिन नागर, दीपक शर्मा उपस्थित रहे।

### विवाहिता की हत्या के आरोप में पति, सास और ससुर गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने एक सोसाइटी में रहने वाली विवाहिता की दहेज के लिए हत्या करने के आरोपी पति, सास और ससुर को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल तीन आरोपी अभी फरार है। पुलिस इनकी तलाश में जुटी है। मूल रूप से बुलंदशहर की रहने वाली लक्ष्मी उर्फ कल्लो की शादी सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र की मिग्सन सोसाइटी में रहने वाले सौरभ राणा के साथ हुई थी। गुरुवार को लक्ष्मी उर्फ कल्लो ने ससुराल पक्ष के लोगों की प्रताड़ना से तंग आकर अपने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में मृतका के पिता ने आरोपी पति समेत छह के खिलाफ दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया था। दहेज में कार और पांच लाख रुपये की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित किया जा रहा था। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपी पति सौरभ, ससुर किशन सिंह और सास बेबीलता को गिरफ्तार किया है।

### ढाबा संचालक को कार से कुचलकर हत्या के प्रयास में आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** गांव आकलपुर में मंगलवार रात कार से कुचलकर हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों का एक साथी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस ने बताया कि गांव आकलपुर निवासी वेदप्रकाश व मनवीर साझेदारी में भीकनपुर मार्ग पर ढाबा चलाते हैं। मंगलवार रात करीब 12 बजे दोनों ढाबा बंद कर बाइक से गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में गांव के ही विकास ने पुरानी रंजिश के चलते उनकी हत्या की योजना बनाई और अपनी स्कार्पियो कार से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। हमले में वेदप्रकाश का कुल्हा व पैर टूट गया और मनवीर को भी चोटें आई थीं। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोप है कि हमले से 6 महीने पहले आरोपियों ने वेदप्रकाश को जान से मारने की धमकी दी थी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कार चालक विकास उसके साथी राहुल (आकलपुर) और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नामजद दोनों आरोपियों को इनके एक साथी वाजिद अली समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### जिस देश की जड़ मजबूत होगी उसे कोई हिला नहीं सकता: किरेन रिजिजू

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि जिस देश की जड़ मजबूत होगी उसे कोई हिला नहीं सकता और विश्व गुरु बन सकता है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद विदेशों में रह रहे लोग अब गर्व से कहते हैं कि हम भारतीय हैं। किरेन रिजिजू शनिवार को ग्रेटर नोएडा के शारदा विश्वविद्यालय में स्वदेशी पुनरुत्थान की दिशा में औपनिवेशिक बुनियादी ढांचे को खत्म करने के विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम अपनी संस्कृति को खोते जा रहे हैं और विदेशी संस्कृति को अपनाते जा रहे हैं। युवा अपने गांव का नाम नहीं बता पाते, लेकिन विदेशों के शहरों के नाम उन्हें बेखूबी याद रहते हैं। भारत की सभ्यता बहुत पुरानी है और मजबूत भी है। हमें अपनी मातृभाषा को बचाने के लिए जोर देना पड़ता है। असली सफलता वह होती है, जब बाहर के लोग आपसे जुड़े। वहीं विवि के चांसलर पीके गुप्ता ने कहा कि भारतीय संस्कृति के प्रचार- प्रसार के लिए सभी को एकजुट होकर आगे आना चाहिए।

# रैपर बनाने की फैक्ट्री में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** कोतवाली बादल. पुर क्षेत्र स्थित प्लास्टिक के रैपर बनाने की फैक्ट्री में शुक्रवार रात आग लग गई। आग लगने से फैक्ट्री में अफरा तफरी मच गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दमकल की चार गाड़ियों ने चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक फैक्ट्री में में रखा माल जलकर राख हो गया । मशीनों को भी नुकसान हुआ है। आग का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

छपरौला औद्योगिक क्षेत्र में सिला लेमिनेटर प्राइवेट लिमिटेड नाम से प्लास्टिक के रैपर बनाने की फैक्ट्री है। शुक्रवार रात नौ बजे फैक्ट्री में अचानक आग की लपटें उठने लगी। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। इससे फैक्ट्री में अफरातफरी मच गयी।फैक्ट्री में मौजूद कर्मचारी अपने जान बचाने के लिए सुरक्षित जगह की ओर दौड़ने लगे। आग को काबू करने के लिए दमकल की गाड़ियों को बुलाया गया। चार घंटे की कड़ी मश्क्कत के बाद रात करीब एक बजे आग पर काबू पाया गया। तब तक माल सहित मशीनों को नुकसान पहुंच चुका था।

कोतवाली प्रभारी बादलपुर अमित भड़ाना ने बताया कि शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी। दमकल की चार गाड़ियों ने चार घंटे में आग पर काबू पाया। फैक्ट्री मालिक के अनुसार आग से एक करोड़ रुपये का नुकसान का अनुमान है।

## नोएडा में एक साथ 14 कोरोना संक्रमित मिले

**नोएडा।** यूपी में कोरोना वायरस फिर से डरा रहा है। नोएडा में 24 घंटे के भीतर 14 लोगों की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। यहां पहले कोरोना संक्रमितों की संख्या 43 थी।

नए केस आने के बाद नोएडा में कोरोना संक्रमितों की संख्या 57 हो गई है। इसमें 30 पुरुष और 27 महिलाएं शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि सभी संक्रमित होम आइसोलेशन में हैं।

यूपी में शनिवार को एक्टिव केसेज की संख्या 71 पहुंच गई। कोरोना से आगरा में अब तक 2 की मौत हो चुकी है। कोरोना के बढ़ते केस को देखते हुए मेरठ, प्रयागराज, कानपुर के अस्पतालों मॉकड्रिल किया गया है। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में ढाई साल बाद फिर से कोरोना के संदिग्ध मरीजों के सैंपलों की जांच शुरू होगी। यहां माइक्रोबायोलॉजी डिपार्टमेंट ने शासन से त्ज-च्छ्ब जांच किट मांगी है।

# जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला संप्रेषण गृह किशोर स्थित नोएडा फेस 2 का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर मलखान सिंह द्वारा विगत दिवस राजकीय संप्रेषण गृह किशोर स्थित फेस टू नोएडा जनपद गौतम बुद्ध नगर नगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संप्रेषण गृह में निवास कर रहे हैं विभिन्न जनपदों के किशोरों से उनके मुकदमों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा संप्रेषण गृह में निवासित किशोरों के लिए आहार व्यवस्था तथा भौतिक सुख सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई ।

जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर द्वारा निरीक्षण के दौरान सहायक अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि मैन्युअल के अनुसार किशोरों के रखरखाव एवं डाइट तथा उनकी भौतिक सुख सुविधाओं को अनुरक्षित



करें। निरीक्षण के दौरान माननीय जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह के साथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्र मोहन श्रीवास्तव तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज पुष्कर, एसीपी वर्णिका सिंह, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडे एवं अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ग्रेटर नोएडा में सभी पानी की टंकियों की होगी सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पानी की स्वच्छता के मद्देनजर भूमिगत जलाशयों के साथ ही अब अपर जलाशयों (टंकियों) की सफाई कराने का भी निर्णय लिया है। इसकी षुरुआत 3 जून से होगी। सबसे पहले सिग्मा फोर के ओवरहेड टैंक की सफाई की जाएगी। प्राधिकरण ने अपर जलाशयों की सफाई के लिए तिथिवार शेड्यूल जारी कर दिया है। प्राधिकरण स्वच्छ जलापूर्ति के लिए तय समयावधि में जलाशयों की सफाई कराता रहता है। जिस दिन सफाई होगी उस दिन सुबह की जलापूर्ति होगी। दोपहर व शाम को पानी का प्रेशर कम रहेगा। इसलिए जल विभाग की तरफ से पानी को स्टोर करके रख लेने की सलाह दी गई है और अगर किसी जगह पानी नहीं मिल पाता है तो वह टैंकर मंगवा सकता है। जल विभाग ने टैंकर का भी इंतजाम किया है। टैंकर मंगवाने के लिए संपर्क नंबर भी दिए गए हैं।




महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह ने बताया कि पानी की स्वच्छता को बरकरार रखने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण नियमित रूप से अपर व भूमिगत जलाशयों की सफाई कराता रहता है। प्राधिकरण ने भूमिगत जलाशयों की सफाई पहले ही शुरू करा दी है। अब अपर जलाषयों की सफाई शुरू कराने जा रहा है। जल विभाग ने जलाशयों की सफाई के लिए तिथिवार शेड्यूल जारी कर दिये हैं। शेड्यूल को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा। तय शेड्यूल के हिसाब से जलाशयों की सफाई कराई जाएगी। इस दौरान संबंधित एरिया में पानी का प्रेशर कम रहेगा।

अगर कहीं पानी नहीं पहुंचता है तो टैंकर भी मंगवा सकते हैं। इसके लिए जल विभाग की तरफ से संपर्क नंबर भी जारी कर दिए गए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने ग्रेटर नोएडावासियों से अपील की है कि जलाशयों की सफाई के दौरान पानी का प्रेशर कम रह सकता है। पानी को ड्रम आदि में पहले से ही स्टोर करके रख लें। पानी की खपत कम करें। जलाशयों की सफाई के दौरान प्राधिकरण का सहयोग करें।

**पानी की दिक्कत हो तो इन नंबरों पर करें कॉल:** पानी की दिक्कत होने पर ग्रेटर नोएडा के निवासी इन नंबरों (7983604110, 9811839456, 9873763995, 9899331572, 9654302913, 8130504019, 8377911380, 9871090100 और 8859285804) पर कॉल कर सकते हैं।

# चोरी के शक में सोसाइटी में ई-रिक्शा चालक की पीट-पीटकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के थाना बिसरख क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसाइटी में शुक्रवार शाम को एक ई-रिक्शा चालक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान रिंकू पाल (35) निवासी विजयनगर गाजियाबाद के रूप में हुई है। वह पेशे से ई-रिक्शा चलाता था। कोतवाली पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

कोतवाली पुलिस का कहना है कि रिंकू किसी कार्य से सोसाइटी में गया था। जहां के गार्डों ने उससे जब सोसाइटी में आने का कारण पूछा तो वह बता नहीं सका। इसके बाद गार्डों ने सोसाइटी प्रबन्धन के लिए काम कर रहे दो मजदूरों को उस पर चोरी करने का शक हुआ। आरोप है कि शक के आधार पर ही दोनों ने रिंकू से बहस शुरू कर दी। देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। मजदूरों ने रिंकू की प्लास्टिक के पाइप से पिटाई कर दो जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची थाना बिसरख पुलिस ने घायल रिंकू को तत्काल उपचार के लिए पास के नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार का कहना है पुलिस ने मृतक के परि. जनों से तहरीर प्राप्त कर मुकदमा दर्ज किया है। दोनों आरोपित को हिरासत में ले लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि मृतक पर चोरी का शक बिना किसी ठोस आधार के किया गया था। मामले को गंभीरता को देखते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जिससे घटना के सभी पहलुओं को देख जा सके। सोसाइटी में कार्यरत अन्य श्रमिकों और गार्डों से भी पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि होगी और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से न रहे वंचित : मा. सदस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** महिलाओं की सुरक्षा एवं महिलाओं के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र महिलाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य मिनाक्षी भराला ने तहसील सदर के सभागार में उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव, एडीसीपी मनीषा सिंह, एसीपी प्रसाली गंगवार, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण कल्याण अधिकारी आशीष कुमार, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष के सी विरमानी तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा महिलाओं के कल्याणार्थ जो जनकल्याणकारी योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किया जा रहे हैं, उनका जनपद में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराते हुए पात्र महिलाओं तक उसका लाभ पहुंचने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए कैंप लगाकर लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करें और जो शासन से आप लोगों का लक्ष्य जनपद के लिए निर्धारित किया गया है उसकी शत् प्रतिशत प्राप्ति करें।

इस अवसर पर बैठक में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों ने माननीय सदस्या को अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं की वर्तमान तक की प्रगति से माननीय सदस्य को अवगत कराया।

तदोपरांत माननीय सदस्य ने महिला जनसुनवाई करते हुए जनसुनवाई में आई पीड़ित महिलाओं



की समस्या को बहुत ही सहजता के साथ सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में जो भी महिला उत्पीड़न के प्रकरण लंबित चल रहे हैं, उनका निस्तारण पुलिस एवं संबंधित विभागों के अधिकारी गण आपसी समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें एवं उसकी रिपोर्ट आयोग को भी प्रेषित करें।

जनसुनवाई के दौरान 15 मामले प्राप्त हुए। माननीय सदस्य ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरणों जिसमें महिला के साथ उत्पीड़न होना सही पाया गया है उन पर विशेष ध्यान देते हुए यथाशीघ्र पीड़िता को न्याय दिलाने का काम किया जाए। साथ ही कहा कि महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों का अधिकारी गण बहुत ही गहनता के साथ जांच करें, और यदि शिकायत फर्जी पाई जाती है तो संबंधित महिला के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए।

महिला जनसुनवाई करने के उपरांत माननीय सदस्य ने तहसील सदर के ग्राम डाढा कासना में साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मा0 सदस्य टीकाकरण, ओपीडी, ओटी, लेबर रूम, नर्सिंग रूम तथा जेएसवाई वार्ड में पहुंची जहां पर उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया जोकि दुरुस्त मिली। उन्होंने साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर में दवा एवं मेडिकल उपकरण की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में बनी रहे तथा अस्पताल में आने वाली दवाओं का रिकॉर्ड भी नियमित मेंटेन किया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में आने वाले मरीजों हेतु सभी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त बनी रहे एवं अस्पताल परिसर में साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।

# रंजिश में पालतू कुत्ते को जहर देकर मारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक पड़ोसी पर पालतू कुत्ते की हत्या का आरोप लगा है। रामपुर खादर गांव की रहने वाली शीला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

शीला का कहना है कि उनका पड़ोसी से पहले से विवाद चल रहा था। शुक्रवार रात को उनका पालतू कुत्ता पड़ोसी के घर गया था। जब कुत्ता वापस आया तो उसके मुंह से झाग निकल रहे थे। कुछ देर बाद कुत्ते की मौत हो गई।

पीड़िता का आरोप है कि पड़ोसी ने रंजिश के कारण उनके कुत्ते को जहरीला पदार्थ खिला दिया। घटना के तुरंत बाद पुलिस को सूचना दी गई। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि कुत्ते के शव का पंचनामा करा लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई करेगी।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# बिना लाइसेंस कीटनाशक बेचने वालों पर कृषि विभाग की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र के गांव दोयमी में स्थित एक मकान में अवैध रूप से नामी कम्पनियों की कीटनाशक रसायन बेचने की शिकायत मिलने पर कृषि विभाग, जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक मकान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने भारी मात्रा में नामी कंपनियों के खाली बैग, सिलाई मशीन, चिपकाने की मशीन, तराजू कीटनाशक आदि बरामद किया है। टीम ने कीटनाशक के नमूने लेकर लैब में भेज दिए है। मामले में देहात थाना पुलिस ने जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार की तहरीर के आधार पर हापुड़ के गांधीगंज निवासी पियूष बंसल तथा मेरठ के धीरखेड़ा गांव के सिद्धांत कसाना के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है और मामले की जांच की जा रही है।

जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि थाना देहात क्षेत्र के गांव दोयमी में स्थित एक मकान में गांव अतराड़ा निवासी वरुण त्यागी के मकान को आरोपियों द्बारा बिना लाइसेंस के अवैध रूप से नामी कंपनियों का कीटनाशक बेचा जा रहा था। जिसकी सूचना पर छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में कृषि रसायन कीटनाशक बरामद हुआ। टीम ने कीटनाशक के नमूने लेकर लैब में भेज दिए। उन्होंने बताया कि मौके से टीम ने सिद्धांत कसाना और पियूष बंसल से पूछताछ की तो बताया कि यह मकान वरुण त्यागी का है जिसे उन्होंने किराए पर लिया हुआ है। टीम ने मौके से नामी कंपनियों के खाली बैग, सिलाई मशीन, चिपकाने की मशीन, तराजू कीटनाशक आदि बरामद किया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए कॉपीराइट एक्ट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है। उन्होंने बताया कि टीम ने नमूने लेकर प्रयोगशाला भेज दिए है। जिससे स्पष्ट हो सके की कीटनाशक नकली है या असली।



# अवैध हथियार व चाकू के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो बदमाशों को अवैध हथियार व चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान दो बदमाशों को अवैध चाकू व अवैध तमंचा एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बदमाश की पहचान शाहबाज पुत्र नसीम निवासी मोहल्ला श्याम नगर थाना लिसाडी गेट व दीपक उर्फ काला पुत्र खचेड़ू निवासी ग्राम मीठेपुर थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि बदमाश की गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।





# एसपी ने पुलिस कर्मियों को दिलाई तंबाकू से दूर रहने की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने रिज़र्व पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर शपथ दिलाई। सभी ने प्रण लिया की भविष्य में तंबाकू का सेवन नहीं करेंगे।

देशभर में शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जगह-जगह पर लोगों को तंबाकू का सेवन न करने की सलाह भी दी जा रही है। ऐसा ही कुछ हापुड़ जिले में देखने को मिला जहां पर एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने रिज़र्व पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों को बुलाया। यहां सभी पुलिसकर्मी इकट्ठा हुए जहां परिसर में खड़े होकर एसपी ने सभी को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर शपथ दिलाते हुए कहा कि आप लोग कभी भी भविष्य में तंबाकू का सेवन नहीं करेंगे। आप किसी भी नशीले पदार्थ का भी सेवन नहीं करेंगे क्योंकि इसका सेवन करना आपके लिए हानिकारक हो सकता है आपको यह नुकसान पहुंचा सकता है। बताते चलें कि जिला प्रशासन के द्वारा भी समय-समय पर तंबाकू को लेकर कार्यक्रम किए जाते रहे हैं जिसमें जनता को जागरूक करने का काम किया जाता है बताया जाता है कि तंबाकू का सेवन बिलकुल भी ना करें।



# पुलिस ने चोरी की घटनाओं का किया खुलासा, माल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड नगर पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई दो चोरीयों की घटना का खुलासा करते हुए चार अन्तर्राज्यीय चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चोरी के चांदी के आभूषण, नकदी, चोरी करने के उपकरण, घटना में प्रयुक्त कार, एक अवैध तमंचा व 6 अवैध चाकू बरामद किए है।

नगर कोतवाली प्रभारी मुनीश प्रताप ने बताया कि क्षेत्र में हुई दो चोरियो की घटना का खुलासा करते हुए 4 अन्तर्राज्यीय चोरों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से चोरी के चांदी के आभूषण 4 कड़े, 7 पाजेब, 9 बिछुए, एक माला अहोई, 20 सिक्के, 20 हज़ार रूपये की नगदी, घटना में प्रयुक्त ब्रेज़ा कार, चोरी करने के उपकरण लोहे की एक रोड, एक बोल्ट कटर, एकप पेचकस, एक अवैध तमंचा कारतूस व 6 अवैध चाकू बरामद किए है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए चोर शातिर किस्म के अपराधी हैं। जिनके उपर चोरी, लूट आदि अपराधों के करीब एक दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। चोरों की पहचान आकाश पुत्र रामफेर, अकरम उर्फ शाहरुख पुत्र मुल्ला इरफान, शिवम पुत्र विनोद, मोनिश अहमद पुत्र अब्दुल अजीज के रूप में हुई है। फिलहाल चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया गया है।



# तंबाकू निषेध दिवस पर दुकानदारों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले भर में तंबाकू विरोधी अभियान चलाया गया। अभियान के तहत प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू बेचने वाले दुकानदारों को कानूनों की जानकारी दी गई और नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर आयोजित इस अभियान का नेतृत्व जिला कार्यक्रम समन्वयक परीक्षित तेवतिया ने किया। उन्होंने अपनी टीम के साथ तहसील चौपला, फ्रीगंज रोड, रेलवे स्टेशन, रेलवे रोड और गोल मार्केट जैसे प्रमुख इलाकों में अभियान चलाकर दुकानों की जांच की। स्वास्थ अधिकारी परीक्षित तेवतिया ने दुकानदारों को स्पष्ट रूप से हिदायत दी कि वे तंबाकू उत्पादों को खुले में डिस्प्ले न करें। साथ ही, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तंबाकू या उससे संबंधित कोई भी उत्पाद बेचने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इस मुहिम का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं था, बल्कि दुकानदारों और आम लोगों को यह समझाना था कि तंबाकू सेवन केवल व्यक्ति विशेष ही नहीं, पूरे समाज को प्रभावित करता है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दुकानदारों को कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधानों की जानकारी भी दी। विभाग का कहना है कि यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# तमंचा लगाकर घूम रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना हाफिजपुर पुलिस नेशनिवार को चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया है।

थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि थाना हाफिजपुर पुलिस द्वारा मीरपुरकलां से हसनपुर जाने वाले रास्ते पर चेंकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान संदिग्ध प्रतीत होने पर ज़ब युवक की तलाशी ली गई तो उसके कब्ज़े से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस युवक को थाने लें आई। पुलिस पूछताछ में युवक की पहचान वरुण पुत्र नरेश निवासी ग्राम मीरपुरकलां के रूप में हुई जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ हैं।



## एक नजर

# अवैध हथियार व चाकू रखने के मामले में न्यायालय ने दो दोषियों को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस द्वारा अवैध रूप से असलहा रखने् के मामले में दो आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई गई साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2017 में आरोपी हसीन द्वारा अवैध रूप से चाकू रखने व वर्ष 2024 में आरोपी नन्हे द्वारा अवैध रूप से असलहा रखने के सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया था। उक्त मुकदमे में आरोपियों को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायलय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय द्वारा दोनों आरोपियों को दोषी मानते हुए आरोपी हसीन को एक वर्ष 4 माह 21 दिवस व 500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया वही आरोपी नन्हे को एक वर्ष एक माह 15 दिवस व 500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने फुरकान कुरैशी का पटका पहनाकर किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी धौलाना पहुंचे जहां संगठन सृजन अभियान की एक बैठक हुई। बैठक में लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत लोगों को घर घर जाकर लोगों को जोड़ने का कार्य पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा किया जा रहा हैं। बैठक में जिला समन्वयक अवनीश काजला भी पहुंचे। जिला समन्वयक अवनीश काजला ने कहा कि पार्टी के निर्देश पर हर जनपद की प्रत्येक विधानसभा में जाकर चौपाल बैठक की जा रही है। जिसका उद्देश्य संगठन को खड़ा कर मजबूत करना हैं। इसी बीच समाजवादी पार्टी छोड़कर आए फुरकान कुरैशी ने शनिवार को संगठन सृजन की बैठक में कांग्रेस की सदस्यता ली। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने फुरकान कुरैशी का पटका और फूल माला पहनाकर स्वागत किया हैं। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य हरिओम चौहान, सोशल आउटरीच कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप आत्रेय, पूर्व बिक अध्यक्ष चमन शर्मा, रामौतार ठेकेदार, पूर्व जिला सचिव मोहम्मद जावेद राणा, मुरसलीन चौधरी, मन्नू प्रधान, सलीमुद्दीन सैफी, मुस्तज़फ चौधरी, गौरव गर्ग, भरतलाल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर मेधावी छात्रों को प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

**बागपत।** रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती समारोह भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय की अध्यक्षता में मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम कर रानी अहिल्याबाई के जीवन और उनके योगदान को याद करके उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। रानी अहिल्याबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी डा.चन्द्रमोहन ने कहा कि महान विभूति रानी अहिल्याबाई होलकर के जन्म त्रिशताब्दी पर भाजपा द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण और विचार गोष्ठियां, प्रदर्शनी शामिल थीं। उन्होंने बताया कि इस समारोह का उद्देश्य रानी अहिल्याबाई के जीवन, उनके योगदान और उनकी विरासत को याद करना था। कहा कि रानी अहिल्याबाई को भारत में महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय के प्रतीक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने बताया कि रानी अहिल्याबाई ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए 28 वर्षों के शासनकाल में मालवा को सुरक्षित व सुदृढ़ किया। अनेक मंदिरो का जीर्णोद्धार कराया जो हम सभी को समाज के लिए कुछ करने की सीख प्रदान करता है। जिलाध्यक्ष वेदपाल ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर रानी नहीं थीं, बल्कि वो गरीब, असहायों की माता थीं, उन्होंने पूरा जीवन शासक के रूप में नहीं, बल्कि भगवान शिव का प्रतिनिधि के रूप में आमजन की सेवा कीं। इस दौरान अहिल्याबाई होल्कर पर आधारित एक प्रतियोगिता में शामिल हुए मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन राशि व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नही है गलत आचरण के चलते मैं अपने पुत्र अंकित से संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सन्त कुमार पुत्र बलजीत निवासी ग्राम फतेहपुर थाना सिंघावली अहीर तहसील व जनपद बागपत।

# ईद व दशहरा को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को थाना बहादुरगढ़ और थाना हाफिजपुर पर आगामी त्यौहार ईद और दशहरा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर धर्मगुरुओं के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें त्योहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाए जाने की अपील की गई। साथ ही लोगों से कहा गया कि किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं दिया जाए।

कुछ असामाजिक तत्व माहौल खराब करने का प्रयास करते हैं। थाना प्रभारियों ने अपील की है कि ऐसे लोगों की सूचना पुलिस और प्रशासन को दें। साथ ही कुर्बानी की वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड न करें। लोगों से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की गई। आगामी त्यौहार ईद और दशहरा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों से आहवान किया कि वह खुले में कुर्बानी न करें और अवशेष का इधर-उधर न फेंके तथा नालियों में कुर्बानी का खून न बहाए, कुर्बानियों से निकलने वाले रक्त को नालियों में प्रवाहित न करके गड्ढ़ा खोदकर एकत्र कर दबाया जाए। थाना प्रभारियों द्वारा कहा गया कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दिया जाए। सौहार्द बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। अमन और शांति कायम रखना प्रत्येक नागरिक का फर्ज है।



# यूपी के पांच मजदूरों की पंजाब की पटाखा फैक्ट्री में हुई दर्दनाक मौत किया शौक व्यक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी यूपी के प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने बताया कि यूपी में बेरोजगारी बढ़ने के कारण शिक्षित नौजवान और मजदूर यूपी से पलायन कर पंजाब दिल्ली हिमाचल सहित अन्य राज्यों में रोजगार को लेकर पलायन कर रहा है। जबकि पंजाब के मुक्त सर जिले ग्राम सिंधवाला में पटाखा फैक्ट्री में जबरदस्त तेजी से विस्फोट होने से यूपी के पांच मजदूर हाथरस जिले के एक अली गढ जिले के दो और फिरोजाबाद जिले के दो मजदूरों की दर्दनाक मत्यु हो गई।

यूपी सरकार पंजाब की घटना को लेकर खामोश हैं। जो कि दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी यूपी पांच मजदूरों की दर्दनाक मत्यु एवं ह्रदय विदारक घटना पर शौक व्यक्त करती हैं और यूपी पंजाब सरकारो से मृतक मजदूरों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने हेत पचास पचास लाख रुपये देने की तत्काल मांग करती हैं और पोस्टमार्टम के बाद बॉडी को एम्बुलेंस के द्वारा मृतक के गृह जिलों में तत्काल भेजने की मांग करती है।



# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ने 6 दिवसीय समर कैंप का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ने मस्ती, सीख और रचनात्मकता से भरपूर 6 दिवसीय समर कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कैंप में कई तरह की आकर्षक गतिविधियाँ शामिल थीं, जो छात्रों के ग्रीष्मकालीन अवकाश के अनुभवों को समृद्ध करने के लिए बनाई गई थीं।

कैंप की शुरुआत ही रंगों के बहते फव्वारे की तरह रंगीन साबित हुई क्योंकि स्कूल के प्रबंध निदेशक डा. आयुष सिंघल, स्कूल सचिव डा. रोहन सिंघल और स्कूल की प्रिंसिपल डा. निधि मलिक उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर छुट्टियों के दौरान बच्चों को सक्रिय रूप से शामिल रखने का सबसे अच्छा तरीका है। प्रिंसिपल डा. निधि मलिक ने इस शिविर के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। छात्रों की माताओं के लिए एक नॉन-फायर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन शिविर का विशेष आकर्षण था। विजेता माताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। शिविर एक बड़ी सफलता के रूप में सामने आया और सभी के लिए हमेशा के लिए यादें बन गईं। इसमें मस्ती, सीख और मुस्कुराहट को एक साथ पिरोया गया और इस माला की खुशबू हर जगह फैल गई।



# सांप के काटने से युवती की मौत, मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ा में बीती रात घर में सो रही युवती को एक जहरीले सांप ने काट लिए जिससे उसकी मौत हों गई जिसके बाद घर में कोहराम मचा गया।

आपको बता दे बरेली निवासी सुखलाल गांव खेड़ा में किराए के मकान में रहते हैं। शुक्रवार रात को खाना खाने के बाद परिवार के सभी सदस्य सो गए। रात में अचानक बेटी सोनी के चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन उसके कमरे में पहुंचे। सोनी के मुंह से झाग निकल रहा था। कमरे में एक जहरीला सांप भी मृत अवस्था में मिला। परिजन तुरंत सोनी को निजी अस्पताल ले गए। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। गांव में युवती की मौत के बाद शोक की लहर है।





# प्रधान पति पर अवैध वसूली ओर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

## पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत कर सुरक्षा की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शनिवार को कस्बे के एक युवक ने लावड़ चौकी में तहरीर देते हुए क्षेत्र के एक गांव के प्रधान पति पर बार- बार परेशान कर अवैध वसूली करने व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार लावड़ निवासी अनस पुत्र पप्पू ने चौकी में तहरीर देते हुए बताया कि वो अपनी बाइक से आसपास क्षेत्र में थैलों की फेरी करता है उसने बताया कि क्षेत्र के महल गांव निवासी ग्राम प्रधान पति विष्णु आए दिन उसके साथ गाली


आरोपी प्रधान पति विष्णु

गलौज करता रहता है और कई बार उससे अवैध वसूली का दबाव बना चुका है। अनस ने बताया कि शनिवार को वो थैलों की फेरी करने के लिए गया था तभी कस्बे में सब्जी मंडी के पास प्रधान पति विष्णु तीन चार अन्य युवकों को साथ लेकर आ गया और उसके साथ गाली गलौच करने लगा आरोप है कि अनस के विरोध करने पर विष्णु ने अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर धारदार हथियार से हमला करने की कोशिश की तभी वो किसी तरह वहां से भाग गया।

आरोप है कि विष्णु ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने बताया कि पूर्व में भी प्रधान पति कई बार उसके साथ मारपीट कर चुका है और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दे चुका है पीड़ित युवक ने एसएसपी मेरठ से प्रधान पति की शिकायत करने की बात कही है।

# परीक्षितगढ़ में जेबकतरों ने पुलिस को दी चुनौती

## आठ दिन में दो की जेब साफ, पीड़ित ने दी तहरीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के बैंक से पैसे निकाल कर दुकान से खरीदारी कर रहे किसान के कुर्ते की जेब से जेब कतरे ने 10 हजार रुपए साफ कर दिए। पीड़ित किसान ने थाने में तहरीर दी है। वहीं घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है मगर पुलिस आरोपी का पता नहीं लगा सकी है। थाना क्षेत्र के ग्राम एत्मादपुर निवासी किसान अमरपाल सिंह ने बताया कि उसने नगर के कैनरा बैंक से 14 हजार रुपए निकाले थे जिसमें कुछ सामान खरीद लिया था तथा 10 हजार रुपए उसके कुर्ते की जेब में रखे थे जब वह मेरठ स्टैंड पर एक दुकान से सामान खरीद रहा था तभी किसी जेब कतरे ने उसकी जेब से 10 हजार रुपए निकाल लिए पीड़ित किसान ने थाने में तहरीर दी है। वहीं घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है बता दें की नगर में जेब कतरों का आतंक है आठ दिन पूर्व भी अमर सिंह पुर निवासी एक किसान की जेब से 50हजार रुपए निकल लिए थे जिसे मौके से ही पकड़ लिया था।

# बहसूमा में 7 बजे होगी ईद की नमाज

## मुस्लिम समाज के सम्मानित लोगों ने बैठक कर लिया निर्णय

- मुस्लिम कुर्बानी करते समय पर्दे का रखे ख्याल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर में स्थित इस्लामिया मदरसे में मुस्लिम समाज की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद-उल-अजहा के मौके पर ईद की नमाज सात बजे अदा की जाएगी। जिसमें मुस्लिम समाज के लोगों से मुखातिब होते हुए इस्लामिया मदरसे के मैनेजर असद अजीज एडवोकेट ने कहा कि मुस्लिम समाज कुर्बानी करते समय पर्दे का ख्याल रखें। कुर्बानी खुले या गली मोहल्ले में न करें। जिससे दूसरे समाज के लोगों को परेशानी न हो और शिकायत का भी मौका न मिले। उन्होंने कहा कि युवा कुर्बानी करते समय जानवर की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर न डालें, और न हीं अपनी बाइको एवं वाहनों पर स्टंट बाजी करें।

मुस्लिम समाज सोहार्द एवं भाईचारे का पैगाम दें। मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा ईद की नमाज 7 बजे करने का निर्णय लिया है जिसमें सात जून को सुबह 7 बजे ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की जाएगी। इस मौके पर मुख्य रूप से मुफ्ति असजद कासमी, कारी मुशर्रफ, मौलाना दानिश, मौलाना इंतेखाब, कारी साजिद, हाफिज इमरान, मौहम्मद हनीफ, अनिस राइन, अब्दुल सुब्हान, खलील सलमानी, इकबाल सलमानी, आस मोहम्मद, मोबिन सलमानी आदि लोग शामिल रहे।

# ईद-उल-जुहा के दिन सार्वजनिक स्थानों पर न करें कुर्बानी: एसएसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रिजर्व पुलिस लाईन स्थित बहुउद्देशीय हॉल में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह व एसएसपी विपिन ताडा की उपस्थिति में आगामी पर्वो को शांतिपूर्वक एवं सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु केन्द्रीय शांति समिति की बैठक आहूत की गई। आयोजित बैठक में जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों से आये हुये धर्म गुरूओ, प्रबुद्धजनो द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये।

बैठक में प्रबुद्धजनो द्वारा जनपद में विद्युत व्यवस्था, सड़क, साफ सफाई, पेयजल, ट्रैफिक व्यवस्था, जलभराव से संबंधित समस्याओ से अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियो को व्यवस्थाओ को दुरूस्त कराये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि बकरीद पर प्रति. बंधित पशुओ की कुर्बानी न दी जाये। उन्होंने नगर निगम के अधिकारी को ईदगाह के आसपास साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने जलकल विभाग को पेयजल की व्यवस्था तथा संबंधित अधिकारी को बकरा मंडी में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर भी गणमान्यजन के साथ शांति समिति की बैठक आहूत की जाये। त्यौहार के दौरान किसी भी दशा में संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने सभी गणमान्य व्यक्तियो से त्यौहार पर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। प्रशासन भी आमजन को सहयोग करने के लिए तत्पर रहेगा।

# मतलूब गौड़ के बड़े भाई के इंतकाल के बाद किठौर पहुंचे रालोद के दिग्गज नेता

- बिजनौर के सांसद चंदन चौहान विधायक अशरफ अली सहित कई नेता दुख में हुए शामिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़ के बड़े भाई मौहम्मद इनाम का विगत दिनों लम्बी बीमारी के कारण देहांत हो गया था। शनिवार को उनको खिराजे अकीदत देने के लिए उनके निवास किठौर में बिजनौर सांसद चंदन चौहान, विधायक थानाभवन अशरफ अली, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन, नरेंद्र खजूरी सदस्य अनुसूचित जाति जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश, जिला अध्यक्ष शामली वाजिद अली, जिला अध्यक्ष सहारनपुर शाह जमा खान, जिलाध्यक्ष गाजियाबाद चौधरी रामपाल सिंह, युगांश राणा, शहजाद राणा, जिला अध्यक्ष मेरठ किसान प्रकोष्ठ सुबोध भदौड़ा, जिला पंचायत सदस्य दीपक गून, जिला पंचायत सदस्य अनिकेत भारद्वाज, सुधीर रमाला, अक्षय अतलपुर, सतेंद्र तोमर, चौधरी रतन सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, विकास भैंसा, ओमकार भदौड़ा, पुनीत गेझा, यासीन अंसारी, कांग्रेस नेता बदरुद्दीन, जितेन्द्र फौजी, शेरदिन, जीशान सिद्दीकी, नासिर गौताना, शहजाद भैंसा, मोहित डागर, अनस प्रधान असीलपुर, जफर प्रधान ललियाना आदि मुख्य रूप से उनके आवास पर गए और उनके बड़े भाई के निधन पर दु:ख व्यक्त किया और कहा कि उस दु:ख कि घड़ी में सम्पूर्ण राष्ट्रीय लोकदल उनके साथ खड़ा है।

## एक नजर

### जिलाधिकारी व एसएसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह एवं एसएसपी विपिन ताडा द्वारा जिला कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में डीएम एवं एसएसपी ने बैरक, चिकित्सालय, महिला वार्ड, आइसोलेशन वार्ड आदि का निरीक्षण किया व जेल अधीक्षक को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। महिला बैरक में उन्होंने महिला कैदियो से वार्ता कर उनसे खान-पान, पैरवी हेतु वकील आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, जेल अधीक्षक जिला कारागार वीरेश राज शर्मा सहित अन्य अधिकारी व जेल के कर्मचारी मौजूद रहे।



### तक्षशिला पब्लिक स्कूल में समर कैंप का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेडा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में शनिवार को दस दिवसीय समर कैम्प का समापन हुआ। दस दिन तक चले इस कैंप में कक्षा यूकेजी से कक्षा आठ तक के बच्चों ने भाग लिया। इस कैंप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों जैसे नॉन फायर कुकिंग, साइंस एक्टिविटी, कम्प्यूटर एक्टिविटी, पर्सनेलिटी डवलपमेंट, म्यूजिक एण्ड डांस, थिएटर, योगा व स्पोटर्स आदि क्रियाकलापों में प्रमाण पत्र दिये गये। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने कैंप में भाग लेने वाले सभी बच्चों, उनके अभिभावकों व शिक्षक तथा शिक्षिकाओं को कैंप के सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा भविष्य में इस कैंप के अंतर्गत तकनीकी विकास से संबंधित गतिविधियों को भी शामिल करने का विचार विमर्श किया।

### अवैध होर्डिंग्स व यूनिपोल को तत्काल हटाए जाने के डीएम ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में सड़क सुरक्षा के संबंध में रखे गये प्रकरणो पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कुल 15 प्रकरण प्रस्तुत किये गये। डीएम ने बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हुये कहा कि यदि पैट्रोल पम्प पर बिना हेल्मेट के फ्यूल दिया जा रहा है तो इसकी सघन निगरानी की जाये जो पैट्रोल पम्प नियमो का उल्लंघन करते हुये पाया जाता है तो उस पैट्रोल पम्प के निलम्बन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होने कहा कि पैट्रोल पम्पो पर जनजागरूकता हेतु होर्डिंग्स व बैनर लगाये जाये। नगर निगम को निर्देशित किया गया कि नगर क्षेत्र के अवैध होर्डिंग, यूनिपोल हटाये जाये व इसके स्थान पर डिजीटल बोर्ड लगाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये तथा की गई कार्यवाही से समिति को अवगत कराया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि ब्लैक स्पॉट पर अच्छे साईन बोर्ड लगाये जाये तथा अन्य कमियो को भी सुधारा जाये, जिससे कि आमजन को ब्लैक स्पॉट पर गुजरते वक्त परेशानी का सामना न करना पड़े और दुर्घटना से बचा जा सके। नियमो का पालन न करने पर सख्त कार्यवाही की जाये।

# ब्लॉक सभागार में अहिल्याबाई की मनाई जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के ब्लॉक सभागार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारी सशक्तिकरण की प्रतिमा एवं महान वीरांगना लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई। मुख्य अतिथि हरेंद्र कुमार जाटव सदस्य एससी एसटी आयोग व पश्चिम क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा ने माता अहिल्याबाई होलकर के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख ब्रहम सिंह ने की तथा कार्यक्रम संयोजक रामगोपाल त्यागी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए माता अहिल्याबाई होल. कर की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा क्षेत्र से आए हुए सभी कार्यकर्ताओं व ग्राम प्रधानों एवं बीडीसी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सोनवीर सिंह, मंडल महामंत्री मोहित बंसल, पंकज त्यागी, सतीश गिरी, मोनू सैनी, संदीप सिंह क्षेत्र के सभी प्रधानगण बीडीसी सदस्य व सैकड़ो लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल महामंत्री अंकित त्यागी ने किया।

# अहिल्याबाई की जयंती पर कांग्रेसियों ने निकाली रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को पाल समाज द्वारा रिठानी स्थित पाल धर्मशाला से लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती के मौके पर रैली का आयोजन किया गया।?

जिसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष गौरव भाटी रहे। रैली शुरू होने से पहले अहिल्याबाई होल्कर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर गौरव भाटी ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर ने महिलाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सय्यद आमिर रजा, कृष्ण पाल, मंगू पाल, जुबैर कुरैशी, राकेश कुशवाहा, नफीस सैफी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोटोरोला रजर 60 अब भारत में लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मोटोरोला ने अपना नया प्रीमियम फ्लिप फोन, मोटोरोला रजर 60 लॉन्च किया। यह फोन फ्लिप फोन की दुनिया को और बेहतर बनाता है। इसे स्टाइलिश जेन जी क्रिएटर्स के लिए बनाया गया है और इसमें दुनिया का पहला जेस्चर आधारित वीडियो रिकॉर्डिंग फीचर है। मोटोरोला रजर 60 ने फ्लिप फोन पर विश्व की पहली जेस्चर आधारित वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ मोबाइल वीडियोग्राफी को नया रूप दिया है। यूजर्स बिना स्क्रीन छुए वीडियो रिकॉर्ड कर सकते हैं। हथेली उठाकर रिकॉर्डिंग शुरू करें, मुट्ठी बंद करके पॉज कर सकते है।

## जल ही जीवन है



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बढ़ती गर्मी और ठंडे पानी की जरूरत को देखते हुए वेस्टर्न यूपी टोल प्लाजा के टोल महा प्रबंधक शोएब खान ने यात्रियों के लिए दो वाटर कूलर लगवाए जिसका फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान सी.एस.आर अश्विनी चौहान सुरक्षा अधिकारी मनिंदर विहान, मैनेजर अनुज सोम, राणा प्रताप सिंह, ओंकार सिंह, आलोक पांडे, शिवा कुमार, मनोज कुमार आदि रहे।

# अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती पर मेडिकल में हुई हाफ मैराथन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज के द्वारा लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उत्सव पर हाफ मैराथन का आयोजन रन फॉर वूमेन एंपावरमेंट के लिए किया गया है।

इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरसी गुप्ता के द्वारा हाफ मैराथन के प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाई गई। नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. एस बालामणि बोस के द्वारा विद्यार्थियों को अहिल्याबाई होलकर के समाज में महिला सशक्तिकरण के अतुल्य योगदान के बारे में अवगत कराया गया।

कार्यक्रम का संचालन नर्सिंग कॉलेज के सह-आचार्य शिशिर कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ. ज्ञानेश्वर टोंक, डॉ. ललिता चौधरी, डॉ. नेहा सिंह एवं मेडिकल व नर्सिंग विभाग के कर्मचारी गण व विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्ण अपनी सहभागिता दर्ज करवाई।

# कुशल शासक परोपकारी व समाज सुधारक थीं अहिल्याबाई: सुधीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपना दल (एस) के कार्यकर्ताओं ने सुभाष नगर स्थित पार्टी कार्यालय पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती मनाई। पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष मेरठ मंडल सुधीर पंवार एडवोकेट ने लो. कमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म महाराष्ट्र के अहमदनगर में 31 मई 1725 को हुआ था वह मराठा साम्राज्य की प्रसिद्ध महारानी हुई। अहिल्याबाई होलकर सूबेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव की धर्मपत्नी थी।

वह एक कुशल शासक परा. ेपकारी व समाज सुधारक थी। उन्होंने नदियों घाटों व धर्म शालाओं



का निर्माण कराया उनकी मृत्यु 13 अगस्त 1795 में हुई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष सुधीर पंवार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अलका पटेल, प्रदेश महासचिव सहकारिता वीरेंद्र चौधरी, जिला महासचिव बलीचंद पाल, जिलाध्यक्ष शिवकुमार खटीक, पवन वर्मा, दक्षिण अध्यक्ष फौलाद कुरैशी, शहर अध्यक्ष यामीन खान आदि उपस्थित रहे।

# अहिल्याबाई का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक: विधायक अमित अग्रवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आईआईएमटी कॉलेज, गंगानगर मेरठ के सेमिनार हॉल में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर एनजीओ प्रकोष्ठ द्वारा जयंती एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गणमान्य मौजूद रहे।

जिसमें मेरठ कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष बिजेंद्र अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, महापौर हरिकांत अहलूवालिया, एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक राहुल गुप्ता, चेयरमैन आईआईएमटी ग्रुप मयंक अग्रवाल के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को संबोधित



किया व प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले होनहार छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान विधायक अमित अग्रवाल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक है।

# नगर पंचायत की जमीन पर कब्जा करने वाले आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

- अन्यों में मची खलबली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के किठौर तिराहे पर नगर पंचायत की जमीन पर कब्जे को लेकर मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद नगर पंचायत ने एक व्यक्ति के खिलाफ एसडीएम कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया है इससे नगर पंचायत की करोड़ों की जमीन पर कब्जा जमाए लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। नगर के किठौर तिराहे के पास खसरा नंबर 1532 जो नगर पंचायत की संपत्ति है तथा किसानों के खाद के गड्ढे के लिए आवंटित थी मगर करीब 4000 मी जमीन पर अनेक लोगों ने कब्जे कर अपने मकान बना लिए थे जिसकी अनेक बार शिकायत भी हुई थी तथा राजस्व विभाग ने नगर पंचायत के साथ मिलकर जमीन को चिन्हित भी किया था मगर राजनीतिक दबाव में मामला ठंडे बस्ते में पड़ गया था। नगर के ही सुरेंद्र त्यागी ने उक्त मामले की शिकायत 7 मई को मुख्यमंत्री को रजिस्टर्ड डाक से करते हुए कार्यवाही की मांग की थी मुख्यमंत्री कार्यालय से डीएम मेरठ कार्यालय को उक्त मामले की जांच कर कार्यवाही के निर्देश हुए थे जिसके बाद राजस्व विभाग की टीम ने जांच कर नगर पंचायत को अपनी रिपोर्ट पेश कर दी थी। इस मामले में नगर पंचायत ने सुरेंद्र त्यागी की शिकायत पर सलेक चंद शर्मा के खिलाफ अधिनियम 1972 के तहत 95 मीटर जमीन पर कब्जे मानते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। इस कार्यवाही से सभी कब्जाधारियों में हड़कंप मचा है।



# मुंबई की विरासत का मुकाबला करेंगी पंजाब



**हार्दिक के नेतृत्व में मौजूदा बल्लेबाजी लाइनअप शानदार है, पंजाब के पास मैच जिताऊ खिलाड़ियों की कमी नहीं**

**अहमदाबाद, वार्ता।** नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की दूधिया रोशनी में रविवार को पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस एक लाख से अधिक दर्शकों के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के खिताबी मुकाबले में जगह बनाने के लिए अपना सर्वस्व झोंकने के लिए उतरेंगे।

दोनो टीमो के बीच क्वालीफायर 2 का रोमांचक मुकाबला शाम साढ़े सात बजे से खेला जायेगा। पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई को आईपीएल के मौजूदा संस्करण में लय में आने में समय लगा मगर बल्लेबाजी में गहराई और जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन ने टीम को छठे खिताब के करीब लाकर खड़ा कर दिया है। बुमराह 6.36 की कम इकॉनमी से 18 विकेट लेकर शानदार फॉर्म में हैं और उनकी यह ताकत रविवार रात क्वालीफायर 2 में अंतर पैदा कर सकती हैं। मुंबई एलिमिनेटर में गुजरात टाइटन्स पर 20 रन की शानदार जीत के बाद इस मुकाबले में बढ़त बनाए हुए है।

हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में मौजूदा इकाई की बल्लेबाजी लाइनअप शानदार है। रोहित शर्मा ने सही समय पर लय पाई और 50 गेंदों पर 81 रन बनाए, जबकि विल जैक्स के प्रतिस्थापन के रूप में आए जॉनी बेयरस्टो ने 22 गेंदों पर 47 रन बनाकर शुरुआत में ही लय पा ली। इस बीच, सूर्यकुमार यादव ने 167.83 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 673 रन बनाकर क्रिकेट के तर्क को धता बताना जारी रखा है। मध्यक्रम

## क्वालिफायर-2

में तिलक वर्मा, हार्दिक और नमन धीर मजबूती प्रदान करते हैं, वहीं दीपक चाहर गेंद से शुरुआती बढ़त बनाने के लिए इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में आ सकते हैं। बुमराह की सटीक गेंदबाजी और नई गेंद से बायें हाथ के ट्रेंट बोल्ट की लस्वग मुंबई की ताकत बनी हुयी है।

हालांकि मुंबई अभी भी अपने चौथे गेंदबाजी विकल्प को लेकर सावधान रहेगी, क्योंकि पिछले गेम में रिचर्ड ग्लीसन ने निराश किया था। दूसरी ओर पंजाब की टीम नए जख्मों से उबर रही है। लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद क्वालीफायर 1 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उनकी हार सदमे में डालने वाली थी। हालांकि पिछली हार को भुला कर पंजाब को कल ऐसे मैदान में उतरना होगा, जहां प्लेऑफ का अनुभवहीनता और स्कोरबोर्ड का दबाव टीमों को पूरी तरह से निगल सकता है। पंजाब के पास मैच जिताऊ खिलाड़ियों की कमी नहीं है। प्रभसिमरन सिंह (517) और प्रियांश आर्य (431) ने लीग की सबसे रोमांचक युवा ओपलनग जोड़ियों में से एक बनाई है जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर ने मध्यक्रम में 516 रन बनाकर अपनी खास पहचान बनाई है। हालांकि उन्हें और भी बहुत कुछ चाहिए होगा। जोश इंग्लिस, मार्कस स्टोइनिस और शशांक सिंह को मौके का फायदा उठाना होगा।

लीग चरण में एमआई के खिलाफ इंग्लिस की विस्फोटक 73 रन की पारी सबको याद होगी। अब इसे दोहराना सबसे ज्यादा मायने रखता है। अर्शदीप सिंह की अगुवाई में पंजाब के गेंदबाज विपक्षी टीम को कम स्कोर पर रोकने का पूरा प्रयास करेंगे। काइल जैमीसन ने पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन किया था मगर युजवेंद्र चहल की अनुपस्थिति अभी भी खल रही है। अगर हरप्रीत बरार और अजमतुल्लाह उमरजई टिके रहते हैं, तो पंजाब फिर से उलटफेर कर सकता है। अहमदाबाद ने अब




तक पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को फायदा मिला है। यहां सात में से छह मैच लक्ष्य निर्धारित करने वाली टीम ने जीते हैं। इसलिए दोनों कप्तानों की निगाहें टॉस पर होंगी। मौसम विभाग के अनुसार आसमान साफ रहने और शुष्क गर्मी की उम्मीद है। दोनो टीमे चार बार एक दूसरे के सामने आयी हैं जिनमें दो-दो मैच हर टीम ने जीता है। पंजाब ने अपना 26 मई को अपना सबसे हालिया मुकाबला जीता था।

# मनसुख मांडविया 'फिट इंडिया तिरंगा साइकिल रैली' करेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया राजधानी में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के 25 वां संस्करण का रविवार को नेतृत्व करेंगे जिसे पूरे देश में तिरंगा रैली के रूप में पूरे देश में मनाया जाएगा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार राजधानी में मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ-मांडविया करेंगे।

उनके साथ रैली में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में खेल जगत से ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, अंतर्राष्ट्रीय पहलवान सरिता मोर, बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी और पूर्व क्रिकेटर और चयनकर्ता सबा करीम शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि तीन जून को विश्व साइकिल दिवस से पहले होने जा रहे इस कार्यक्रम के जरिए शरीर को 'हृष्ट-पुष्ट' रखने में साइकिल चलाने की बड़ी भूमिका के संदेश देने के साथ भारत के सशस्त्र बलों के प्रति सामूहिक रूप से सम्मान का भाव भी प्रकट किया जाएगा।

राजधानी में इस कार्यक्रम में 1,200 से अधिक साइकिल चालकों के शामिल होने की उम्मीद है। पूरे देश में कल 2,000 से अधिक स्थानों पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भुवनेश्वर में ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। दिसंबर 2024 में शुरुआत के बाद से अब तक 5,500 से अधिक स्थानों पर इसका आयोजन हो चुका है।

**खेल विशेष**

## एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने आठ स्वर्ण सहित 24 पदक जीते

**गुमी, वार्ता।** भारत ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कुल 24 पदकों के साथ अपने शानदार अभियान का समापन किया है। भारत के कुल 24 पदकों में आठ स्वर्ण, 10 रजत और छह कांस्य पदक शामिल है। भारतीय दल पिछले सत्र में छह स्वर्ण समेत 27 पदक जीते थे। चैंपियनशिप के अंतिम दिन शनिवार को भारतीय एथलीटों ने तीन रजत और तीन कांस्य पदक अपने नाम किए। पारुल चौधरी आज महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में 15 मिनट 15:33 सेकंड (15:15:33 सेकंड) का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने इससे पहले 3000 मीटर मीटर स्टीपलचेज में भी रजत पदक जीता था। भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85-16 मीटर तक भाला फेंका। बागपत के खेकड़ा गांव निवासी सचिन का इससे पहले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84-39 मीटर था। पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में अनिमेष कुजूर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 20-32 सेकंड का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए कांस्य पदक जीता वहीं अभिनया राजराजन, स्नेहा एसएस, श्राबनी नंदा और नित्या गंधे की चौकड़ी ने महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले में सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 43:86 सेकंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया जो इस प्रतियोगिता में भारत का आखिरी पदक रहा। महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में एशियाई खेलों की पदक विजेता विथ्या ने भारत को दिन का दूसरा कांस्य पदक दिलाया। तमिलनाडु की 26 वर्षीय एथलीट ने 56-46 सेकंड का समय लेकर पोडियम स्थान हासिल किया। पूजा ने भारत के लिए दिन का तीसरा कांस्य पदक जीता। उन्होंने महिलाओं की 800 मीटर दौड़ 2:01:89 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ पूरी करके तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओं की 200 मीटर की दौड़ में ज्योति याराजी 23:47 सेकंड के समय के साथ पांचवें जबकि नित्या गंधे 23-90 सेकंड के समय के साथ सातवें स्थान पर रहीं।

# बोपन्ना-पावलसेक फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में



**बोपन्ना के अनुभव और पावलसेक की चपलता ने शुरूआती मौको का फायदा उठाया**

**पेरिस, वार्ता।** भारत के रोहन बोपन्ना और चेक जोड़ीदार एडम पावलसेक ने फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर के पुरुष युगल मुकाबले में फ्रांस के फैबियन रेबुल और सादियो डौम्बिया को 6-2, 7-6(5) से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इंडो-चेक जोड़ी ने शुरुआती सेट में दबदबा बनाया और अपनी शक्तिशाली सर्विस और रणनीतिक नेट प्ले का लाभ उठाते हुए 6-2 की बढ़त हासिल की। बोपन्ना के अनुभव और पावलसेक की चपलता ने शुरुआती मौकों का फायदा उठाते हुए फ्रांसीसी जोड़ी की सर्विस दो बार तोड़ी। घरेलू दर्शकों से उत्साहित फ्रांसीसी खिलाड़ियों ने दूसरे सेट में जबरदस्त वापसी की। डौम्बिया और रेबुल ने अपनी सर्विस गेम को कड़ा किया और रिटर्न पर दबाव बनाया, जिससे एक करीबी मुकाबला हुआ और अंत में टाईब्रेकर हुआ। गति में बदलाव के बावजूद, बोपन्ना और पावलसेक ने संयम बनाए रखा, टाईब्रेक 7-5 से जीतकर सीधे सेटों में मैच अपने नाम कर लिया। बोपन्ना और पावलसेक ने आठ ऐस दर्ज किए, जबकि फ्रांसीसी जोड़ी ने पांच ऐस दर्ज किए और उनका पहला सर्व जीत प्रतिशत 68 प्रतिशत की तुलना में 72 प्रतिशत रहा। दोनों टीमों ने तीन-तीन ब्रेक पॉइंट बदले, लेकिन इंडो-चेक जोड़ी की महत्वपूर्ण पॉइंट जीतने की क्षमता, खासकर टाईब्रेक में, ने अंतर पैदा किया। यह जीत बोपन्ना और पावलसेक के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दोनो की एक साथ पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद जारी है।


# जुमहुर की चुनौती को पार कर अल्काराज फ्रेंच ओपन के चौथे दौरे में

**तीसरे दौर के मुकाबले में अल्काराज ने 2:57 मिनट में जीत दर्ज की**

**पेरिस, वार्ता।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने शनिवार को बोस्निया और हर्जेगोविना के दामिर जुमहुर पर चार सेटों में कड़ी टक्कर के बाद फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में अपनी जगह पक्की कर ली।

तीसरे दौर के मुकाबले में अल्काराज ने दो घंटे और 57 मिनट में 6-1, 6-3, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की, जिसमें स्पेन के खिलाड़ी ने अनुभवी बोस्नियाई खिलाड़ी की मजबूत वापसी को रोकने के लिए शानदार प्रदर्शन किया।

तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज़ ने लगातार दो सेटों में शानदार जीत दर्ज की और आक्रामक रिटर्निंग करते हुए जुमहुर की सर्विस पर दबाव बनाए रखते हुए तीन बार ब्रेक किया। हालांकि, शीर्ष 100 से बाहर की रैंकिंग वाले जुमहुर ने तीसरे सेट में वापसी की, अल्काराज की तीव्रता में कमी का फायदा उठाया और अपने 12 ब्रेक प्वाइंट अवसरों में से एक को भुनाया। चौथे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआत में ही ब्रेक का आदान-प्रदान किया, इससे पहले कि अल्काराज ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली, एक समय पर लगातार पांच गेम जीत लिए और कुल 139 अंकों के साथ समाप्त किया, जबकि जुमहुर के 118 अंक थे। चौथे दौर में उनका मुकाबला इटली के आठवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी से होगा।



# झेंग समेत कई शीर्ष खिलाड़ी फ्रेंच ओपन के अंतिम 16 में पहुंचे

**पेरिस, वार्ता।** पेरिस ओलंपिक चैंपियन चीन की झेंग किनवेन दूसरी बार फेंच ओपन के महिला एकल के अंतिम 16 में पहुंचीं। उनके अलावा कई शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनायी। आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी झेंग ने शुक्रवार को 90 मिनट से कम समय में 18 वर्षीय कनाडाई क्वालीफायर विक्टोरिया मोबोको को 6-3, 6-4 से हराया।

झेंग ने मैच के बाद कहा कि मेरा जन्म चीन में बहुत गर्म जगह वुहान मेंर हुआ था। इसलिए मैंने गर्म मौसम को काफी अच्छी तरह से संभाला है। पिछले साल, जब मैंने ओलंपिक खेला, तो यह इससे भी अधिक गर्म था। इसलिए वास्तव में मुझे यह स्थिति पसंद है, लेकिन मैं उन सभी दर्शकों को धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने आज मेरे साथ धूप में कष्ट झेला। झेंग ने अपनी युवा प्रतिद्वंद्वी की भी तारीफ करते हुये कहा कि मैं मोबोको को बधाई देना चाहती हूँ। मुझे लगता है कि उसने वाकई बहुत अच्छा खेला, और हमने एक-दूसरे को अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने के लिए प्रेरित किया। कभी-कभी हमारे पास वाकई अच्छे अंक होते थे। यह कोई आसान मैच नहीं था। बेलारूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने भी सर्बिया की ओल्गा डैनिलोविच पर 6-2, 6-3 से जीत हासिल करके लगातार तीसरे साल टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। पोलैंड की चार बार की विजेता इगा स्वियाटेक ने रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन की चुनौती को सीधे सेटों में पार करते हुए टूर्नामेंट में अपनी जीत का सिलसिला 24 मैचों तक बढ़ाया। उन्होने कहा कि मैं खुश हूं किं मैंने आखिरी गेम में शानदार प्रदर्शन किया और कोई भी मुफ्त अंक नहीं दिया। यह एक शानदार मैच था और मुझे लगता है कि यह काफी मनोरंजक था। हम दोनों ने अच्छा खेला। मैं खुश हूं कि मैं आगे बढ़ गई हूं और अपने प्रदर्शन से खुश हूं। पिछले साल की फाइनलिस्ट इटली की जैस्मीन पाओलिनी ने यूक्रेन की लकी लूजर यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-4, 6-1 से हराकर क्ले पर अपनी नौवीं लगातार जीत दर्ज की। पाओलिनी ने कहा कि पहले कुछ गेम कठिन थे। मुझे परिस्थितियों के साथ थोड़ा सा तालमेल बिठाना पड़ा, लेकिन फिर मैं कोर्ट पर बेहतर महसूस करने लगी।

# अमेरिका डोपिंग रोधी प्रणाली की खामियों को उजागर करना जारी रखूंगा: विटोल्ड

**वाडा के अध्यक्ष बांका ने डोपिंग रोधी प्रणाली की खामियों के बारे में जोर तरीके से बात की**

**वारसॉ, वार्ता।** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के अध्यक्ष विटोल्ड बांका ने अमेरिकी डोपिंग रोधी प्रणाली में गंभीर खामियों के बारे में जोरदार तरीके से बोलना जारी रखने की कसम खाई है। उन्होने वैश्विक निगरानी संस्था के प्रमुख के रूप में अपने तीसरे और अंतिम कार्यकाल के लिए फिर से चुने जाने के बाद यह कसम खाई।

पूर्व पोलिश धावक और खेल एवं पर्यटन मंत्री बांका, चीन के पूर्व शीतकालीन ओलंपिक चैंपियन यांग यांग के साथ गुरुवार को वर्चुअल फाउंडेशन बोर्ड की बैठक के दौरान फिर से चुने गए। अमेरिकी डोपिंग रोधी एजेंसी ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसे 'अंतिम 'बैट एंड स्विच' कहा। शुक्रवार को, वाडा के अध्यक्ष ने यूएसएडीए की आलोचना का जवाब दिया और कहा कि मुझे विशेष रूप से आश्चर्य नहीं है कि ऐसे शब्द यूएसए में कहे गए। पोलिश आउटलेट स्पोर्टोवे फैक्टी से उन्होने कहा कि इस देश के प्रतिनिधियों ने वास्तव में वाडा में मेरे नेतृत्व को कमजोर करने की कोशिश की। अमेरिकी सरकार ने वाडा में अपना योगदान बंद कर दिया, हमारी संस्था के बोर्ड में एक प्रतिनिधि खो दिया और अंततः चुनावों पर भी प्रभाव डाला। उन्होंने कहा कि मैं अमेरिकी एंटी-डोपिंग सिस्टम की कमियों के बारे में बेबाकी से बोलना जारी रखूंगा। बड़े और अत्यधिक विकसित पश्चिमी देश हम सभी को व्याख्यान देना पसंद करते हैं। उन्हें इस बारे में बात करना पसंद है कि एंटी-डोपिंग सिस्टम कैसा दिखना चाहिए, लेकिन जब हम उनके समाधानों को देखते हैं, तो पता चलता है कि सबसे बड़ी समस्या उनके साथ है। उदाहरण के लिए, यह अमेरिका पर लागू होता है, लेकिन जर्मनी पर भी। जब हमारे पास 23 चीनी तैराकों का मामला था, तो वे सबसे ज्यादा शोर मचा रहे थे, लेकिन वे इस बात पर ध्यान नहीं देते कि उनकी अपनी राष्ट्रीय प्रणालियों के साथ उनकी कितनी बड़ी समस्या है। बांका और यांग को मूल रूप से 2019 के खेल में डोपिंग पर विश्व सम्मेलन में वाडा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया था। दोनों का नया कार्यकाल तीन साल का होगा जो एक जनवरी, 2026 से शुरू होगा और वे 31 दिसंबर, 2028 तक सेवा करेंगे।

# गिगांटे को हराकर बेन शेल्टन फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

**पेरिस, वार्ता।** 13वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने शनिवार को कोर्ट सिमोन-मैथ्यू में इटली के माटेओ गिगांटे को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया। शेल्टन ने बड़ी सर्विस और आक्रामक ग्राउंडस्ट्रोक का बेहतरीन मिश्रण दिखाते हुए गैरवरीय गिगांटे को दो घंटे से भी कम समय में 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर पहली बार रोलांड गैरोस के दूसरे सप्ताह में प्रवेश किया। 21 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी ने 10 ऐस लगाए और अपने पहले सर्व पॉइंट में से 79 प्रतिशत जीते, 11 मौकों में से पांच बार गिगांटे को तोड़ा। शेल्टन के बेहतरीन बेसलाइन प्ले ने उन्हें रिटर्न पर 44 पॉइंट जीतने में मदद की, जबकि इतालवी खिलाड़ी ने 25 पॉइंट जीते। गिगांटे ने तीसरे दौर तक जोशपूर्ण प्रदर्शन किया था, अपने प्रतिद्वंद्वी की ताकत और सटीकता से मुकाबला करने में संघर्ष करते रहे। सम्मानजनक 57 प्रतिशत प्रथम सर्व दर और नौ सर्विस गेम रखने के बावजूद, इटालियन लगातार दबाव में थे और चार ब्रेक पॉइंट में से केवल एक को ही बदल पाया।



# टेस्ट सीरीज से पहले नायर ने दिखाए तेवर

**लंदन, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज करुण नायर ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले गैर आधिकारिक टेस्ट के पहले दिन भारत ए के लिए नाबाद 186 रन बनाकर अपने इरादे जाहिर कर दिये हैं। 33 वर्षीय करुण नायर ने 2016 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 303 रन बनाए थे, लेकिन छह मैचों के बाद उन्हें तीन टेस्ट मैचों के लिए टीम से बाहर कर दिया गया था। नायर ने अपने आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच के बाद से नॉर्थम्पटनशायर के लिए काउंटी क्रिकेट खेला है। उन्हे आगामी टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने शुक्रवार को सरफराज खान के साथ 181 और ध्रुव जुरेल के साथ 177 रन की अटूट साझेदारी की। टेस्ट टीम में जगह बनाने से चूके सरफराज ने 92 रन बनाए जबकि टेस्ट टीम में शामिल जुरेल ने दिन का खेल समाप्त होने तक नाबाद 82 रन बनाए थे। टेस्ट सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल हैम्पशायर के तेज गेंदबाज एडी जैक की गेंद पर 24 रन बनाकर कैच आउट हो गए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, लायंस के गेंदबाजों में बाएं हाथ के जोश हल सबसे आगे रहे। उन्होंने पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड के लिए पदार्पण किया था। उन्होंने भारत ए के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन को आठ रन पर एलबीडब्लू आउट किया और सरफराज को लेग साइड में कैच कराया। चार दिवसीय मैच का शनिवार को आखिरी दिन है। इसके बाद 6 जून से नॉर्थम्प्टन में दूसरा अनौपचारिक टेस्ट खेला जाएगा। इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स और भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल दूसरे मैच के लिए अपनी-अपनी टीमों में शामिल हैं।

# उज्बेकिस्तान के खिलाफ लड़कर हारी भारतीय टीम

**डायोरखोन ने 56वें मिनट मैच का एकमात्र गोल करके टीम को जिताया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिलर टीम को यहां पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में फीफा इंटरनेशनल फ्रेंडलीज के पहले मैच में उज्बेकिस्तान के हाथों 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार रात को पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद, डायोरखोन खाबीबुल्लाएवा ने 56वें मिनट मे मैच का एकमात्र गोल करके उज्बेकिस्तान को जीत दिलाई। भारत के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने टीम में कुछ नए खिलाड़ियों को शामिल किया और मजबूत उज्बेकिस्तान की टीम के खिलाफ तीन खिलाड़ियों को पदार्पण कराया।

अटैकर मनीषा नाइक और मालविका ने शुरुआती एकादश से पदार्पण किया, जबकि मिडफील्डर प्रियदर्शिनी ने दूसरे हाफ में अपना पहला मैच खेला। मैच की बराबरी की शुरुआत में भारत ने कुछ कॉर्नर अर्जित किए, जबकि गोलकीपर पंथोई चानू ने शुरुआती दौर में उज्बेकिस्तान के हमलावरों को दूर रखने में अच्छा प्रदर्शन किया। खेल के आगे बढ़ने के साथ भारत ने अधिक संयम हासिल करना शुरू कर दिया जबकि उज्बेक ने हमले बनाने शुरू कर दिए। काउंटर पर सौम्या गुगुलोथ ने डांगमेई ग्रेस को पास दिया, जो उज्बेकिस्तान की बैक लाइन से आगे निकल गई थी, और उसे केवल गोलकीपर को चकमा देना था। हालांकि, मफ्तुना जोनिमकुलोवा अपनी लाइन से बाहर निकली और भारत की फॉरवर्ड के पैरों से गेंद छीन ली।

इस बीच भारत के कोच छेत्री ने मनीषा नाइक की जगह स्ट्राइकर प्यारी ज़ाक्सा को खेल में शामिल किया। यह कदम दूसरे हाफ के शुरुआती चरणों में कारगर साबित हुआ, क्योंकि भारत ने उज्बेकिस्तान के हाफ में लंबे समय तक गेंद को अपने कब्जे में रखना शुरू कर दिया। 56वें मिनट में, बाएं किनारे से माफ्तुना शोइमोवा ने भारत के बॉक्स में एक सटीक क्रॉस भेजा, जिसे दियोराखोन ने नज़दीकी रेंज से टैप करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। दियोराखोन को एक घंटे के बाद बढ़त को दोगुना करने का मौका मिला जब उन्होंने एक और क्रॉस वॉली करने की कोशिश की, इस बार बाईं ओर से, लेकिन फॉरवर्ड गेंद को कनेक्ट नहीं कर सके, क्योंकि पंथोई ने इसे हवा से छीन लिया। भारत ने बराबरी के लिए प्रयास किया मगर असफल रही। दोनों टीमें तीन जून को पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में दूसरे फीफा इंटरनेशनल फ्रेंडली में भिड़ेंगी।

## युद्धवीर सिंह होंगे भारतीय टीम के मैनेजर

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के निदेशक रह चुके युद्धवीर सिंह भारतीय टीम के इंग्लैंड दौरे में मैनेजर की भूमिका निभायेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने शनिवार को बताया कि सिंह को इंग्लैंड दौरे के लिये भारतीय टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। भारतीय टीम इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी जिसका पहला मैच 20 जून से लीड्स में शुरू होगा। इस दौरे में टीम की कमान शुभमन गिल को सौंपी गयी है जबकि ऋषभ पंत उपकप्तान बनाये गये हैं।



कोलकाता। 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' पर आयोजित रैली के दौरान मास्क पहने छात्र।

# अमेरिका-भारत के बीच सैन्य साझीदारी पर चर्चा

## विदेश सचिव मिस्री ने वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के बारे में भी की बातचीत

**वाशिंगटन।** विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अमेरिका के विदेश, रक्षा, राजकोषीय और वाणिज्य विभागों और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के शीर्ष अधिकारियों के साथ मिल कर सैन्य साझीदारी के अवसरों का विश्लेषण किया तथा वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के बारे में चर्चा की।

विदेश सचिव मिस्री ने अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के लिए 27-29, मई तक वाशिंगटन की यात्रा की। यह यात्रा 13 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की यात्रा के बाद हुई थी जिसके दौरान दोनों पक्षों ने 21वीं सदी के लिए भारत-अमेरिका समझौता (सैन्य साझीदारी के अवसरों का विश्लेषण, त्वरित वाणिज्य और प्रौद्योगिकी) का शुभारंभ किया था। उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पवन कपूर भी भारतीय

**■ उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ दोपहर के भोजन की बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय एजेंडे के सभी आयामों की समीक्षा की**



प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। विदेश मंत्रालय के अनुसार अपनी यात्रा के दौरान विदेश सचिव मिस्री ने विदेश विभाग, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, रक्षा विभाग, राजकोषीय विभाग और वाणिज्य विभाग के समकक्षों के साथ व्यापक चर्चा की। उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ दोपहर के भोजन की बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय एजेंडे के सभी आयामों की समीक्षा की। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि प्रौद्योगिकी व्यापार और प्रतिभा 21वीं सदी में भारत-अमेरिका साझीदारी को आकार देने वाले प्रमुख स्तंभ होंगे। रक्षा उप मंत्री स्टीव फीनबर्ग और नीति सचिव एल्ब्रिज कोल्बी के साथ बैठकों में, दोनों पक्षों ने एक मजबूत और दूरदर्शी रक्षा साझीदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। चर्चा सह-उत्पादन और सह-विकास पहलों, निरंतर संयुक्त सैन्य अभ्यासों, रसद और सूचना-साझाकरण ढांचे और सशस्त्र बलों के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाने पर केंद्रित थी। राजकोष विभाग के उप मंत्री माइकल फॉकेंडर के साथ, विदेश सचिव ने अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में सहयोग और आगामी वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) प्रक्रियाओं में समन्वय सहित आर्थिक और वित्तीय संबंधों को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। वाणिज्य उप मंत्री जेफरी केसलर के साथ अपनी बैठक में दोनों पक्षों ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर प्रगति, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग और आईटीएआर और निर्यात नियंत्रण नियमों को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता की समीक्षा की। वे जल्द से जल्द भारत-अमेरिका रणनीतिक व्यापार वार्ता की अगली बैठक बुलाने पर सहमत हुए। कॉम्पैक्ट में उल्लिखित दृष्टिकोण के अनुरूप, रक्षा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा, ट्रस्ट पहल, आतंकवाद-रोधी, हिंद महासागर रणनीतिक उद्यम और क्वाड, आई2यू2 और आईएमईईसी जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से सहयोग सहित कई रणनीतिक क्षेत्रों पर विस्तृत अंतर-एजेंसी चर्चाएं आयोजित की गईं।

## श्रीलंका में खराब मौसम के कारण 6000 लोग प्रभावित

**कोलंबो।** श्रीलंका में खराब मौसम के कारण लगभग 6,000 लोग प्रभावित हुए हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार प्रतिकूल परिस्थितियों ने 1579 परिवारों के 5974 व्यक्तियों को प्रभावित किया है, जबकि 1545 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। इस बीच, श्रीलंका के सरकारी सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड (सीईबी) ने मानसून में भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण शुक्रवार रात आठ बजे तक 50000 से अधिक बार बिजली कटौती की सूचना दी है। मौसम विभाग ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगले 24 घंटों तक भारी बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार हैं। लोगों को गरज के साथ स्थानीय तेज हवाओं और बिजली गिरने से बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। श्रीलंका की भौगोलीय स्थिति को देखते हुए इस तरह के खराब मौसम में ऐसी घटनाओं की आशंका अधिक रहती है। गौरतलब है कि श्रीलंका में दक्षिण-पश्चिम मानसून (मई से सितम्बर) और पूर्वोत्तर मानसून (दिसम्बर से मार्च) दो मुख्य मानसून मौसम होते हैं। इन अवधियों में अक्सर भारी वर्षा, तेज़ हवायें चलती हैं और व्यापक बाढ़ और भूस्खलन होती रहती हैं, जिसके कारण बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचता है।

## इजरायल ने अमेरिकी प्रस्ताव स्वीकारने का दबाव बनाया

# हमास को विनाश की दी चेतावनी

**यरूशलम/गाजा।** इजरायल ने हमास को चेतावनी दी है कि वह पश्चिम एशिया के लिएए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से प्रस्तावित गाजा युद्ध विराम समझौते को स्वीकार करे या विनाश का सामना करने के लिए तैयार रहे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार विटकॉफ के प्रस्ताव में गाजा में 60 दिनों के युद्ध विराम के बदले में दो चरणों में 10 इजरायली बंधकों रिहा करने और 18 शवों को सौंपने की बात कही गई है।

समझौते में 180 फलस्तीनियों के शवों के सौंपने के साथ 1236 फलस्तीनी बंदियों और कैदियों की इजरायल द्वारा रिहाई भी शामिल है। इजरायल के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने शुक्रवार को कहा कि इजरायली सेना ने गाजा में अपने अभियान को पूरी ताकत के साथ जारी रखा है और बड़े पैमाने पर हवाई, जमीनी तथा समुद्री हमले किए। इज़रायली सेना ने कल जारी एक बयान में कहा कि वायु सेना ने ज़मीनी बलों के साथ मिलकर गाजा पट्टी में कई ठिकानों पर हमले किए।

इस दौरान आतंकवादियों का सफाया हुआ और हथियारों को नष्ट किया गया। साथ ही, आतंकवादियों के भूमिगत ढांचे भी नष्ट हुए। इस दौरान, इज़रायली सैनिकों पर दो रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड दागे गए, जिसमें तीन सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए। इज़रायली सेना के अनुसार, अक्टूबर 2023 के हमास हमले के दौरान पकड़े गए 251 बंधकों में से 57 गाजा में ही रह गए हैं, जिनमें से 34 के मारे जाने की आशंका है। दूसरी ओर इजरायली सेना ने कहा है कि पिछले सप्ताह में कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 80 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, क्योंकि गाजा में हमास के साथ इजरायल के चल रहे युद्ध के बीच क्षेत्र में तनाव बढ़ता जा रहा है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को कहा कि अभियान में सात हथियार और 70 लाख से अधिक शेकेल (लगभग 20 लाख अमेरिकी डॉलर) जब्त किए गए हैं। इजरायल के रक्षा मंत्रालय के अनुसार रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने उत्तरी वेस्ट बैंक में इजरायली बस्ती सा-नूर के स्थल का दौरा किया। गौरतलब है कि सा-नूर इजरायल के सुरक्षा मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित 22 बस्तियों में से एक है, जिसे इजरायल दशकों में वेस्ट बैंक में यहूदी बस्तियों का सबसे बड़ा विस्तार बताता है।



**■ 10 इजरायली बंधकों रिहा करने और 18 शवों को सौंपने का मुद्दा उठाया**

**■ गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव पर फलस्तीनी गुटों से परामर्श कर रहा है हमास**

### दक्षिणी गाजा में इजरायली हवाई हमले में 14 फलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस में विस्थापित लोगों के लिएए लगाए गए एक तंबू पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 14 फलस्तीनी मारे गए। फलस्तीनी सुरक्षा और चिकित्सा सूत्रों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि शुक्रवार को हुए हमले में मारे गए लोगों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हमले में कई अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिएए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, इजरायली सेना ने कहा है कि उसके बलों ने पिछले 24 घंटों में पट्टी भर में अभियान जारी रखा है और इस दौरान 'आतंकवादियों, सैन्य भवनों, निगरानी और स्नाइपर ठिकानों को निशाना बनाया गया है। ये वो ठिकाने हैं जो इजरायली बलों के लिएए खतरा पैदा कर रहे थे। एक अलग बयान में सेना ने कहा कि खान यूनिस क्षेत्र में काम कर रहे उसके बलों ने हमास के भूमिगत बुनियादी ढांचे की उपस्थिति के बारे में खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए लगभग एक किलोमीटर लंबी एक भूमिगत सुरंग का पता लगाया और उसे नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया कि सुरंग के मार्ग का उपयोग आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिएए किया गया था। आतंकवादियों ने क्षेत्र में नागरिक बुनियादी ढांचे का खुलेआम फायदा उठाया था। गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इजरायल की ओर से 18 मार्च को दोबारा तीव्र सैन्य अभियान शुरू किए जाने के बाद कम से कम 4058 फलस्तीनी मारे गए हैं और 11729 घायल हुए हैं।

कैट्ज और वित्त मंत्री बेजेल स्मोट्रिच ने कहा है कि कई साइटें पहले से ही अनधिकृत चौकियों के रूप में मौजूद हैं और अब उन्हें इजरायली कानून के तहत कानूनी दर्जा दिया जाएगा। वहीं हमास ने कहा है कि वह पश्चिम एशिया के लिए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से पेश किए गए गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव के बारे में फलस्तीनी बलों और गुटों के साथ परामर्श कर रहा है। नाम न बताने की शर्त पर हमास के एक सूत्र ने शुक्रवार को कहा कि परामर्श का उद्देश्य प्रस्ताव के विवरण की जांच करना और अंतिम स्थिति निर्धारित करने से पहले फलस्तीनी हितों के साथ इसकी अनुकूलता सुनिश्चित करना है। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी समाचार ने बताया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार गाजा युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई के लिए विटकॉफ के प्रस्ताव को स्वीकार करती है। एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी के हवाले से बताया कि प्रस्ताव में दो चरणों में 10 जिंदा बंधकों और 18 शवों को सौंपे जाने के बदले में गाजा में 60 दिनों का युद्ध विराम शामिल है। इजरायल 180 फलस्तीनियों के शवों के साथ 1236 फलस्तीनी बंदियों और कैदियों को रिहा करेगा। हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य बासम नैम ने एक बयान में कहा कि आंदोलन को अमेरिकी प्रस्ताव पर इजरायल की प्रतिक्रिया मिल गई है। इजरायल की स्थिति फलस्तीन की मुख्य मांगों को संबोधित करने में विफल रही है, जिसमें शत्रुता की पूर्ण समाप्ति और गाजा पर लंबे समय से चली आ रही नाकाबंदी को हटाना शामिल है।

## म्यांमार में नशीली दवाओं के बड़े पैमाने पर कारोबार का भंडाफोड़

**नेपीडॉ।** म्यांमार में अधिकारियों ने हाल के दिनों में देश के सबसे बड़े मादक पदार्थों के भंडाफोड़ में लगभग 20 लाख उत्तेजक गोलियां और 134 किलोग्राम से अधिक हेरोइन जब्त की है, जिनकी कीमत लगभग 30 लाख अमेरिकी डॉलर है। म्यांमार पुलिएस ने एक बयान में यह जानकारी दी। 'ग्लोबल लाइट ऑफ म्यांमार' की एक रिपोर्ट के अनुसार खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए, 20 मई की देर रात लेवे टाउनशिप में यह अभियान चलाया गया।

मादक पदार्थ प्रवर्तन इकाई एक संयुक्त टीम के नेतृत्व में अधिकारियों ने 20 मई की देर रात औंगनांगचो से प्यिनमाना जा रहे एक फूसो 12-पहिया ट्रक को रोका। ट्रक को ज़नि म्यो हेट आंग (उर्फ काला ले) चला रहा था और उसके साथ मिन खांट क्याव और म्यात सो ओ (उर्फ सुपर) भी थे। ट्रक में करीब दो लाख मेथामफेटामाइन की गोलियां और 134.2 किलोग्राम हेरोइन पाई गईं। इसके साथ ही दो शेवरले कारों को भी रोका गया, जो एस्कॉर्ट वाहन माने जा रहे थे। इनके चालक थुरिन को को, क्याव म्यो हलिएंग (उर्फ क्याव गी) और ने ओओ शीन को हिरासत में लिएया गया। जांच के बाद अगली सुबह और गिरफ्तारियां हुईं। पाइनमाना टाउनशिप के एक होटल में, पुलिएस ने पॉ लू (उर्फ पॉ लू चान), सो ल्विन और थीन सैन हटन (उर्फ काला ले) को पकड़ा, जिनके बारे में माना जाता है कि वे शान राज्य से मांडले तक ड्रग्स ले जाने वाले तस्करी नेटवर्क के सरगना हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू हो गई है, पुलिएस ने कहा कि बड़े पैमाने पर तस्करी के इस अभियान में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान करने और उन्हें हिरासत में लेने के प्रयास जारी हैं। यह नवीनतम जब्ती कुछ दिन पहले ही शान राज्य में हुई ऐसी ही एक छापेमारी के बाद हुई है, जहां अधिकारियों ने लगभग 93,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य की पांच लाख उत्तेजक गोलियां जब्त की थीं।



**■ 20 लाख उत्तेजक गोलियां, 134 किलोग्राम हेरोइन जब्त**

## स्टील-एल्युमीनियम पर अमेरिका में ऊंचे शुल्क से भारतीय निर्यातक चिंतित

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने अमेरिकी में स्टील और एल्युमीनियम पर आयात शुल्क को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की हाल की घोषणा पर चिंता व्यक्त की है और सरकार से भारतीय स्टील निर्यात की सुरक्षा के लिएए अमेरिका के साथ कूटनीतिक प्रयास करने का आग्रह किया है।

निर्यातकों का कहना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ऐसी कार्रवाई से भारत के स्टील और एल्युमीनियम निर्यात, विशेष रूप से मूल्यवर्धित और तैयार स्टील उत्पादों और वाहनों के कल पुर्जों का निर्यात प्रभावित होगा भारत के निर्यातकों के

**■ ये उत्पाद भारत के बढ़ते इंजीनियरिंग निर्यात का हिस्सा है**

शीर्ष मंच फियो के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि अमेरिकी स्टील और एल्युमीनियम आयात शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि का विशेष रूप से स्टेनलेस स्टील पाइप, स्ट्रक्चरल स्टील कंपोनेंट और ऑटोमोटिव स्टील पार्ट्स जैसी अर्ध-तैयार और तैयार इस्पात उत्पादों के निर्यात पर प्रभाव पड़ेगा। ये उत्पाद भारत के बढ़ते इंजीनियरिंग निर्यात का हिस्सा हैं, और उच्च शुल्क अमेरिकी बाजार में हमारी मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता को कम कर सकते हैं। भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को लगभग 6.2 अरब डॉलर मूल्य के स्टील और तैयार स्टील उत्पादों का निर्यात किया, जिसमें इंजीनियर्ड और फैब्रिकेटेड स्टील घटकों की एक विस्तृत श्रृंखला और लगभग 86 करोड़ डॉलर के एल्युमीनियम और उसके उत्पाद शामिल हैं। भारतीय स्टील निर्माताओं के लिएए अमेरिका शीर्ष गंतव्यों में से एक है, जो उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादन और प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण के माध्यम से धीरे-धीरे बाजार हिस्सेदारी बढ़ा रहे हैं। फियो के अध्यक्ष ने एक बयान में कहा कि हालांकि हम समझते हैं कि यह निर्णय अमेरिका में घरेलू नीतिगत विचारों से उपजा है।

## सोल में मेट्रो में लगी आग, 15 लोगों को अस्पताल में भर्ती

**सोल।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल में शनिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 8:47 बजे सबवे लाइन 5 की एक मेट्रो ट्रेन में आग लग गई, जिसमें 15 लोग झुलस गए, जिन्हें उपचार के लिएए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिएस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 60 से 70 साल का एक व्यक्ति मेट्रो में टॉर्च और जेरीकैन लेकर आया था। कथित तौर पर उसने येओइना: और मापो स्टेशनों के बीच आग लगा दी। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार आगजनी के संदिग्ध को पुलिएस ने गिरफ्तार कर लिएया है। ट्रेन में सवार यात्रियों को बाहर निकाल लिएया गया है। आग बुझाने का काम पूरा हो गया है।

## रूस-यूक्रेन वार्ता का नया दौर दो जून को होने की उम्मीद

**पुतिन ने पहले यूक्रेन को 15 मई को इस्तांबुल में बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी वार्ता फिर से शुरू करने का दिया था सुझाव**



**मॉस्को/इस्तांबुल।** रूस-यूक्रेन वार्ता का नया दौर इस्तांबुल में तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोआन के कार्यालय में होने की उम्मीद है। सूत्रों ने कहा कि सबसे अधिक संभावना है कि यह दौर फिर से डोलमाबाहचे में कार्यालय में होगा।

संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थाई प्रतिनिधि वसीली नेबेंजिया ने शुक्रवार को कहा कि इस्तांबुल में यूक्रेन के साथ संभावित आगामी वार्ता में रूस वार्ता प्रक्रिया के लिएए दोनों पक्षों के दृष्टिकोणों पर ज्ञापनों का आदान-प्रदान करने का प्रस्ताव करता है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पहले यूक्रेन को 15 मई को इस्तांबुल में बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी वार्ता फिर से शुरू करने का सुझाव दिया था। क्रेमलिएन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि यूक्रेन के साथ प्रस्तावित वार्ता का उद्देश्य संघर्ष के मूल कारणों को खत्म करना और रूस के हितों को सुनिश्चित करना है। रूसी प्रतिनिधिमंडल 15 मई को इस्तांबुल पहुंचा, लेकिन दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच कोई संपर्क नहीं हुआ। यह बैठक अगले दिन हुई और लगभग दो घंटे तक चली। रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी व्लादिमीर मेडिस्की ने कहा कि दोनों देश संभावित युद्ध विराम के अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिएए सहमत हुए हैं। मेडिस्की ने यूक्रेन के साथ बातचीत जारी रखने के लिएए रूस की तत्परता भी बताई। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूसी प्रतिनिधिमंडल दो जून को इस्तांबुल में दूसरे दौर की वार्ता के दौरान यूक्रेनी पक्ष को समझौते पर एक ज्ञापन प्रस्तुत करने के लिएए तैयार है। रूस ने कहा है दो जून को इस्तांबुल में वार्ता आयोजित करने के उसके प्रस्ताव पर यूक्रेन की प्रतिक्रिया फिलहाल नहीं मिली है।

## भारतीय विद्यार्थियों को आकर्षित कर रहे रूसी विश्वविद्यालय

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विश्वविद्यालयों में विदेशी विद्यार्थियों के प्रवेश पर अंकुश लगाने के ट्रम्प प्रशासन के प्रयास में रूसी विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षा संस्थानों को नया अवसर दिख रहा है और वे भारतीय छात्र-छात्राओं को अपनी तरफ आकर्षित करने के अभियान में लगे हैं।

रूसी विश्वविद्यालयों तथा उच्च शिक्षा संस्थान प्रमुख भारतीय शहरों में विशेष सम्पर्क कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। रूसी संस्थान इस अभियान में अन्य बातों के साथ बता रहे हैं कि उनके यहां विशेष रूप से चिकित्सा (मेडिकल) शिक्षा का खर्च तुलनात्मक रूप से कम है और इस लिएए रूस भारतीय विद्यार्थियों के लिएए चिकित्सा विज्ञान की पढ़ाई का पसंदीदा स्थान बन गया है। इसी तरह के एक अभियान में शनिवार को यहां रूसी हाउस में आयोजित शिक्षा-मेले सैकड़ों

**■ पिछले साल करीब 40000 भारतीय छात्र रूस में आए जिसे हम अपनी उपलब्धि मानते हैं**

**■ ये सहयोग न केवल शैक्षिक आदान-प्रदान हैं बल्कि हमारे देशों के बीच गहरी दोस्ती का प्रतीक भी है**

विद्यार्थी और अभिभावक आए थे। मेले में रूस के प्रमुख मेडिकल विश्वविद्यालयों ऑरेनबर्ग स्टेट मेडिकल विश्वविद्यालय, पर्म स्टेट मेडिकल विश्वविद्यालय, बीबी गोरोडोविकोव कलमीक स्टेट विश्वविद्यालय , प्सकोव स्टेट विश्वविद्यालय और मारी स्टेट विश्वविद्यालय सहित कई प्रमुख रूसी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने उनके साथ संवाद किया। इस वर्ष रूसी शिक्षा मेला भारत के सात शहरों-मुंबई, त्रिवेंद्रम, कोलकाता, नई दिल्ली, पटना, अहमदाबाद, इंदौर, चंडीगढ़ और जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। दिल्ली में आज आयोजित कार्यक्रम में इन विश्वविद्यालयों ने अपने यहां प्रवेश प्रक्रिया, शैक्षणिक कार्यक्रमों, बुनियादी ढांचे, छात्रावास सुविधाओं और रूस में जीवन के बारे में जानकारी दी और इससे संबंधित प्रश्नों का समाधान किया। मेले मे मौजूद मारी स्टेट विश्वविद्यालय की कुलपति पेट्रोवा इरीना ने कहा कि हम भारतीय छात्रों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के साथ विश्व के अन्य देशों की तुलना में मेडिकल संबंधी उच्च शिक्षा को किफायती रूप में उपलब्ध कराते हैं। पिछले साल करीब 40000 भारतीय छात्र रूस में आए जिसे हम अपनी उपलब्धि मानते हैं। इस अवसर पर रूसी हाउस की निदेशक डॉ. एलेना रेमीज़ोवा ने कहा कि शिक्षा भारत-रूस सहयोग के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक है। रूसी शिक्षा मेले जैसी पहलों के माध्यम से हमारा लक्ष्य भारतीय छात्रों को रूस में विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों तक पहुंच प्रदान करना है। ये सहयोग न केवल शैक्षिक आदान-प्रदान हैं बल्कि हमारे देशों के बीच गहरी दोस्ती का प्रतीक भी हैं। अमेरिकी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में 2023-24 में 3.31 लाख छात्र-छात्राएं पढ़ रहे थे और वहां के लिएए भारत विदेशी विद्यार्थियों का सबसे बड़ा स्रोत था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने राजनीतिक निर्णयों के तहत आमेरिका में आव्रजन के नियम सख्त करने के साथ अमेरिकी विश्वविद्यालयों की विदेशी विद्यार्थियों को प्रवेश देने की क्षमता पर नियामकीय और वित्तीय अंकुश लगाने शुरू कर दिए हैं।

## पश्चिमी सूडान में ड्रोन हमले में छह की मौत, 15 घायल

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान में उत्तरी कोर्डोफन प्रांत की राजधानी एल-ओबेद में एक अस्पताल को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमले में कम से कम छह लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। स्वयंसेवी समूह इमरजेंसी लॉयर्स इनिशिएटिव ने एक बयान में कहा कि अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) द्वारा शुक्रवार सुबह ड्रोन से एल-ओबेद इंटरनेशनल अस्पताल पर हमला किया।हमले में छह लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए, जिनमें मरीज, उनके साथी और चिकित्सा कर्मचारी शामिल हैं। समूह ने कहा कि हमले से अस्पताल को काफी नुकसान पहुंचा है, जिससे उसे चिकित्सा सेवाएं रोकनी पड़ी हैं। समूह ने कहा कि ड्रोन हमला उत्तरी कोर्डोफन राज्य के बारा शहर पर आरएसएफ बलों द्वारा की गई।

## नाइजीरिया में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 100 हुई

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य नाइजर राज्य में भारी बारिश के कारण आई विनाशकारी बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 100 हो गई है।

राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनईएमए के वरिष्ठ अधिकारियों ने संवाद एजेंसी शिन्हुआ को टेलीफोन पर बताया कि आपदा वाले मोक्वा क्षेत्र का जायजा लेने गए अधिकारियों ने कल दोपहर और शव बरामद किए गए। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि फिलहाल कम से कम 100 शव बरामद किए गए हैं। गौरतलब है कि अधिकारियों ने गुरुवार को संवाददाताओं को बताया था कि बुधवार देर रात भारी बारिश ने मोक्वा में तबाही मचा दी जिससे 50 से अधिक मकान जलमग्न हो गए या बह गए। इन मकानों में लोग रह रहे थे। इस सप्ताह की शुरुआत में मौसम विज्ञान एजेंसी ने नाइजर सहित देश के मध्य क्षेत्र में आंधी और भारी बारिश की चेतावनी जारी की थी। अगले 48 घंटों में और अधिक बारिश होने का अनुमान है। दक्षिणी क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर भी भारी बारिश के आसार हैं। एनईएमए ने बताया कि देश भर में बाढ़ के प्रकोप से बचने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इस बीच बाढ़ की तैयारियों पर एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान के दौरान एनईएमए की महानिदेशक जुबैदा उमर ने सरकार से जुड़े हर विभाग और संस्था से नदी क्षेत्रों में जल निकासी प्रणालिएयों, बांध और बाढ़-रोधी बुनियादी ढाँचे में निवेश करने का आग्रह किया।



**■ अगले 48 घंटों में और अधिक बारिश होने का अनुमान**



# फिल्म सावी मेरे लिए हमेशा खास रहेगी: दिव्या खोसला



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला की फिल्म सावी के प्रदर्शन के एक साल पूरे हो गए हैं। दिव्या खोसला ने फिल्म सावी में मुख्य भूमिका निभाई थी और यह फिल्म उनके ऑन-स्क्रीन ट्रांसफॉर्मेशन की एक मजबूत मिसाल बन गई। आज इस फिल्म की रिलीज को एक साल पूरा हो गया है और दिव्या इस प्रोजेक्ट का जश्न मनाने को लेकर उत्साहित हैं। अभिनय देव के निर्देशन में बनी फिल्म सावी में दिव्या ने एक ऐसी गृहिणी की भूमिका निभाई जो अपने पति पर लगे झूठे हत्या के आरोप के खिलाफ हार नहीं मानती।

फिल्म सावी के एक साल पूरे होने पर दिव्या खोसला ने कहा, सावी मेरे दिल के बेहद करीब है और हमेशा खास रहेगी। ऐसा लग रहा है जैसे कल ही हम हर्षवर्धन राणे, अनिल कपूर और हमारे निर्देशक अभिनय देव के साथ शूट कर रहे थे। सावी का किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मुझे पता था कि मुझे यह रोल करना है और एक पत्नी के उग्र रूप को सामने लाना है जो अपने पति के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

दिव्या खोसला ने कहा, मेरे लिए इससे बड़ी मान्यता कोई नहीं हो सकती थी कि मैंने ऐसा किरदार चुना जो दर्शकों से जुड़ गया और फिल्म की व्यावसायिक सफलता में योगदान दिया। मुझे खुशी है कि मैंने यह प्रोजेक्ट किया। दिव्या खोसला अब निर्देशक प्रेरणा अरोड़ा के साथ एक नए प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। फिलहाल इसका नाम सामने नहीं आया है, लेकिन दोनों की यह साझेदारी दर्शकों में उत्सुकता जगा रही है। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी जानका. रियां अभी सामने आनी बाकी हैं और आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

# कार्तिक आर्यन के इन फ्लाइट वीडियो पर विद्या ने ली चुटकी




कार्तिक आर्यन के इन-फ्लाइट वीडियो पर विद्या बालन ने की मज़ेदार प्रतिक्रिया

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने अभिनेता कार्तिक आर्यन के इन-फ्लाइट वीडियो पर मजेदार प्रतिक्रिया दी है। कार्तिक आर्यनन ने हाल ही में एक फ्लाइट से मज़ेदार वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें वह एक एयर होस्टेस से मिलते हैं जो हर तरह से उन्हें विद्या बालन की याद दिला देती हैं।

नाम से लेकर आवाज़ और ज़बरदस्त हंसी तक। मौके का फायदा उठाते हुए कार्तिक कैमरे की ओर देखकर मज़ाक में कहते हैं, हाय विद्या, बहुत दिनों बाद यह कार्तिक है और एयर होस्टेस भी उसी अंदाज़ में जवाब देती हैं, हाय विद्या यह विद्या है, लेकिन असली बाज़ी विद्या बालन ने अपनी शानदार प्रतिक्रिया से मार ली। उन्होंने कहा कि बचके रहना रूहबाबा, मैं हर जगह मिलूंगी। कार्तिक आर्यन यह एकदम चुटीला, डरावना और मज़ेदार जवाब थो जो फिल्म भूलभुलैया फ्रेंजाइजी से उनकी भूतिया भूमिका मंझुलिका की याद दिला गया। फैन्स इस मज़ेदार नोकझोंक पर फिदा हो गए।

# वरुण की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है का स्कॉटलैंड शैड्यूल पूरा





**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने अपनी आने वाली फिल्म है जवानी तो इश्क होना है का स्कॉटलैंड शैड्यूल पूरा कर लिया है। वरुण धवन इन दिनों अपने पिता डेविड धवन के निर्देशन में बन रही कॉमेडी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है की शूटिंग स्कॉटलैंड में कर रहे थे। इस फिल्म का स्कॉटलैंड शैड्यूल रैप-अप हो चुका है। वरुण धवन ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ एक खास नोट लिखा, स्कॉटलैंड में रुहै जवानी तो इश्क होना है के लिए हमारा शेड्यूल पूरा हो गया है। इतने दिनों से सभी लोग मिलकर इसे पूरा करने में लगे हुए हैं। जल्द ही आप सभी के लिए हंसी लेकर आऊंगा। अब घर वापस आ गया हूं। फिल्म है जवानी तो इश्क होना है 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टिप्स फिल्म्स के बैनर तले रमेश तौरानी इस फिल्म निर्माण कर रहे हैं।इस फिल्म में वरूण धवन के साथ मृणाल ठाकुर, पूजा हेगड़े मनीष पॉल, जिमी शेरगिल, मौनी रॉय, चंकी पांडे, राकेश बेदी और अली असगर भी हैं।

# सैयारा मेरी पसंदीदा प्रेम कहानियों को समर्पित: मोहित

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्देशक मोहित सूरी का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म सैयारा उनकी पसंदीदा प्रेम कहानियों को समर्पित है। यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) द्वारा निर्मित और मोहित सूरी द्वारा निर्देशित सैयारा का टीज़र कल जारी होते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा चुका है। फिल्म सैयारा में अहान पांडे को एक पारंपरिक हीरो के रूप में और अनीत पड्डा (बिग गर्ल्स डोंट क्राइ फेम) को नई वाईआरएफ अभिनेत्री के तौर पर लॉन्च किया जा रहा है। मोहित सूरी ने कहा, आप कई तरह की कहानियां कह सकते हैं और लोगों को भावनात्मक यात्राओं पर ले जा सकते हैं, लेकिन रोमांस एक खास जॉनर है।

सैयारा मेरी उन प्रेम कहानियों को समर्पित है जिन्हें मैं खुद बेहद पसंद करता हूं, जिनसे मेरा जीवन कभी न कभी टकराया है। मैंने कई लोगों की असाधारण प्रेम कहानियां सुनी हैं, जो मेरे लिए प्रेरणा बनी। मोर्ा. हत सूरी ने कहा, सैयारा के टीज़र को मिली एकमत प्रतिक्रिया देखकर दिल खुश हो गया। मैं अहान और अनीत के लिए बहुत उत्साहित हूं क्योंकि उन्होंने अपने अभिनय से लोगों से तुरंत जुड़ाव बना लिया। यह पल मैं अपनी टीम और वायआरएफ के साथ साझा करना चाहता हूं। आशा है कि जैसे-जैसे हम फिल्म की मार्केटिंग में इसकी अलग-अलग परतें खोलते जाएंगे, लोग उससे उतना ही जुड़ते जाएंगे। वाईआरएफ के सीईओ और निर्माता अक्षय विधानी ने कहा,रोमांस यशराज फिल्म्स की पहचान रहा है। सैयारा के माध्यम से हम प्रेम के उस पक्ष को एक्सप्लोर कर रहे हैं जो गहराई से भावुक, पर साथ ही उत्साहवर्धक भी है। दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरना हमारे लिए बेहद ज़रूरी था, खासकर तब जब हम रोमांटिक शैली में वापसी कर रहे हैं। मोहित सूरी जैसे निर्देशक के साथ काम करने का मौका पाकर हम बेहद खुश थे। उनकी संवेदनशीलता और समझ इस कहानी को एक नई ऊंचाई पर ले गई। हमें खुशी है कि दर्शकों ने इसे इतनी गर्मजोशी से स्वीकारा। सैयारा इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए हम दो प्रतिभाशाली नए कलाकारों अहान पांडे और अनीत पड्डा को लॉन्च कर रहे हैं। हमारा सपना था कि इन दोनों को एक ऐसी प्रेम कहानी में लॉन्च करें जो लंबे समय तक लोगों के दिल में रहे। फिल्म सैयारा 18 जुलाई, 2025 को दुनियाभर में रिलीज़ होगी।

# मुकेश के कहने पर अनिल विश्वास ने गाना छोड़ दिया

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा जगत के दिग्गज संगीतकार और गायक अनिल विश्वास ने पार्श्वगायक मुकेश के कहने पर गाना छोड़ दिया था। पार्श्वगायक मुकेश के रिश्तेदार मोतीलाल के कहने पर अनिल विश्वास ने मुकेश को अपनी एक फिल्म में गाने का अवसर दिया था, लेकिन उन्हें मुकेश की आवाज पसंद नहीं आई। बाद में उन्होंने यह वह गाना अपनी आवाज में गाकर दिखाया। इस पर मुकेश ने अनिल से कहा, दादा बताइए कि आपके जैसा गाना भला कौन गा सकता है यदि आप ही गाते रहेंगे तो भला हम जैसे लोगों को कैसे अवसर मिलेगा। मुक. ेश की इस बात ने अनिल को सोचने के लिए मजबूर कर दिया और उन्हें रातभर नींद नहीं आई। अगले दिन उन्होंने अपनी फिल्म पहली नजर में मुकेश को बतौर पार्श्वगायक चुन लिया और निश्चय किया कि वह फिर कभी व्यावसायिक तौर पर पार्श्वगायन नहीं करेंगे। अनिल विश्वास का जन्म सात जुलाई 1914 को पूर्वी बंगाल के वारिसाल अब बांग्लादेश में हुआ था। बचपन से ही उनका रूझान गीत संगीत की ओर था। महज 14 वर्ष की उम्र से ही उन्होंने संगीत समारोह में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था जहां वह तबला बजाया करते थे। वर्ष 1930 में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम अपने चरम पर था। देश को स्वतंत्र कराने के लिए छिड़ी मुहिम में अनिल भी कूद पड़े। इसके लिए उन्होंने अपनी कविताओं का सहारा लिया। कविताओं के माध्यम से अनिल देशवासियों मे जागृति पैदा किया करते थे। इसके कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा। अनिल वर्ष 1930 में कलकत्ता के रंगमहल थिएटर से जुड़ गए जहां वह बतौर अभिनेता,पार्श्वगायक और सहायक संगीत निर्देशक काम करते थे। वर्ष 1932 से 1934 अनिल थिएटर से जुड़े रहे। उन्होंने कई नाटकों में अभिनय और पार्श्वगायन किया। रंगमहल थिएटर के साथ ही अनिल हिदुस्तान रिकॉर्डिंग कंपनी से भी जुड़े। वर्ष 1935 में अपने सपनों को नया रूप देने के लिए वह कलकत्ता से मुंबई आ गए। वर्ष 1935 में प्रदर्शित फिल्म धरम की देवी से बतौर संगीत निर्देशक अनिल ने अपने सिने करियर की शुरुआत की। साथ ही फिल्म में उन्होंने अभिनय भी किया। वर्ष 1937 में महबूब खान निर्मित फिल्म जागीरदार अनिल के सिने करियर की अहम फिल्म साबित हुई।

# 20 जून को जी-5 पर रिलीज होगी दिलजीत दोसांझ की फिल्म






**मुंबई।** पंजाबी फिल्मों के सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ की फिल्म डिटेक्टिव शेरदिल 20 जून को जी5 पर रिलीज होगी। फिल्म डिटेक्टिव शेरदिल में दिलजीत दोसांझ एक अजीबोगरीब जासूस की भूमिका में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की शूटिंग बुडापेस्ट में हुई है और इसका निर्देशन रवि छाबड़िया ने किया है, जो बतौर निर्देशक उनकी पहली फिल्म है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ के साथ डायना पेंटी, बोमन ईरानी, चंकी पांडे, रत्ना पाठक शाह, बनिता संधू और सुमीत व्यास जैसे शानदार कलाकार नजर आएंगे।

फिल्म की कहानी को अली अब्बास जफर, सागर बाजाज और रवि छाबड़िया ने लिखा है। इस फिल्म का निर्माण अली अब्बास जफर ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी के बैनर तले किया है। अली इसके पहले फिल्म दिलजीत को लेकर फिल्म जोगी भी बना चुके हैं। अली अब्बास जफर ने कहा, दिलजीत के साथ जोगी में काम करने के बाद मुझे यकीन था कि हमें फिर साथ काम करना चाहिए। वह एक शानदार कलाकार हैं। यह फिल्म आपको हंसाएगी और रहस्य से भरपूर रखेगी। सह-निर्मााता हिमांशु मेहरा ने भी दिलजीत की तारीफ करते हुए कहा, कम ही कलाकार हास्य और सस्पेंस दोनों को इतनी आसानी से निभा पाते हैं। दिलजीत उनमें से एक हैं। यह फिल्म परिवार के साथ देखने के लिए शानदार है।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor